* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 14

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

एआइएमआइएम उम्मीदवार को भाजपा पैसा देती है : राहुल









# धनबाद में 14 साल बाद अभूतपूर्व बंद, 500 करोड़ का हुआ नुकसान

- कारोबिरियों पर हमला और रंगदारी मांगने के विरोध में व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों को रखा बंद
- डीसी और एसपी से वार्ता के बाद आंदोलन वापस, आज से खुलेंगे प्रतिष्ठान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** कोयलांचल धनबाद के व्यापारियों से आये दिन फिरौती मांगी जाती है। फिरौती में देर करने या नहीं देने पर गोली मार कर हत्या कर दी जाती है। बढ़ते अपराध को देखते हुए धनबाद के व्यापारी संघ के आह्वान पर करवा चौथ पर, व्यवसायिकों ने अपने- अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। लोगों का कहना है कि 14 साल बाद ऐसी अभूतपूर्व बंदी देखी गयी। इससे पांच सौ करोड़ का कारोबार ठप रहा। धनबाद के व्यापारी विकास अग्रवाल ने कहा कि फिरौती मांगनेवाले प्रिंस खान गिरोह का प्रभाव इन दिनों काफी बढ़ गया है। विगत कुछ माह में गिरोह के लोग सिर्फ समय पूछते हैं, और समय से लेट होते ही मार देते हैं। इस तरह का क्राइम तो फिल्मों में देखने को मिलता था। इसी अंदाज में धनबाद में भी यह गिरोह काम कर रहा है। अब तक कई व्यापारियों को टारगेट में लेकर गिरोह ने गोली मारी है। सलूजा मोटर्स में घटी घटना इस बात की गवाह है। वहां हुई फायरिंग सिर्फ डराने के लिए थी। उसके बाद निर्धारित समय पर पैसा नहीं दिये जाने के कुछ ही समय अंतराल में व्यापारी को मार दिया जाता है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने इस पर आपत्ति जताते हुए बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर विरोध जताया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि धनबाद में बढ़ते अपराध से सरकार बेखौफ है। इसे लेकर डीजीपी को अवगत कराया जा चुका है। अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। 100 करोड़ का जीएसटी प्रत्येक दिन देनेवाला व्यापारी डरा हुआ है। सबसे अधिक टैक्स देनेवाले धनबाद के व्यापारी अपना व्यापार छोड़ घर में बैठे हुए हैं। राज्य की छवि गंदी होगी, तो बाहर से निवेश करने वाले कम हो जायेंगे। इसलिए सरकार उस गिरोह को समाप्त कर छवि को दुरुस्त कर सकती है। चैंबर्स ने डीजीपी से मिलने का निर्णय लिया है, इसके बाद चैंबर का एक प्रतिनिधिमंडल अगले दो दिनों में धनबाद जायेगा। मौके पर आरके चौधरी प्रो मोटर्स पीआरओ, ज्योति कुमारी कोषाध्यक्ष एफजेसीसीआइ, रोहित पोद्दार, विकास विजयवर्गीय सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे। उधर, देर शाम चेंबर के सदस्यों की डीसी और एसपी के साथ बैठक हुई। आश्वासन के बाद उन्होंने गुरुवार से हड़ात बंद करने की घोषणा की।

# गढ़वा : पुलिस और ग्रामीणों में झड़प, पथराव, फायरिंग

**मजिस्ट्रेट सहित 11 जवान जख्मी**

**कोर्ट के आदेश पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में दखल दिहानी कराने पहुंची थी पुलिस**



**क्या है मामला**

जानकारी के अनुसार वादी प्रेमनाथ उरांव व हरिहर उरांव सहित अन्य के साथ वर्ष 1996 से भूमि विवाद चल रहा था। जिसके बाद प्रेमनाथ उरांव को कोर्ट के द्वारा जायज ठहराते हुए डिग्री दे दी गयी। साथ ही अनुमंडल दंडाधिकारी अजय कुमार तिर्की को भूमि पर कब्जा दिलाने का आदेश दिया गया था। जिसके बाद दंडाधिकारी अपने दलबल के साथ पहुंचे थे।



प्रतिवादी हरिहर उरांव, सुरेश उरांव, संजय उरांव, लालदेव उरांव, रामेश्वर उरांव, राजमोहन उरांव, छोटू उरांव, राममोहन उरांव, राजेश्वर उरांव एवं केश्वर उरांव आदि द्वारा विवाद खड़ा करते हुए पुलिस के साथ झड़प शुरू कर दी और स्थिति गंभीर हो गयी।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र के बहियार गांव में दखल दिहानी के लिए गयी पुलिस और ग्रामीणों के बीच बुधवार को झड़प हो गयी। ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव करना शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने भी लाठीचार्ज करते हुए आत्मरक्षा में चार राउंड फायरिंग की। इस झड़प में मजिस्ट्रेट सहित 11 जवान जख्मी हो गये, जिसमें चार पुलिस के जवान को गंभीर चोट लगी है। चारों को तत्काल रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां दो जवानों की गंभीर स्थिति को देखते प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद दंडाधिकारी अजय कुमार तिर्की ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस नंबर 3/22 में डिग्री धारी प्रेमनाथ उरांव को जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए पहुंचे थे। जमीन मापी के क्रम में प्रतिवादी द्वारा खुटा गड़ी नहीं करने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। काफी समझाने के बाद भी वे लोग नहीं माने। साथ ही भूमि नापी करने आये कर्मियों अचानक हमला कर दिया। घायलों में दंडाधिकारी अजय कुमार तिर्की, अनुमंडल पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, नगर ऊंटरी थाना प्रभारी विकास कुमार, कोर्ट नाजीर रवि किशोर सिंह, सहायक आरक्षी विकेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रमाकांत यादव, सहायक अवर निरीक्षक अरुण कुमार रजक, पुलिस जवान नरेंद्र कुमार, संजय हेब्रम, विजेंद्र कुमार सिंह, रामदेव उरांव का शामिल हैं। घटना के बाद किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए बहियार खुर्द घटनास्थल पर महिला पुलिस के साथ जवान को तैनात कर दिया गया है। साथ ही पुलिस पर हमला करने वाले एक हमलावर कुलदीप उरांव को हिरासत में ले लिया है।




## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जियाडा की हुई बैठक

# जियाडा के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को मंजूरी

**बैठक में 13 प्रस्तावों को दी गयी मंजूरी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (जियाडा) के निदेशक मंडल की बारहवीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त विभाग-सह-निदेशक जियाडा अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे के अलावा अन्य अधिकारी मौजू थे। बैठक में झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की स्वीकृति, सिल्क पार्क इरबा में बुनकर सेवा केंद्र में भारत सरकार को अस्थायी कार्यालय के लिए जगह देने, आदित्यपुर प्रक्षेत्र में संविदा पर नियुक्त 12 कर्मचारियों की वेतन बढ़ोत्तरी और जियाडा के चारों प्रक्षेत्रों में फैसिलिटी मैनेजमेंट प्लान तैयार करने के लिए परामर्शी की नियुक्ति समेत 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

### आज नियुक्ति पत्र सौंपेंगे सीएम

रांची (आजाद सिपाही)। हेमंत सरकार लगातार युवाओं को नौकरी दे रही है। सरकारी और निजी क्षेत्र में राज्य के युवाओं को नौकरियां मिल रही है। इसी क्रम को बढ़ाते हुए राज्य में 66 नये पशु चिकित्सक नियुक्त किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को इन्हें नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

### इन प्रस्तावों पर मिली स्वीकृति

आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के सातवें चरण के समीप आइटी उद्यम के लिए आरक्षित 2.89 एकड़ भूमि को शैक्षणिक संस्थान एवं व्यावसायिक इकाइयों के लिए आरक्षित करने की भूतलक्षी प्रभाव से स्वीकृति दी गयी। इसके अलावा 13 अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली।

अंजानिया इस्पात लिमिटेड को पूर्व में आवंटित भूखंड के बदले में अन्यत्र भूखंड का दखल कब्जा देने की स्वीकृति।

जियाडा के आदित्यपुर प्रक्षेत्र अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम के मौजा-रोवाम, मुगार्गुटू एवं तेतुलडांगा में अवस्थित औद्योगिक इकाइयों के लिए बिजली आपूर्ति करने के लिए सब-स्टेशन बनाने की मंजूरी।

रांची के होटवार स्थित ओरियेंट क्राफ्ट के द्वारा 18.00 एकड़ भूमि प्रत्यर्पित करने के बाद राजस्व मद में बकाया एवं अन्य राशि के समायोजन के उपरांत जमा आधिक्य राशि 9.87 करोड़ इकाई को वापस करने के प्रस्ताव का संलेख कैबिनेट की बैठक में लाने का निर्देश।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार के संकल्प के आलोक में प्राधिकार के कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की मंजूरी।

जियाडा अंतर्गत विभिन्न प्रक्षेत्रों में आकस्मिक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के रख-रखाव के लिए क्षेत्रीय निदेशक द्वारा व्यय की जानेवाली राशि से संबंधित वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजित के एसओपी की घटनोत्तर मंजूरी।

जियाडा, संथाल परगना प्रक्षेत्र अंतर्गत दुमका जिला के जामा अंचल के खिजुरी मौजा में हस्तांतरित 2.86 एकड़ भूमि राइस मिल की स्थापना के लिए आरक्षित करने की स्वीकृति।

जियाडा अंतर्गत राची प्रक्षेत्र, आदित्यपुर प्रक्षेत्र एवं संथाल परगना प्रक्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना निर्माण हेतु पथ निर्माण विभाग द्वारा तैयार डीपीआर पर प्रशासनिक स्वीकृति।

जियाडा मुख्यालय एवं चारों प्रक्षेत्रों यथा-रांची, आदित्यपुर, बोकारो एवं संथाल परगना का वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक का आंतरिक अंकेक्षित प्रतिवेदन अनुमोदित किया गया।







## भारत-बांग्लादेश के बीच तीन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन

# नौ साल में जितना काम किया, वह कई दशकों में नहीं हुआ: मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को तीन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का वर्चुअली उद्घाटन किया। इसमें भारत-बांग्लादेश को जोड़ने वाली दो रेल परियोजनाएं अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक और मोंगला पोर्ट रेल लाइन और एक मेगा पावर प्लांट- मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-2 शामिल है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अखौरा-अगरतला रेल लिंक भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों और बांग्लादेश के बीच पहला रेल लिंक है। इसका उद्घाटन एक ऐतिहासिक पल है। पिछले नौ सालों में हमने मिल कर जितना काम किया है, वह कई दशकों में भी नहीं हुआ था। वहीं, शेख हसीना ने कहा कि भारत-बांग्लादेश के बीच तीनों प्रोजेक्ट्स का जॉइंट इनॉगरेशन हमारी पक्की दोस्ती और सहयोग को दिखाता है। शेख हसीना ने दोनों देशों के बीच दोस्ती को मजबूत करने को लेकर भारत के पीएम मोदी के कमिटमेंट की सराहना की।



### प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां शुरू

रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर झारखंड स्थापना दिवस और जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर रांची आयेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही उनके रोड शो पर चर्चा हुई है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,800 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# पीएम मोदी के दौरे से झारखंड भाजपा को मिलेगी संजीवनी!

## ■ झारखंड से देश भर के आदिवासियों को साधेंगे मोदी

## ■ कोल्हान को लेकर निकलेगी कोई राह, संथाल भेदने की होगी तैयारी

**आजाद सिपाही विशेष**

**तीन साल पहले जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासियों के सबसे आदरणीय भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, यानी 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की थी, इसे राजनीतिक चाल बताया गया था। लेकिन पिछले तीन साल से पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत में आदिवासियों के प्रति जितना सम्मान और प्रेम का इजहार हुआ है, पहले कभी नहीं हुआ। अपने इसी सम्मान और प्रेम की भावना का एक बार फिर इजहार करने पीएम मोदी ने इस बार का जनजाति गौरव दिवस उसी महापुरुष की जन्मस्थली में मनाने का फैसला किया है, जिनकी जयंती को यह विशिष्ट दिन मनाया जाता है। पीएम मोदी 15 नवंबर को झारखंड की यात्रा पर आ रहे हैं। संयोग से इसी दिन झारखंड का स्थापना दिवस भी है। यह पहली बार होगा कि प्रधानमंत्री झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर राज्य में रहेंगे। स्वाभाविक है कि उनकी इस यात्रा का राजनीतिक मतलब भी निकाला जायेगा, लेकिन इस यात्रा का मकसद केवल राजनीतिक नहीं है, बल्कि यह आदिवासियों में एक विश्वास पैदा करने की कोशिश भी है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि पीएम मोदी अपनी इस यात्रा से देश भर के आदिवासियों को साधेंगे, लेकिन इसके साथ यह भी सच है कि एक आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने का रास्ता बनाने के बाद पीएम मोदी अब इस उपेक्षित समाज को नयी दिशा दिखाने की गंभीर कोशिश कर रहे हैं। क्या है पीएम मोदी की झारखंड यात्रा का उद्देश्य और क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड की राजनीति अभी कई उतार चढ़ाव-देखनेवाली है। यहां का राजनीतिक माहौल गरम हो रहा है। 15 नवंबर से लेकर 31 दिसंबर तक झारखंड में बहुत कुछ देखने को मिल सकता है। राजनीति में रुचि रखने वालों की उम्मीद और अंदेशा वाली चेतना हिलोरें मार रही है। विपक्ष का सरकार के प्रति रुख आक्रामक हो चुका है। राज्य सरकार भी आकर्षक योजनाओं की भरमार ला रही है। ऐसा लग रहा है कि झारखंड की राजनीति में कुछ बड़ा होनेवाला है। और इस दौरान पीएम का झारखंड दौरा बहुत कुछ कहता है। भाजपा बाबूलाल के नेतृत्व में मजबूत दिखाई पड़ रही है। वह जमीन पर दिखाई दे रही है। ऐसे में मोदी का आना झारखंड भाजपा के लिए संजीवनी का काम करेगा। अभी हाल ही में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी आये थे। उन्होंने झारखंड की मौजूदा राजनीति को लेकर ट्रेलर दिखाया है। कहीं पीएम मोदी का दौरा पूरी फिल्म की कहानी न बयान कर दे। इस लगातार गरम होते राजनीतिक माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से झारखंड की धरती को नमन करने आ रहे हैं। उनका आगमन 15 नवंबर को होगा, जब झारखंड 23 साल का हो जायेगा। यह पहली बार होगा कि कोई प्रधानमंत्री झारखंड की धरती से इस गरीब प्रदेश को हैप्पी बर्थडे कहेगा।

दुनिया जानती है कि पिछले 23 सालों में झारखंड ने बहुत कुछ देखा-समझा है। स्थिर और अस्थिर सरकारों का दौर भी देखा है। उससे होनेवाले नफा-नुकसान को भी बखूबी परखा है। भ्रष्टाचार के साथ-साथ नक्सली गतिविधियों का दंश भी झेला है। झारखंड के लोग बहुत मिलनसार होते हैं। लेकिन यहां की राजनीति ने उनमें कई बार फूट डालने का भी प्रयास किया है। कभी खतियान के नाम पर, तो कभी आरक्षण के नाम पर। लेकिन यह सब राजनीति का एक हिस्सा है, जो भारत जैसे देश में आम है। जब बिहार से झारखंड अलग हुआ, तो लोगों में यही मैसेज गया कि झारखंड बहुत अमीर प्रदेश है, क्योंकि झारखंड के पास प्राकृतिक संपदा की भरमार है। इस संपदा के दम पर झारखंड भारत का सबसे सफल राज्य बन सकता था। लेकिन सच्चाई यही है कि न तो झारखंड की संपदा का इस्तेमाल राज्य के लिए ही सही तरीके हो सका और न ही यहां सही मायनों में विकास हो पाया। लिहाजा झारखंड को गरीब प्रदेश की श्रेणी में गिना जाने लगा। आज भी झारखंड के ग्रामीण इलाकों में लोग स्वच्छ पानी के लिए मोहताज हैं। सिंचाई के लिए भी राज्य के किसान अपनी किस्मत और आसमान में उमड़ते बादल पर ही निर्भर हैं। झारखंड अपने आंदोलन और वीरता के लिए जाना जाता है। उलगुलान के लिए जाना जाता है। भगवान बिरसा के उलगुलान को कौन भूल सकता है।



15 नवंबर को भगवान बिरसा की जयंती है, जिसे जनजाति गौरव दिवस के रूप में भी मनाया जाता। यह फैसला मोदी सरकार द्वारा भारतीय इतिहास और संस्कृति में अनुसूचित जनजातियों के योगदान का सम्मान करने के लिए किया गया था। पीएम मोदी का झारखंड से खासा लगाव है। उन्होंने जनहित की कई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ झारखंड की धरती से किया है, जिसमें क्रांतिकारी योजना आयुष्मान भारत भी शामिल है। अब पीएम मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत झारखंड से करने जा रहे हैं।

इस यात्रा की शुरुआत 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती के मौके पर खूंटी के उलिहातू से होगी। यह यात्रा 25 जनवरी 2024 तक चलेगी। पीएम का यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इस दिन आदिवासी समाज को और झारखंड को कई योजनाओं का लाभ मिलने का वादा मिल सकता है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में ढाई हजार से अधिक आइइसी वैन के साथ 14 हजार से ज्यादा स्थानों पर ढाई लाख ग्राम पंचायतों और 37 सौ शहरी स्थानीय निकाय को कवर करेगी। इस यात्रा का मकसद अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत कहानियों, अनुभवों, नुक्कड़-नाटकों के जरिये केंद्र सरकार की योजनाओं और इसके लाभों के बारे में बताना है। यात्रा के दौरान लोगों को केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के लाभों के बारे में बताने के लिए क्विज का आयोजन भी किया जायेगा। जानकारी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पीएम आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान, फसल बीमा योजना, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनऔषधि योजना और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं को शामिल किया जायेगा।

राजनीतिक नजरिये से देखा जाये, तो झारखंड एक ऐसा प्रदेश है, जहां से देश भर के आदिवासियों को मैसेज आसानी से दिया जा सकता है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि देश भर के आदिवासी झारखंड को अपना अगुआ मानते हैं। झारखंड का रुख ही देश के आदिवासियों का रुख तय करता है। जनजाति गौरव दिवस के दिन झारखंड आकर पीएम मोदी यही संदेश देने की कोशिश करेंगे कि वह आदिवासियों के सच्चे हितैषी हैं। इसका पूरे देश में एक सकारात्मक संदेश जायेगा।

माना जा रहा है कि इस दिन प्रधानमंत्री मोदी जनजातीय समुदाय के लिए कई योजनाएं भी शुरू कर सकते हैं। लेकिन पीएम मोदी का यह दौरा राजनीतिक रूप से भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चर्चा है कि पीएम की इस यात्रा के दौरान भाजपा कोल्हान विजय का भी हल निकाल सकती है। अगर ऐसा हुआ, तो प्रधानमंत्री का यह दौरा झारखंड के आगामी चुनाव के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है।

---

**राजनीतिक हलचल**

# छत्तीसगढ़ चुनावः राज्य स्थापना के नाम पर भाजपा ने खेला अटल कार्ड

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के मौके पर बीजेपी ने इमोशनल कार्ड चला है। भाजपा ने राज्य के प्रमुख अखबारों में एक विज्ञापन जारी किया है। इस विज्ञापन के जरिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को याद किया गया है। दरअसल इस विज्ञापन के माध्यम से बीजेपी ने एक तीर से दो शिकार करने की कोशिश की है। बीजेपी मतदाताओं के दिमाग में इस फैक्ट को लाना चाहती थी कि राज्य का निर्माण बीजेपी के शासन काल में हुआ है। बीजेपी के प्रयासों से ही यह राज्य बन पाया है। राज्य को बनाने और उसे संवारने दोनों में ही बीजेपी की दिलचस्पी भी है और योगदान भी। राज्य स्थापना पर क्रेडिट लेने के साथ-साथ बीजेपी राज्य में अटल बिहारी बाजपेयी को भी रिकॉल करना चाहती है। छत्तीसगढ़ में अटल जी को पसंद करनेवाले लोग बड़ी संख्या में हैं। यह विज्ञापन उनको कनेक्ट करने में मदद करेगा। इस विज्ञापन का दूसरा मकसद ऊंची जातियों की गोलबंदी भी है। राज्य के शहरी क्षेत्रों में ऊंची जातियों की संख्या चुनाव को प्रभावित करनेवाली है। बीते विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अच्छी संख्या में शहरी सीटें भी मिली थीं। बीजेपी उसी में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है।



### अटल की इमेज को रिकॉल करने की कोशिश

राजनीति के जानकारों का मानना है कि भाजपा अटल बिहारी बाजपेयी की इमेज को रिकॉल करना चाहती है। बीजेपी के पोस्टरों से बाजपेयी जी की तस्वीर तो हट चुकी है, लेकिन इस मामले में लोग अभी भी बाजपेयी जी से कनेक्ट कर ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ के एक बड़े वर्ग में अटल बिहारी बाजपेयी लोकप्रिय नेता रहे हैं। अचानक से अटल जी को याद करने के पीछे कोशिश यही है कि अटल जी की इमेज के साथ उस वर्ग को जोड़ा जाये, जो पिछले चुनाव में बीजेपी से अलग हो गया था। इसमें विशेषकर शहरी मतदाता ही हैं। राज्य के लिए क्रेडिट लेना तो एक प्रमुख मकसद है ही।

### 23 साल का हुआ छत्तीसगढ़

1 नवंबर से छत्तीसगढ़ राज्य 23 बरस का हो गया है। इस बार 24वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत 1 नवंबर, 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई थी। छत्तीसगढ़ देश का 26वां राज्य बना था। छत्तीसगढ़ का निर्माण मध्यप्रदेश के तीन संभाग रायपुर, बिलासपुर और बस्तर के 16 जिलों, 96 तहसीलों और 146 विकास खंडों से किया गया था। उस समय केंद्र में राजग की सरकार थी, जिसके मुखिया अटल बिहारी बाजपेयी थे। इस क्षेत्र की विधानसभा सीटों की संख्या का अनुपात देखते हुए कांग्रेस को मुख्यमंत्री पद मिला था। अजीत जोगी छत्तीसगढ़ राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने थे।

# छत्तीसगढ़ में दिखेगा मोदी, योगी और शाह का जलवा

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों का दौरा जारी है। सभी केंद्रीय नेताओं का आने-जाने का सिलसिला जारी है। सभी प्रचार-प्रसार के साथ ही अपने प्रत्याशियों का समर्थन करने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में बीजेपी के स्टार प्रचारक पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और योगी आदित्यनाथ भी छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। वे सभी 4 नवंबर को प्रदेश के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करेंगे। पीएम मोदी नवंबर महीने में 15 दिनों के भीतर तीन बार छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। वह 2 नवंबर को कांकेर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 7 नवंबर को सरगुजा के दौरे पर रह सकते हैं। इस दौरान पीएम मोदी विश्रामपुर और सूरजपुर में सभा को संबोधित कर सकते हैं। इसके साथ ही वह 14 नवंबर को रायपुर में रोड शो भी कर सकते हैं। 2 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा कांकेर में होनेवाली है, जिसकी तैयारी के लिए भाजपा कार्यालय कमल सदन कांकेर में भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी नितीन नवीन ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान नवीन ने बताया कि 2 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा होनी है, जिसकी तैयारी अच्छे से करनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा के माध्यम से कार्यकर्ताओं मे जोश भरेंगे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए जनता से अपील भी करेंगे। उन्होंने बताया कि इस सभा में कांकेर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, केशकाल, सिहावा, डौंडीलोहारा, धमतरी, बालोद और गुंदरदेही विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

### भाजपा के स्टार प्रचारक कब-कब

पीएम मोदी 2 नवंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। इसके बाद 4 नवंबर को गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी दुर्ग में आमसभा को संबोधित कर सकते हैं। अमित शाह तीन और चार जगहों पर रोड शो के साथ ही सारंगढ़, पलारी और आरंग में आमसभा को संबोधित करेंगे। वहीं योगी आदित्यनाथ भी दो दिनों में अलग-अलग विधानसभाओं को संबोधित करेंगे।



# मणिपुर हिंसाः मैतेई-कुकी लोगों को साथ बैठ कर सुलझाना चाहिए मुद्दा : राजनाथ सिंह



मणिपुर के मैतेई और कुकी समुदायों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिजोरम के टिपा में खुल कर बोला है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पिछले नौ वर्षों में पूर्वोत्तर शांत रहा है। हालांकि हमने मणिपुर में हिंसा देखी है, जो बेहद दर्दनाक है। साथ ही उन्होंने कहा, हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। दोनों समुदायों को एक साथ बैठ कर मुद्दों को सुलझाना चाहिए। इसमें दिल से दिल की बातचीत जरूरी है। पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मणिपुर में दोनों समुदायों को स्थिति में सुधार के लिए एक-दूसरे से बात करनी चाहिए।

जब मणिपुर में स्थिति बिगड़ रही थी, तब कांग्रेस ने इस पर राजनीति करने की पूरी कोशिश की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा, जब मणिपुर में स्थिति बिगड़ रही थी, तब कांग्रेस ने इस पर राजनीति करने की पूरी कोशिश की। मिजोरम और पूर्वोत्तर समेत पूरे देश को कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति से दूर रखने की जरूरत है। उन्होंने चुनावी रैली में कहा, अगर राज्य में भाजपा सत्ता में आती है तो मिजोरम को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जायेगा। रक्षा मंत्री ने कहा, नरेंद्र मोदी सरकार का मानना है कि जब तक पूर्वोत्तर वास्तव में विकसित नहीं होगा, तब तक भारत का सपना पूरा नहीं होगा। बता दें मणिपुर में बीते महीनों में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष देखा गया। 3 मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 180 से अधिक लोगों की जान चली गयी है। मैतेई समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने



की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था। मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नागा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.2 °c | 17.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.20 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.54 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 02 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in




# झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर पुलिस अलर्ट

## सीसीटीवी से होगी निगरानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आदिवासी बहुल और नक्सल प्रभावित राज्यों झारखंड और छत्तीसगढ़ में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गयी है। ऐसा छत्तीसगढ़ में होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर किया गया है। दोनों राज्य मिल कर एक साथ नक्सलियों के खिलाफ जॉइंट अभियान भी चला रहे हैं, ताकि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में नक्सली बाधक न बनें।

छत्तीसगढ़ में सात नवंबर को पहले चरण का मतदान होगा। ऐसे में झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। झारखंड पुलिस के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर अलर्ट होने के पीछे कई वजहें हैं। दरअसल, झारखंड के सिमडेगा, गुमला, चाईबासा और गढ़वा जैसे जिलों की सीमाएं सीधे छत्तीसगढ़ से जुड़ी हुई हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सली अक्सर खुद को सुरक्षित करने के लिए झारखंड आ जाते हैं और जब झारखंड में दबाव बढ़ता है तब छत्तीसगढ़ की और कूच कर जाते हैं। छत्तीसगढ़ चुनाव में भी नक्सली बड़े बाधक हैं। ऐसे में झारखंड और छत्तीसगढ़ पुलिस के बैठक में तय किया गया था कि दोनों राज्य मिलकर नक्सलियों के खिलाफ मोर्चा लेंगे। लिए गए निर्णय के आधार पर ही झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ के सभी सीमाओं पर पुलिस अलर्ट हो गई है। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा कई निर्देश जारी किए गए हैं। उन्हीं निदेर्शों के आधार पर झारखंड पुलिस, छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही है। सिमडेगा और गुमला से सटे छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर सीसीटीवी कैमरे अस्थाई तौर पर लगाए जा रहे हैं। झारखंड पुलिस की कोशिश है कि छत्तीसगढ़ बॉर्डर की निगरानी पूरी तरह से सीसीटीवी के जरिए की जाए। सीसीटीवी लगाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं । झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर मोबाइल चेक पोस्ट के जरिए पूरे बॉर्डर की निगरानी रखी जा रही है। अधिकांश स्थानों पर स्थाई चेकपोस्ट बना दिया गया है। चेक पोस्ट पर झारखंड और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान पूरी तरह से मुस्तैद हैं। झारखंड छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर नक्सलियों के आवागमन के साथ-साथ अवैध शराब, अवैध हथियार और नशे के दूसरे सामानों के आवाजाही पर पूरी तरह से ब्रेक लगाने के लिए जवानों को कड़ी नजर रखने का निर्देश जारी किया गया है। सिमडेगा और गुमला पुलिस के द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ कोऑर्डिनेशन मीटिंग भी कई बार हो चुकी है। मीटिंग में दोनों तरफ मूव करने वाले नक्सलियों और अपराधियों की सूची भी एक दूसरे को सौंपी गई है, ताकि उन पर नजर रखी जा सके।

झारखंड पुलिस के जवानों को नक्सलियों, अपराधियों और नशे के अलावा पैसे के आवागमन को लेकर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। चुनाव आयोग के द्वारा जारी किए गए निर्देश से अधिक यदि किसी भी वाहन से पैसे बरामद होते हैं तो उसे तुरंत जब्त किया जाए और मामले की जानकारी अधिकारियों को दी जाए। सीमा क्षेत्र में किसी भी वाहन को बिना चेक किए जाने की अनुमति नहीं देने का भी सख्त निर्देश दिया गया है।

# कमलेश सिंह ने वापस लिया हेमंत सरकार से समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हुसैनाबाद से एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने हेमंत सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। कमलेश सिंह ने अपने आवास पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में इसकी घोषणा की। कमलेश सिंह राज्यपाल को समर्थन वापसी का पत्र सौंपने की बात कही। कमलेश सिंह ने कहा कि उन्होंने बड़ी उम्मीदों के साथ सरकार को समर्थन दिया था, लेकिन राज्य सरकार से उन्हें घोर निराशा मिली है। यह सरकार राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है और ना हुसैनाबाद की जनता को दिये हुए आश्वासन पूरे किये। हुसैनाबाद को जिला का दर्जा देने की मांग वह शुरू से करते रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के बार-बार आश्वासन देने के बाद भी यह वादा पूरा नहीं हुआ। हुसैनाबाद जिला बनने की सभी अहर्ताएं पूरी करता है और जिला मुख्यालय से यह 90 किलोमीटर दूर है, जिसके कारण आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कमलेश सिंह ने कहा कि बालू घाटों की बंदोबस्ती करने की मांग भी कई बार की गयी, लेकिन यह भी नहीं किया गया। घाटों की बंदोबस्ती नहीं होने से पीएम आवास योजना के लाभुकों के मकान तक नहीं बन पा रहे हैं। वहीं यहां एसडीपीओ का पद प्रभार में चल रहा है। प्रखंडों में सीओ और बीडीओ की पोस्टिंग नहीं हो रही है, जिसके कारण हुसैनाबाद के लोग परेशान हैं। इसलिए मजबूर होकर समर्थन वापसी का फैसला लिया गया है। बता दें कि इससे पहले कमलेश सिंह ने 31 अक्टूबर तक का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन उन्हें दिये हुए आश्वासन पूरे नहीं हुए। एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि यह सरकार अहंकारी और तानाशाही रवैया अपना रही है और आनेवाले समय में एनसीपी के कार्यकर्ता सरकार की पोल जनता के सामने खोलेंगे।


OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(An undertaking of Jharkhand Govt.)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

Letter No.- CE/3452/965 Date: 28.10.2023

Tender Cancellation Notice

Due to unavoidable circumstances NIT 17/2023-24 dated 13.10.2023 has been cancelled. Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या: GEM/2023/B/4139034

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडी), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा (e-tender) Two Packet System में GEM Portal में कस्टम बिड के रूप में आमंत्रित की जाती है:– (1) कार्य का नाम: धनबाद डिवीजन के टोरी, पतरातू, राजधर, शिवपुर एवं फूलबसिया क्षेत्र के विभिन्न साइडिंग में दो साल की अवधि के लिए Unloadable वैगनो का on Train वेल्डिंग रिपेयरिंग कार्य कराना। (2) संविदा कि अवधि: 2 वर्ष (यानि 24 महीना/730 दिन)। (3) कार्य स्थान: धनबाद डिवीजन के टोरी, पतरातू, राजधर, शिवपुर एवं फूलबसिया क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न साइडिंग। (4) कार्य कि प्रकृति: कांट्रेक्टर को धनबाद डिवीजन के टोरी, पतरातू, राजधर, शिवपुर एवं फूलबसिया क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न साइडिंग में रात–दिन हरेक शिफ्ट में Unloadable वैगनो का वेल्डिंग रिपेयरिंग कार्य कराना है। (5) अनुमानित बोली मूल्य: Rs. 3,26,44,959.24 (रूपया तिन करोड़ छबीस लाख चौआलिस हजार नौ सौ उन्सठ एवं चौबीस पैसा) मात्र। (6) बयाना राशि: Rs. 3,13,300/- (रूपया तिन लाख तेरह हजार तिन सौ) मात्र। (7) निविदा जमा करने का तारीख तथा समय: ई–निविदा जमा करने का तारीख 31/10/2023 से 20/11/2023 को 17:00 बजे तक। (8) निविदा खुलने का तारीख तथा समय: 20/11/2023 को 17:00 बजे। (9) बेब साईट विवरण: http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियता (समाडि)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01527/डीएचएन/एमईसीएच/टी/23–24/40

पूर्व तट रेलवे

सामग्रियों की आपूर्ति

निविदा सं. TP235142, दिनांक - 20.10.2023

सामग्रियों का विवरण : LWR B.G.(1673MM) के लिए RDSO DRG नंबर - T-8822, ALT-2 (प्रत्येक छोर पर 100MM तक स्वीकृत मूवमेंट) के लिए न्यू डिजाइन थिक वेब स्विच एक्सपेंशन ज्वाइंट (TWSEJ), जिसमें ZU-1-60/60E1A1 रेल अनुभाग की मशीनीकृत टॉग (Machined Tongue) रेल शामिल है, रेल अनुभाग और स्टॉक रेल 60KG (UIC) रेल अनुभाग, ई-निविदा बंद होने की तिथि के अनुसार नवीनतम विकल्पों के साथ विस्तारित परीक्षण के संचालन के लिए।

परिमाण : 50 सेट।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 17.11.2023 को 1430 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http:// www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

PR-719/O/23-24 उप-मुख्य अभियंता / भुवनेश्वर


# एक और बड़े हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी को झारखंड तैयार

आजाद सिपाही संवाददात

**रांची।** झारखंड के इतिहास में अभी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक पहली बार अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आगामी जनवरी माह में एक और अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, जिसमें से प्रथम तीन स्थान प्राप्त करनेवाली टीम सीधे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगी। अब इस सप्ताह हॉकी झारखंड के इतिहास में एक नया इतिहास जुड़ने जा रहा है। पहली बार झारखंड में इस सप्ताह 3 नवंबर को हॉकी इंडिया की वार्षिक आमसभा आयोजित की जा रही है, जिसमें पूरे भारत के 28 राज्यों के अध्यक्ष, महासचिव और हॉकी इंडिया के एक्टिव पदाधिकारी सहित कुल 84 हॉकी के प्रशासक भाग लेंगे। यह जानकारी हॉकी झारखंड की ओर से दी गयी है और कहा गया कि बीते 10 सालों में हॉकी झारखंड ने कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं।

# संत जेवियर्स में इंटरनेशनल कांफ्रेंस 20 से 22 जनवरी तक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में इंटरनेशनल कांफ्रेंस 20 से 22 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा। संत जेवियर कॉलेज रांची में एडवांस इन नॉवेल मैटेरियल्स टुवर्ड्स सफ्टेनेवल फ्यूचर विषय पर प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होनेवाला है। सम्मेलन संत जेवियर्स कॉलेज रांची के भौतिकी विभाग एवं कंडेंस्ड मैटर रिसर्च सोसाइटी के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश से भौतिकी और संबंधित विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े प्रख्यात शिक्षाविद उपस्थिति होंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य दुनियाभर के वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं और विद्याविदों को ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां से कंडेंस्ड मैटर भौतिकी से संबंधित समस्त आयामों में आधुनिकतम अनुसंधान का आदान-प्रदान हो सके।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


# आपकी योजना, आपकी सरकार और राज्य स्थापना दिवस की तैयारी जोरों पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 16 नवंबर से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू करनेवाले हैं। पूरे राज्यभर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस बाबत निर्देश दे दिये हैं और अधिकारियों को जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने को कहा है।

इस दौरान अभियान चला कर जाति प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जायेगा। इधर, राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर की तैयारी भी तेज कर दी गयी है। राज्य स्तर पर लगातार बैठकें की जा रही हैं। मोरहाबादी मैदान में मुख्य समारोह करने की तैयारी की जा रही है।

पथ निर्माण विभाग और रांची नगर निगम अंतर्गत सड़कों को चकाचक किया जायेगा। भवनों में भी आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी भवनों में आकर्षक लाइटिंग की जायेगी। सभी स्ट्रीट लाइट को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है।

पर्यटन, कला संस्कृति विभाग भी झारखंड की कला को प्रस्तुत करने की तैयारी कर रहा है। दीवाल लेखन भी किया जायेगा। स्थापना दिवस समारोह पूरे राज्यभर में मनाया जायेगा। इस दिन बड़े पैमाने पर सड़क, पुल सहित अन्य विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया जायेगा।

# बाबूलाल मरांडी का छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश प्रवास आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 2 नवंबर से 10 नवंबर तक छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

मरांडी 2 से 7 नवंबर तक छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होंगे, जबकि 8 से 10 नवंबर तक मध्यप्रदेश में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में उलझनों का निवारण।
- **वृष** — जोखिम भरा काम नहीं करना चाहिए, स्वजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता होगी।
- **मिथुन** — परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा, परिश्रम का पूरा फल मिलेगा।
- **कर्क** — संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता।
- **सिंह** — वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कन्या** — निराशा का समापन, नये लोगों से सम्पर्क,महिला मित्र के माध्यम से लाभ।
- **तुला** — मन को शांति मिलेगी, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा।
- **वृश्चिक** — अवसरों का फायदा उठावें,परिवार में मांगलिक कार्य होगा।
- **धनु** — संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, नवीन व्यापारिक योजना सफल।
- **मकर** — धार्मिक कार्य में रूचि होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।
- **कुंभ** — जमीन-मकान, रोजी-रोजगार में थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।
- **मीन** — राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानांतरण होने की संभव हो सकेगा, घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा।

# हाइकोर्ट के आदेश के बाद भी जारी नहीं हुआ असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति का रिजल्ट

**अवमानना याचिका दाखिल**

आजाद सिपाही संवाददाात

**रांची।** असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति (हो भाषा) प्रक्रिया का रिजल्ट नहीं जारी किये जाने के खिलाफ एक बार फिर झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। दरअसल, इसी वर्ष मई माह में झारखंड हाइकोर्ट की एकल पीठ ने जेपीएससी को यह आदेश दिया था कि असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए लिये गये इंटरव्यू का रिजल्ट 31 जुलाई तक जारी किया जाये।




लेकिन इस आदेश के कई महीने बीत जाने के बाद भी जेपीएससी ने रिजल्ट जारी नहीं किया, जिसके बाद सरस्वती गगराई ने हाइकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है। प्रार्थी ने अपनी याचिका में कहा है कि मार्च 2022 में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए इंटरव्यू लिया गया था, लेकिन इंटरव्यू की प्रक्रिया खत्म होने और हाइकोर्ट द्वारा रिजल्ट जारी करने का आदेश पारित किये जाने के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया। प्रार्थी सरस्वती गगराई की ओर से अधिवक्ता सुभाषिश रसिक सोरेन हाइकोर्ट में पक्ष रखेंगे।

# प्राइवेट नौकरी के नाम पर बेरोजगारों को धोखा दे रहे हैं मुख्यमंत्री : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाात

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने बेरोजगारों को ऑफर लेटर वितरण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज राज्य में लाखों पद खाली हैं। विद्यालयों में शिक्षक नहीं, कॉलेज में प्राध्यापक नहीं, अस्पताल में चिकित्सक नहीं, नर्स नहीं, सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी नहीं, लेकिन मुख्यमंत्री इससे ध्यान भटकाने के लिए



ऑफर लेटर के नाम पर युवाओं को नौकरी देने का नाटक कर रहे। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी नहीं, तो बेरोजगारी भत्ता के बड़े वायदे के साथ सत्ता पर बैठे हेमंत सोरेन जी अब चार साल बीतने पर बेरोजगारी भत्ता से भी कम मासिक राशि पर पत्र वितरण कर रहे।

उन्होंने कहा कि यह कैसा ऑफर लेटर है, जिसमें एक परिवार की दाल रोटी भी नहीं चलायी जा सकती। आखिर ऐसा दिखावा करके सरकार क्या बताना चाहती है। सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा में कितने बेरोजगारों की उम्र निकल गयी। लाखों रुपए खर्च कर हजारों युवकों ने तकनीकी पढ़ाई की। हेमंत सरकार उनकी भावनाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार हताशा और निराशा में ऐसे कदम उठा रही। मुख्यमंत्री जी को पता है कि युवा शक्ति उनके खिलाफ आक्रोशित है, सड़क पर उतर कर हक मांग रही।

कहा कि मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। उन्हे बेरोजगार युवाओं से माफी मांगनी चाहिए।

# साइबर अपराध पर नकेल कसने के लिए 7-8 नवंबर को छह राज्य बनायेंगे रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साइबर अपराध पर नकेल कसने के लिए 7 और 8 नवंबर को रांची में छह राज्य मिल कर रणनीति बनायेंगे। इस बैठक में झारखंड पुलिस के साथ-साथ बिहार, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और यूपी पुलिस के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक के दौरान झारखंड के सभी क्षेत्रीय डीआइजी अपने-अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में की गयी कार्रवाई की जानकारी देंगे। साथ ही साइबर अपराध पर नकेल कसने और सजा दिलाने के पहलुओं पर विस्तृत चर्चा होगी। बैठक में पुलिस के जांच पदाधिकारियों के साथ न्यायिक पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

**साइबर अपराधियों का डोजियर तैयार किया गया है**

झारखंड सीआइडी की टीम ने झारखंड और संबंधित राज्यों से जुड़े साइबर अपराधियों का डोजियर तैयार किया है। डोजियर को बैठक में भाग लेनेवाले संबंधित राज्यों को सौंपा जायेगा। इसी तरह दूसरे राज्यों की पुलिस भी राज्य के उन साइबर अपराधियों की सूची सौंपेगी, जो झारखंड से दूसरे राज्यों में साइबर अपराध को अंजाम देते हैं।

# एके खंडेलवाल बने पूर्व मध्य रेल के नये महाप्रबंधक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एके खंडेलवाल ने पूर्व मध्य रेल के नये महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है । इसके पूर्व वह रेलवे बोर्ड में प्रमुख कार्यकारी निदेशक (गति शक्ति) के पद पर पदस्थापित थे । एके खंडेलवाल भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा के 1987 बैच के अधिकारी हैं।

उन्होंने एमएनआइटी, जयपुर से सिविल इंजीनियरिंग संकाय में स्नातक और आइआइटी, रूड़की



से एमटेक की डिग्री प्राप्त की है। 34 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, श्री खंडेलवाल ने भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे के निर्माण और रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उनकी देख-रेख में भारतीय रेल के कई महत्वपूर्ण पुलों, इमारतों और रेलवे ट्रैक सहित अन्य निर्माण परियोजनाओं को पूरा किया गया है। उन्होंने दक्षिण मध्य रेलवे में एईएन/बेल्लमपल्ली के रूप में अपनी रेल सेवा शुरू की और उसके बाद वह दक्षिण रेलवे, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड तथा चुनौतीपूर्ण उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट में अपनी महत्वपूर्ण सेवा दे चुके हैं। उन्होंने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण के रूप में कार्य करते हुए दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, चिनाब ब्रिज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 2016-17 में रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक/एनएफआर के पद पर सफलतापूर्वक कार्य किया। उनके कौशल को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड ने उन्हें गति शक्ति निदेशालय, रेलवे बोर्ड के पहले प्रधान कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया । उनकी खेलकूद के क्षेत्र में भी गहरी रुचि है तथा वह राज्य स्तर पर बास्केटबॉल भी खेल चुके हैं। उन्होंने उच्च स्तरीय अध्ययन हेतु आइएनएसइएडी/सिंगापुर, आइसीएलआइएफ/मलेशिया और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद में स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट प्रोग्राम में भाग लिया है ।

# राज्य के सरकारी स्कूलों में प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए पीटीएम 7 तक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों में 1 से 7 नवंबर तक कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया जाना है। बैठक में शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को प्रयास, प्रोजेक्ट रेल, एफएलएन, बाल विवाह, हर्ष जोहार, पीओसीएसओ आदि विषयों के बारे में जानकारी दी जायेगी। विद्यालयों द्वारा अभिभावक शिक्षक बैठक की शुरूआत भी 1 नवंबर से की जा चुकी है। कक्षा छह से 12 तक के बच्चों के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन 8 नवंबर से 18 नवंबर तक किया जायेगा। अभिभावक शिक्षक बैठक के बाद सभी जिलों में परिषद द्वारा दिये गये गूगल फॉर्म को भर कर देना अनिवार्य होगा। फॉर्म में दर्ज सवालों के सही और संपूर्ण जवाब देने होंगे। गूगल फॉर्म का लिंक सभी विद्यालयों को दे दिया गया है।

## भू-माफिया लाल संजय नाथ शाहदेव गिरफ्तार, फर्जी तरीके से करायी थी रजिस्ट्री



**रांची (आजाद सिपाही)।** पंडरा में आदिवासी जमीन को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने वाले भू-माफिया लाल संजय नाथ शाहदेव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में बुधवार पंडरा ओपी की पुलिस ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले पुलिस ने बीते सात अक्टूबर को डोरंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले चंद्र भूषण सिंह को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि हेहल सीओ के सहयोग से उसने करीब साढ़े चार एकड़ आदिवासी जमीन को संजय साहू नाम के व्यक्ति से रजिस्ट्री करा लिया था। इस मामले में भूषण प्रसाद सिंह के खिलाफ पंडरा ओपी में बीते 24 मई 2017 को कांड संख्या 260 /17 दर्ज किया गया था।

# केंद्र सरकार कर रही देश की छवि धूमिल, गैर भाजपा शासित प्रदेशों में बना रही दबाव : वृंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** माकपा राज्य कमेटी की दो दिवसीय बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में पार्टी की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात शामिल हुईं। बैठक के मुद्दों को साझा करते हुए वृंदा करात ने कहा कि पिछले कुछ समय में केंद्र सरकार की छवि धूमिल हुई है। एक ओर जहां केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित प्रदेशों में जबरन अपने नियम लागू कर रही है, वहीं गैर भाजपा शासित प्रदेशों की फंडिंग रोकने जैसे मामले सामने आ रहे हैं। वहीं इस्राइल फलिस्तीन युद्ध के दौरान भी सरकार का दोहरा चेहरा सामने आया है। यहां भारत ने यूनाइटेड नेशंस की जेनरल असेंबली में वोट नहीं किया, जबकि अलग-अलग पटलों पर समय-समय पर



भारत की ओर से बयान जारी किया गया है कि भारत आतंक विरोधी है। फिर जेनरल असेंबली में वोट नहीं करना उचित नहीं।

उन्होंने कहा कि कई राज्यों में केंद्र सरकार की ओर से दबाव बनाने और फंडिंग रोकने की बात सामने आ रही है। राज्य में भी जनता स्मार्ट मीटर और इसकी त्रुटियों से परेशान है। जानकारी हुई है कि केंद्र के दबाव मे हेमंत सरकार स्मार्ट मीटर लगा रही है। ये कहीं से भी राज्य की जनता के लिए उचित नहीं। अगर सरकार को स्मार्ट मीटर लगाना ही है, तो उसे बड़े पूंजीपतियों के यहां लगाया जाये। आम जनता के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने से कोई फायदा नहीं। ऐसे में जनता सौ यूनिट फ्री बिजली के लाभ से भी वंचित हो जायेगी। आगामी चुनाव की जानकारी देते हुए वृंदा करात ने कहा कि आनेवाले समय में पांच प्रदेशों में चुनाव होने हैं। इनमें से राजस्थान में अन्य वाम घटकों के साथ मिल कर चुनाव लड़ने की तैयारी है।

## एसीबी के हाथ अब तक खाली

# एक भी प्रॉपर्टी के रिकॉर्ड में नहीं मिला अमर बाउरी और उनकी पत्नी का नाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भ्रष्टचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) भाजपा विधायक दल के नेता और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की संपत्ति का ब्यौरा जुटाने में लगी है, लेकिन अब तक उसके हाथ खाली हैं। पुख्ता जानकारी के मुताबिक, एसीबी को अब तक एक भी ऐसी अचल संपत्ति की जानकारी नहीं मिली है, जो अमर कुमार बाउरी या उनकी पत्नी कल्याणी देवी के नाम पर खरीदी गयी हो। बता दें कि एसीबी ने रजिस्ट्री ऑफिस से अमर कुमार बाउरी और उनकी पत्नी के नाम पर कितनी अचल संपत्ति खरीदी गयी है, इसकी जानकारी मांगी है। वहीं एसीबी ने दोनों के पैन नंबर भी रजिस्ट्री ऑफिस को दिये हैं। एसीबी से पत्र मिलने के बाद रांची के सभी रजिस्ट्री ऑफिस में करीब एक सप्ताह रिकॉर्ड खंगाले गये, लेकिन फिलहाल ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिसमें अमर कुमार बाउरी या उनकी पत्नी का नाम दर्ज हो।

**रघुवर दास सरकार में शामिल पांच पूर्व मंत्रियों के खिलाफ पीई दर्ज :** बता दें कि हेमंत सरकार की कैबिनेट के आदेश के बाद रघुवर दास सरकार में शामिल पांच पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी ने पीई (प्रीमनलरी इन्क्वाइरी) संख्या 02/2023 दर्ज की है। इसके साथ ही झारखंड हाइकोर्ट में वर्ष 2020 में पंकज कुमार यादव ने रघुवर सरकार में मंत्री रहे नीलकंठ सिंह मुंडा, नीरा यादव, अमर बाउरी, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह की संपत्ति की जांच के लिए एक जनहित याचिका दाखिल की है।

# छठ से पहले चार तालाबों को 30 लाख में सुंदर बनायेगा नगर निगम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छठ पूजा से पहले रांची नगर निगम 30 लाख रुपये की लागत से चार प्रमुख तालाबों का सौंदर्यीकरण करेगा। इनमें जेल तालाब, चड़री तालाब, अरगोड़ा तालाब और स्वर्ण रेखा छठ तालाब शामिल है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि शहर में रांची छोटे- बड़े 70 जलाशय हैं। कई जलाशय ऐसे भी हैं, जिनका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है, जिसके कारण छठ करने वाले नागरिकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

इसलिए इस बार नगर निगम के द्वारा शहर के चार प्रमुख तालाबों का सौंदर्यीकरण करने का निर्णय लिया गया है, जिससे छठ के दौरान लोगों को पर्व मनाने मे कोई दिक्कत ना हो।

**इन तालाबों का किया जायेगा सैंदर्यीकरण**

- वार्ड 18 जेल तालाब-16.8 लाख
- वार्ड 18 चडरी तालाब-6.30 हजार
- वार्ड 26 अरगोड़ा तालाब- 8.85
- वार्ड 46 स्वर्ण रेखा छठ तालाब (केतारी बगान)-6 लाख

**छठ घाटों की सफाई के साथ रेड रिबन भी लगायेगा**

इसके साथ ही नगर निगम सभी छठ घाटों की सफाई के साथ रेड रिबन भी लगायेगा, ताकि लोग गहराई की तरफ न जायें और किसी भी तरह की अनहोनी ना हो। सभी घाटों पर चेंजिंग रूम भी बनाया जायेगा। नगर निगम के द्वारा घाटों में फैली गंदगी को साफ किया जायेगा। साथ ही घास कटिंग और तालाबों में खतरनाक स्थलों की पहचान की जायेगी। नगर निगम के अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने कहा कि हर साल छठ से पहले नगर निगम के द्वारा सभी घाटों की सफाई की जाती है। इस साल भी शहर में विशेष अभियान चला कर सफाई करवायी जा रही है। साथ ही 30 लाख की लागत से शहर के चार तालाबों का सैंदर्यीकरण कार्य करवाया जायेगा। इसके लिए टेंडर निकाल दिया गया है। जल्द कंपनियों का चयन कर काम पूरा किया जायेगा।

## बजरंग क्लब श्री श्री काली पूजा समिति का पंडाल आकर्षण होगा



**रांची (आजाद सिपाही)।** बजरंग नगर कोकर बजरंग क्लब श्री श्री काली पूजा समिति का भूमि पूजन संपन्न हुआ । इस बार पंडाल का प्रारूप केदारनाथ मंदिर का दिया जा रहा है और भव्य लाइटिंग की व्यवस्था, तोरण द्वार, जागरण और भंडारे की भी व्यवस्था की गयी है। भूमि पूजन में मुख्य रूप से समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# हाइकोर्ट ने विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने एसटी-एससी एक्ट से जुड़े दुमका की विशेष अदालत में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ चल रहे शिकायतवाद केस में विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखी है। मामले की सुनवाई बुधवार को जस्टिस एसके द्विवेदी के कोर्ट में हुई।

सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता सुनीला देवी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने शिकायतकर्ता



को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने 1 सितंबर को मामले में विधायक के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी थी। विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा में धरना प्रदर्शन के दौरान जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए सुनीला देवी ने शिकायतवाद दर्ज करायी थी। जामताड़ा की निचली अदालत ने मामले में संज्ञान लिया था। शिकायतवाद में कहा गया था कि वर्ष 2022 में विधायक इरफान अंसारी अपने समर्थकों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे थे और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गली-गलौज किया और उनके टेंट और तंबू को उखाड़ कर फेंक दिया था। बाद में यह मामला जामताड़ा की निचली अदालत से दुमका की विशेष अदालत में ट्रांसफर हो गया था, जहां यह मामला अभी लंबित है। याचिकाकर्ता इरफान अंसारी की ओर से शिकायतवाद को निरस्त करने एवं अदालत द्वारा लिये गये संज्ञान आदेश को निरस्त करने का आग्रह हाइकोर्ट से किया गया है।

# भाजमो का कार्यकर्ता सम्मेलन 5 नवंबर को



### कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को दी गयी जिम्मेदारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के तत्वावधान में राजधानी रांची में जनता की समस्याओं का निदान, हम जनता के साथ। भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी के विरुद्ध कार्यकर्ता सम्मेलन 5 नवंबर को कृष्ण पैलेस थारपखना (संत अन्ना गली, उद्धव बाबू लेन) रांची में होना निश्चित हुआ है। सम्मेलन की तैयारी के लिए बुधवार को एक बैठक केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। वहीं कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी भी बांट दी गयी। सम्मेलन को सफल बनाने में सभी लोग संकल्पित होकर लग जाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष पीएन सिंह, मुकेश पांडेय, निरंजन सिंह, महासचिव आशीष शीतल मुंडा, सचिव सोमन दत्ता, जिला अध्यक्ष अशोक ठाकुर, अविनाश, नदीम, संतोष श्रीवास्तव, किरण तिवारी पूजा उरांव, सुरभी सिंह, अर्चना, किरण पाठक अभिषेक चौबे, मिथिलेश कुमार मौजूद थे।

# सीसीएल में तीन दिवसीय सतर्कता महोत्सव शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के अंतर्गत तीन-दिवसीय सतर्कता महोत्सव कल्चरल फेस्टीवल का भव्य शुभारंभ हुआ। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 1 से 3 नवंबर तक सीसीएल मुख्यालय रांची में यह महोत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में निदेशक तकनीकी राम बाबू प्रसाद, निदेशक हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ पंकज कुमार मौजूद थे। निदेशक तकनीकी राम बाबू प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्यों को लेकर सजग, सतर्क एवं जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर ओड़िसी नृत्यांगना सुमेधा सेनगुप्ता ने मनमोहक प्रस्तुति दी। महोत्सव का संयोजन विभागाध्यक्ष आलोक कुमार एवं उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है।

# लोक सेवा समिति की 32वीं वर्षगांठ नयी दिल्ली में 2 दिसंबर को मनेगी

**रांची (आजाद सिपाही)।** लोक सेवा समिति का राष्ट्रीय स्तर पर सेवा की 32वां वर्षगांठ नई दिल्ली में 2 दिसंबर 2022 को मनाया जा रहा है, इसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए नामित विभूतियां का चयन किया जा रहा है। लोक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं चयन समिति के सदस्यों ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के साथ उनके निवास पर मिल कर चर्चा की और उन्हें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित भी किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, डॉ सीमा प्रसाद, राय मनी मुंडा, रीना सेनापति सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# राज्यपाल रघुवर दास को दी शुभकामनाएं



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन, झारखंड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता ललित नारायण ओझा ने भुवनेश्वर राजभवन में सदस्यों के साथ मिल कर ओड़िशा के नये राज्यपाल रघुवर दास को शुभकामनाएं देते हुए अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। श्री ओझा ने कहा की नये राज्यपाल का पूरा जीवन सभी के लिए अनुकरणीय है। टाटा में एक मजदूर से यहां तक का सफर आम लोगों को बहुत कुछ सीखने का अवसर देता है।

# बिहार के राज्यपाल के साथ मध्य पूर्व रेल के महाप्रबंधक की शिष्टाचार भेंट



**हाजीपुर (आजाद सिपाही)।** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से राजभवन में बुधवार को पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल से मुलाकात में महाप्रबंधक ने बिहार राज्य में यात्री सुविधा और रेल विकास से जुड़े पूर्व मध्य रेल की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से राज्यपाल को अवगत कराया। महाप्रबंधक ने रेलवे के क्रियाकलाप, यात्री सुविधा में और सुधार के उपायों तथा रेल विकास आदि से जुड़े विषयों पर राज्यपाल से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# गैर सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों में शिक्षकों की नियुक्ति के नये निर्देश का किया विरोध

**रांची (आजाद सिपाही)।** गैर सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों में शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव द्वारा सभी जिलों के शिक्षा पदाधिकारी को दिये गये निर्देश का झारखंड छात्र संघ ने विरोध किया। संघ के अध्यक्ष एस अली ने सरकार और शिक्षा सचिव को मांग पत्र भेज कर निर्देश पत्र को खारिज करने की मांग की। एस अली ने बताया कि शिक्षा सचिव ने गैर सरकारी सहायता प्राप्त मदरसा में शिक्षकों की नियुक्ति सरकार द्वारा संचालित ई-विद्या वाहिनी में अंकित छात्र संख्या और मध्याह्न भोजन से आच्छादित दैनिक छात्र संख्या तथा छात्र-शिक्षक के अनुपात (पीटीआर) को दृष्टिपथ रखते हुए शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया है, जो बिल्कुल गलत है।

## इंफ्लूएंसर एसोसिएशन का किया गया गठन

# संगठन राष्ट्रहित को ध्यान में रख कर काम करेगा : अनुराग ठाकुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारतीय इंफ्लूएंसर एसोसिएशन के गठन का स्वागत किया है। नयी दिल्ली स्थित अपने आवास पर भारतीय इंफ्लूएंसर एसोसिएशन (बीआइए) के पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है, जिससे हमें इंफ्लूएंसर के साथ होनेवाली परेशानियों से निपटने में सहूलियत होगी। श्री ठाकुर ने कहा कि आज के दौर में जबकि साइबर बुलिंग, बात बात पर ट्रोल और अन्य प्रकार की घटनाएं हो रही हैं, वहां ऐसे संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। श्री ठाकुर ने भारतीय इंफ्लूएंसर एसोसिएशन के प्रभावी ढंग से काम करने की उम्मीद जतायी। उन्होंने कहा कि यह संगठन राष्ट्रहित को ध्यान में रख कर काम करेगा। बता दें कि इस संगठन के पैट्रन इन चीफ भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश एमएन वेंकटचलैया हैं।



वहीं भारतीय इंफ्लूएंसर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी से भी उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री पुरी ने इंफ्लूएंसर एसोसिएशन के गठन का स्वागत करते हुए कहा कि इंफ्लूएंसर की स्वतंत्रता बनी रहे इसके लिए संगठन को काम करना चाहिए। इस मौके पर भारतीय इंफ्लूएंसर एसोसिएशन के पैट्रन प्रदीप राय, संस्थापक पदाधिकारियों में राजश्री राय, नीलकांत बख्शी, पदाधिकारी विराज सेठ, अंकित बायानपुरिया, गौरव चौधरी, अनुनय सूद, अजितेश पांडेय और सुरेश कुमार मौजूद थे।

# कोल इंडिया/सीसीएल का 49वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) / सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) का बुधवार को 49वां स्थापना दिवस मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कोल इंडिया में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में सीसीएल को सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए कॉरपोरेट अवार्ड का प्रथम पुरस्कार तथा पर्यावरण प्रबंधन में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड सीएमडी, सीसीएल डॉ बी वीरा रेड्डी ने प्राप्त किया। साथ ही साथ बेस्ट एरिया महाप्रबंधक अवार्ड एसके पांडेय, महाप्रबंधक



अरगडा, क्षेत्र बेस्ट एचओडी अवार्ड, लाडी बालकृष्णा, महाप्रबंधक, जबकि व्यक्तिगत रूप से एक्सलेंस अवार्ड, एम कोटेश्वर राव, महाप्रबंधक एवं निलय प्रकाश, महाप्रबंधक को दिया गया। सीसीएल मुख्यालय रांची में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक तकनीकी राम बाबू प्रसाद, निदेशक हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी बी साई राम, निदेशक, पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ पंकज कुमार सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं सीसीएल कर्मियों द्वारा दरभंगा हाउस में स्थित शहीद स्मारक पर सीसीएल के कर्मवीर दिवंगत सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी राम बाबू प्रसाद ने कोल इंडिया का झंडा फहराया तथा अन्य निदेशकगण सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्ष ने सीसीएल एवं विभिन्न क्षेत्रों के झडों को फहराया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से सीसीएल में कार्यरत 1163 कर्मचारियों को पदोन्नति दी गयी। निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद ने अपने संबोधन में सभी को स्थापना दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुये कहा कि देश जो हमसे अपेक्षा रखा है। उसे पूरा करना हम सभी का दायित्व है। श्री प्रसाद ने कहा कि सीसीएल परिवार एक टीम की तरह कार्य करते हुये 84 मिलियन टन के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर है। निदेशक हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी बी साई राम, निदेशक, पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ पंकज कुमार ने स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष में किया गया। इस अवसर पर एकता दौड़ का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर गोपाल पाठक ने अपना प्रेरक एवं अनुभवात्मक विचार साझा करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवन यात्रा से अवगत कराया और छात्रों को उनके जीवन से सीख लेने की सलाह दी। उन्होंने विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों के कारण ही भारत की 565 रियासतें भारत में विलीन हो पायी। आज आवश्यकता है कि




नौजवान उनके जीवन से सीख लेकर देश की एकता के लिए शपथ ले और काम करें। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रयासों की सराहना करते हुए छात्रों से देश की एकता और अखंडता कायम रखने का आहवान किया।

छात्रों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि देश की आजादी बहुत ही कुर्बानियों के बाद मिली है। देश की एकता और अखंडता के लिए छात्रों को आगे बढ़कर काम करना होगा। आज के दिन सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर देश की एकता और अखंडता के लिए हम सभी छात्रों को आगे बढ़कर काम करना होगा। आज के दिन सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हम सभी शपथ लेकर देश की एकता और अखंडता के लिए काम करें। साथ ही उन्होंने देश प्रथम है इस मंत्र को भी छात्रों को हमेशा ध्यान रखने पर बल दिया।

स्वागत भाषण राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. संजीव सिंन्हा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मेघा सिंन्हा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आरोही आनंद ने किया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में डॉ सुभानी बारा, डॉ अशोक अस्थाना, डॉ संजीव कुमार, डॉ विद्या झा, डॉ शैलेश नारायण, डॉ राजकुमार सिंह, प्रो अमित गुप्ता, प्रो राजीव रंजन, सुभाष नारायण सहदेव ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी ऑफिसर, संकायाध्यक्ष, सह संकायाध्यक्ष, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की एकता और अखंडता के लिए शपथ ग्रहण की।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या के लिए आमंत्रण देगा विहिप : बिरेंद्र

## गांव-गांव जाकर तीन लाख परिवार को देंगे निमंत्रण, प्रांत में बनेगी 1200 टोली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक बुधवार को किशोरगंज स्थित प्रांत कार्यालय शक्ति आश्रम में हुई। बैठक में विहिप द्वारा प्रांत में किये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की गयी। इसमें शौर्य जागरण यात्रा, महर्षि वाल्मीकि जयंती, संत संपर्क और आगामी कार्यक्रम श्रद्धानंद बलिदान दिवस 23 दिसंबर से 30 दिसंबर तक, समरसता दिवस 14 और 15 जनवरी, श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, जो कि 16 जनवरी से 21 जनवरी तक किया जायेगा, जिसमें रामचरितमानस का पाठ, हनुमान चालीसा, विजय




महामंत्र और संध्या आरती की जायेगी इस विषय पर योजना बनायी गयी। सभी ज़िला में 8 नवंबर तक बैठक करना है एवं 20 से 30 नवंबर तक जिला बैठक करनी है। प्रांत मंत्री वीरेंद्र साहू ने बताया कि अयोध्या दर्शन के लिए अपने प्रांत के चुनिंदा 2000 कार्यकर्ता 3 फरवरी को एवं देश के आम श्रद्धालुओं के लिए 27 फरवरी के बाद दर्शन कर पायेंगे। प्रांत में 1200 टोली बना कर गांव-गांव जाकर तीन लाख परिवारों को आमंत्रण देने का लक्ष्य रखा गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र बिमल, प्रांत मंत्री बीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष सुभाष नेत्रगंवाकर, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद, प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथलेश्वर मिश्र, बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, प्रांत सहसेवा प्रमुख अशोक अग्रवाल, प्रांत धमाचार्य संपर्क प्रमुख जुगल किशोर प्रसाद, प्रांत प्रचार-प्रसार सह प्रमुख प्रकाश रंजन, विभाग मंत्री किशुन झा, कुमार गौरव, विजय यादव, विनय कुमार, कोलेश्वर टुडू, विजय कुमार, जगदीश मंडल, कुलदीप सिंह, गणेश शंकर विद्यार्थी, रामप्रताप सिंह, राजेश, अजीत एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### 20 नवंबर को 119वां गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा

रांची (आजाद सिपाही)। रांची गौशाला न्यास की गोपाष्टमी आयोजन समिति की बैठक में आगामी 20 नवंबर को 119 वां गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम व भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बुधवार को आयोजित बैठक न्यास के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार की अध्यक्षता में हुई । इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन रतन लाल जालान विशेष रूप से उपस्थित थे। उक्त जानकारी देते हुए रांची गौशाला न्यास के सचिव प्रदीप राजगड़िया ने बताया कि 20 नवंबर को एक शाम गौशाला के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम विशाल व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल व कविता पौडवाल की प्रस्तुति होगी। वृंदावन से नृत्य नाटिका की विशेष टीम भी आएगी। इसके अतिरिक्त दिन मर चलने वाले का गौशाला में तुला दान, गणेश पूजन, शहर के विभिन्न स्थानों पर गौ पूजन, शोभा यात्रा, झूला मेला आदि विभिन्न कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। बैठक में पवन बजाज, प्रेम मित्तल, सुरेश जैन, दीपक पोद्दार, आनंद पसारी, दीपक बंका, आरके. चौधरी, ओपी लाल, प्रकाश काबरा व मनीष लोधा उपस्थित थे।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र ने राष्ट्रीय कला उत्सव 2023-24 के लिए किया क्वालिफाइ



रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला पब्लिक स्कूल की कक्षा-10वीं के छात्र ऋतुराज रॉय ने झारखंड शैक्षिक अनुसंधान परिषद, रांची में आयोजित अंतर-राज्य कला उत्सव 2023-24 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस उत्सव में भाग लेने वाले 29 जिलों के बीच विजुअल आर्ट्स 2 डायमेंशन श्रेणी में उन्हें प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। सरला बिरला विद्यालय परिवार के लिए यह गर्व की बात है कि वे अब नेशनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। विद्यालय परिवार ने उन्हें अगले दौर के लिए शुभकामनाएं दी है। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने ऋतुराज को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और अगले दौर के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्र के प्रदर्शन की सराहना की और उसे अगले दौर के लिए प्रोत्साहित किया।

### श्री श्याम मंदिर में हुआ केसर चंदन शृंगार

रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का भव्य केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। शरद पूर्णिमा के दिन ग्रहण होने के कारण खाटू नरेश का महास्नान एक्कम के दिन प्रातः किया गया था। उसके बाद से ही बाबा भक्तों को श्यामल रूप में दर्शन दे रहे थे। राजस्थान के सीकर जिला स्थित खाटूधाम में भी आज बाबा श्याम का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा मंदिर के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा श्याम को भव्य श्रृंगार किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, अनिल नारनोली, स्नेह पोद्दार, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार सहित अन्य उपस्थित थे।

### शारदा ग्लोबल स्कूल में ओड़िसी नर्तक कृष्णेंदु साहा का नृत्य प्रदर्शन

रांची (आजाद सिपाही)। शारदा ग्लोबल स्कूल में सुविख्यात ओड़िसी नर्तक कृष्णेंदु साहा ने ओड़िसी नृत्य का प्रदर्शन कर छात्रों को नृत्य के महत्व को समझाया। नृत्योर्मि स्कूल ऑफ ओडिसी के डायरेक्टर एवं इंस्ट्रक्टर ओड़िसी नर्तक कृष्णेंदु साहा ने छात्रों को नृत्य के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं के विषय में अवगत कराया। इस अवसर पर डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्रधानाध्यापिका जसमीत कौर के साथ शिक्षक-छात्र उपस्थित थे।

### रेखा खंडेलवाल ने पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। बुधवार को रेखा खंडेलवाल ने पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा का पदभार ग्रहण किया। खंडेलवाल बहुमुखी प्रतिभा की धनी और समाज सेवा के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता रही है। रेखा खंडेलवाल का मानव कल्याण और समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के प्रति ध्यानाकर्षण रहा है। उन्होंने रेलवे महिला कल्याण केंद्रीय संगठन में महासचिव, कोषाध्यक्ष और ह्यउन्मुक्ताह्य की मुख्य संपादक सहित विभिन्न भूमिका निभायी हैं। उन्होंने सिकंदराबाद मंडल में रेलवे ट्रैकमैनों के लिए वयस्क साक्षरता कार्यक्रमों का नेतृत्व किया है। नयी दिल्ली में मासिक धर्म स्वच्छता पर एक वृत्तचित्र बनाया है और खुद को नवीनतम नवाचारों और प्रौद्योगिकी पर अपडेट रखते हुए डिजिटलीकरण परियोजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया है। बता दें कि पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जनहित कार्यों में हमेशा हिस्सा लेती रही है।

### लोकहित अधिकार पार्टी की सामाजिक न्याय यात्रा का शुभारंभ



रांची (आजाद सिपाही)। लोकहित अधिकार पार्टी की सामाजिक न्याय यात्रा का शुभारंभ रांची के भामाशाह नगर रिंग रोड के सुकुरहुट्टू कैला महतो चौक से हुई। बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष ने झंडी दिखाकर न्याय रथ को रावण किया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो अजहर आलम, जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सह कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक एवं महिला जिला अध्यक्ष रीना देवी मुंडा, महामंत्री सुनीता उरांव, काशीला देवी ने यात्रा को संबोधित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि सभी को निःशुल्क शिक्षा और निःशुल्क चिकित्सा दिलाने, सांप्रदायिक ताकतों से समतामूलक संविधान को बचाने, निजीकरण के बहाने आरक्षण समाप्त करने वालों के खिलाफ एकजुट होने, महिला आरक्षण के अंतर्गत एससी /एसटी और ओबीसी महिलाओं को आरक्षण दिलाने के लिए लोकहित अधिकार पार्टी सामाजिक न्याय यात्रा के तहत जन जागरण अभियान पर निकल चुकी है। इस मौके पर अजीत साहू, डॉ दानेश्वर प्रसाद, अनिल कुमार, देवपूजन ठाकुर, रामविलास साहू, कुंज बिहारी, संजय लोहरा, गणेश लोहरा, प्रदीप ठाकुर, लालू महतो, उमेश कुमार, रामानंद ठाकुर शामिल थे।

### भीम आर्मी ने धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री ने नाम ज्ञापन सौंपा

रांची (आजाद सिपाही)। भीम आर्मी, भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी ने बुधवार को अपनी मांगों के समर्थन में विरोध मार्च सह एक दिवसीय धरना दिया। रांची के राजभवन के समक्ष आयोजित धरना-प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बौद्ध के नेतृत्व में किया गया। सौंपे गये ज्ञापन में सरकार से मुख्य रूप से मांग की गयी कि राज्य के विभिन्न थानों में दलितों के मामलों में दर्ज मुकदमों पर त्वरित कार्रवाई की जाये। साथ ही प्रदेश में दर्ज एससी /एसटी के दर्ज मामले में मुआवजा का भुगतान सुनिश्चित कराया जाये। वहीं अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान जल्द कराया जाये। इस मौके पर मधुसूदन कुमार, अशोक राम, शिव प्रसाद नायक, दामोदर बौद्ध, जगदेव राम बिरेन, अरुण राम, टिंकू राम सहित कई अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 02 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
06

# हिंसा ठीक नहीं

महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के हिंसक हो जाने के बाद राज्य सरकार ने कुछ अहम फैसले लिये। जैसा कि आंदोलनकारी मांग कर रहे थे, मराठों को कुणबी सर्टिफिकेट देने से जुड़ी जस्टिस संदीप शिंदे समिति की पहली रिपोर्ट को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। इसके अलावा मराठा आरक्षण से जुड़े कानूनी पहलुओं पर विचार करने के लिए तीन सदस्यों की एक समिति बनायी गयी और यह भी कहा गया कि पिछड़ा आयोग मराठा समुदाय की सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति पर ताजा सूचनाएं जुटायेगा। मगर राज्य सरकार के इन फैसलों से मराठा समुदाय के आंदोलन पर कितना असर पड़ेगा, यह अभी साफ नहीं है। इस मांग को लेकर अनशन पर बैठे मनोज जरांगे का कहना है कि मराठा समुदाय को अधूरा आरक्षण स्वीकार्य नहीं होगा। वह विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने पर भी जोर दे रहे हैं। यह बात मानी जा सकती है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि उससे इस मसले को हल करने की क्या राह निकलेगी। गौर करने की बात है कि राज्य में कोई भी पार्टी इस मांग के खिलाफ नहीं है। शुरू से ही सभी दल और तमाम प्रमुख नेता इस मांग का समर्थन करते रहे हैं। नवंबर 2018 में ही महाराष्ट्र विधानसभा मराठा आरक्षण बिल पास कर चुकी है। उसके मुताबिक राज्य की सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में 16 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। लेकिन बाद में यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया।

**महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच कुछ जगहों से हिंसक घटनाएं सामने आई। इस बीच राज्य सरकार ने कुछ फैसले किए। जिसमें जस्टिस संदीप शिंदे समिति की पहली रिपोर्ट को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी।**

इस प्रावधान के बाद राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 50 फीसदी की सीमा से ऊपर जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि 50 फीसदी की आरक्षण सीमा पर पुनर्विचार करने की जरूरत नहीं है। हालांकि बिहार में जाति आधारित गणना की रिपोर्ट आने और अन्य राज्यों में भी कास्ट सेंसस करवाने की मांग जोर पकड़ने से इस विमर्श में नया आयाम जुड़ रहा है। लेकिन जहां तक महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की बात है, तो उसमें आगे बढ़ने का कोई सीधा रास्ता तत्काल नहीं दिख रहा। पिछले दो दिनों में राज्य के अलग-अलग इलाकों में इसे लेकर जिस तरह की हिंसा देखने को मिली है, उससे हालात और जटिल ही होंगे। अच्छी बात है कि मनोज जरांगे ने इन हिंसक घटनाओं से खुद को पूरी तरह अलग करते हुए अहिंसक तरीकों से ही आगे बढ़ने की बात कही है। मौजूदा माहौल में सभी संबंधित तबकों को धैर्य और समझदारी दिखाने की जरूरत है। सभी मांगें तत्काल पूरी करने की जिद कहीं नहीं ले जायेगी। कुणबी सर्टिफिकेट के जरिये व्यापक मराठा समाज को आरक्षण की परिधि में लाने का सुझाव भी पहली नजर में ठीक लग सकता है, लेकिन यह बड़ा संवेदनशील मसला है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**अगले साल यह बनकर तैयार होगा। डॉ भावगत ने कहा कि हमारे संविधान की मूल प्रति के एक पृष्ठ पर जिनका चित्र अंकित है, ऐसे धर्म के मूर्तिमान प्रतीक श्रीराम के बालक रूप का मंदिर अयोध्या जी में बन रहा है। अगले साल 22 जनवरी को मंदिर के गर्भगृह में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। व्यवस्थागत कठिनाइयों के तथा सुरक्षाओं की सावधानियों के चलते उस पावन अवसर पर अयोध्या में बहुत बड़ी संख्या में लोग नहीं रह पायेंगे।**

# डॉ मोहन भागवत के दशहरा उद्बोधन के निहितार्थ

**सुखदेव वशिष्ठ**






**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के नागपुर में दशहरा उत्सव पर गायक शंकर महादेवन मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस अवसर पर आरएसएस के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत ने जी-20 के सफल आयोजन से लेकर राम मंदिर और मणिपुर हिंदू-मुस्लिम एकता का जिक्र किया। भागवत जी ने अपने उद्बोधन में संघ के मुस्लिम भाइयों के बीच पहुंच बढ़ाने की कोशिश का भी जिक्र करते हुए बड़ा संदेश देने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आखिर एक ही देश में रहने वाले इतने पराये कैसे हो गये? उनका इशारा मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात को लेकर स्वयंसेवकों की तरफ से उठ रहे सवालों की तरफ ही रहा होगा। भागवत जी ने कहा कि अविवेक और असंतुलन नहीं होना चाहिए। अपना दिमाग ठंडा रखकर सबको अपना मानकर चलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि चुनावों में हमें सतर्क रहना है और किसी के बहकावे में आकर मतदान नहीं करना है। बेहतर कौन है, उसे ही वोट देना है।

**पीएम मोदी को भी दे गये संदेश**

आरएसएस के सर संघचालक मोहन भागवत जी ने सरकार की तारीफ करने के साथ ही यह भी कहा कि ठंडे दिमाग से यह सोचकर वोट दें कि किसने अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि ये नहीं मानना कि लड़ाई चल रही थी और अब सीजफायर हो गया। दरअसल उनका इशारा संघ के मुस्लिमों के बीच पहुंच बढ़ाने की तरफ था। संघ की तरफ से लगातार मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात हो रही है और इसे लेकर संघ के स्वयंसेवकों की तरफ से ही कई सवाल उठ रहे थे। डॉ भागवत ने कहा कि अविवेक, असंतुलन नहीं होना चाहिए। अपना दिमाग ठंडा रखकर सबको अपना मानकर चलना पड़ेगा। सरसंघचालक ने कहा कि यह मानिसकता सही नहीं है कि उनकी वजह से हमें नहीं मिल रहा है या उनकी वजह से हम पर अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि विक्टिमहुड की मानसिकता से काम नहीं चलेगा। कोई विक्टिम नहीं है। उन्होंने कहा कि वे कहते हैं कि मुझे किसी बस्ती में घर नहीं मिलता है, इसलिए अपनी बस्ती में ही रहना होता है। एक ही देश में रहने वाले लोग इतने पराये हो गये? माना जा रहा है कि इस बयान के जरिये भागवत ने पीएम मोदी के मुसलमानों के बीच पहुंच बढ़ाने के कार्यक्रम को हरी झंडी दे दी है।

**माना जा रहा है कि इस बयान के जरिये भागवत ने पीएम मोदी के मुसलमानों के बीच पहुंच बढ़ाने के कार्यक्रम को हरी झंडी दे दी है।**

**कट्टरपंथ पर भी निशाना**

भागवत जी ने कट्टरपंथ पर निशाना साधते हुए कहा कि इससे उन्माद बढ़ता है। यही नहीं, उन्होंने कहा कि कि भावना भड़का कर लोगों के वोट लेना ठीक नहीं है।

**संबोधन में जी-20**

भागवत ने जी-20 में अफ्रीकी यूनियन को सदस्य के नाते स्वीकृत कराने में तथा पहले ही दिन परिषद का घोषणा प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित करने में भारत की सफलता का जिक्र किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में नरेंद्र मोदी सरकार के सफल जी-20 सम्मेलन का भी खासकर जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में भारत के वसुधैव कटुंबकम की भावना साफ दिखी।

**भारत और भेदभाव का उल्लेख**

डॉ मोहन भागवत ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का उद्देश्य दुनिया में आगे बढ़ना है। लेकिन कुछ भेदभाव करने वाले लोग अपने खुद के फायदे के लिए सामाजिक ताना-बाना को खत्म करना चाहते हैं। भागवत जी ने कहा कि संघ यह प्रयास करता है कि समरसतापूर्ण माहौल बनाया जाये।

**मणिपुर में अशांति पर भी बोले मोहन भागवत**

नागपुर में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा, मणिपुर की वर्तमान स्थिति को देखते हैं तो यह बात ध्यान में आती है। लगभग एक दशक से शांत मणिपुर में अचानक यह आपसी फूट की आग कैसे लग गयी? क्या हिंसा करने वाले लोगों में सीमापार के अतिवादी भी थे? अपने अस्तित्व के भविष्य के प्रति आशंकित मणिपुरी मैतेयी समाज और कुकी समाज के इस आपसी संघर्ष को सांप्रदायिक रूप देने का प्रयास क्यों और किसके द्वारा हुआ? वर्षों से वहां पर सबकी समदृष्टि से सेवा करने में लगे संघ जैसे संगठन को बिना कारण इसमें घसीटने का प्रयास करने में किसका निहित स्वार्थ है? इस सीमा क्षेत्र में नागाभूमि और मिजोरम के बीच स्थित मणिपुर में ऐसी अशांति और अस्थिरता का लाभ प्राप्त करने में किन विदेशी सत्ताओं को रुचि हो सकती है? क्या इन घटनाओं की कारण परंपराओं में दक्षिण पूर्व एशिया की भू- राजनीति की भी कोई भूमिका है? देश में मजबूत सरकार के होते हुए भी यह हिंसा किनके बलबूते इतने दिन बेरोकटोक चलती रही है? पिछले नौ वर्षों से चल रही शांति की स्थिति को बरकरार रखना चाहने वाली राज्य सरकार होकर भी यह हिंसा क्यों भड़की और चलती रही? आज की स्थिति में जब संघर्षरत दोनों पक्षों के लोग शांति चाह रहे हैं, उस दिशा में कोई सकारात्मक कदम उठता हुआ दिखते ही कोई हादसा करवा कर, फिर से विद्वेष और हिंसा भड़काने वाली ताकतें कौन सी हैं?

**सांस्कृतिक मार्क्सवादी पर निशाना**

सरसंघचालक ने कहा कि समाज विरोधी कुछ लोग अपने आपको सांस्कृतिक मार्क्सवादी यानी जगे हुए कहते हैं। परंतु मार्क्स को भी उन्होंने 1920 दशक से ही भुला रखा है। विश्व की सभी सुव्यवस्था, मांगल्य, संस्कार, तथा संयम से उनका विरोध है। मुट्ठी भर लोगों का नियंत्रण संपूर्ण मानवजाति पर हो, इसलिए अराजकता का पुरस्कार, प्रचार एवं प्रसार करते हैं। माध्यमों तथा अकादमियों को हाथ में लेकर देशों की शिक्षा, संस्कार, राजनीति और सामाजिक वातावरण को भ्रम एवं भ्रष्टता का शिकार बनाना उनकी कार्यशैली है। ऐसे वातावरण में असत्य भय, भ्रम और द्वेष आसानी से फैलता है। आपसी झगड़ों में उलझकर असमंजस और दुर्बलता में फंसा तथा टूटा हुआ समाज, अचानक ही इन सर्वत्र अपनी ही अधिसत्ता चाहने वाली विध्वंसकारी ताकतों का निशाना बनता है।

**राम मंदिर का जिक्र**

डॉ मोहन भागवत ने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि अगले साल यह बनकर तैयार होगा। डॉ भावगत ने कहा कि हमारे संविधान की मूल प्रति के एक पृष्ठ पर जिनका चित्र अंकित है, ऐसे धर्म के मूर्तिमान प्रतीक श्रीराम के बालक रूप का मंदिर अयोध्या जी में बन रहा है। अगले साल 22 जनवरी को मंदिर के गर्भगृह में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। व्यवस्थागत कठिनाइयों के तथा सुरक्षाओं की सावधानियों के चलते उस पावन अवसर पर अयोध्या में बहुत बड़ी संख्या में लोग नहीं रह पायेंगे। श्रीराम अपने देश के आचरण की मर्यादा के प्रतीक हैं, कर्तव्य पालन के प्रतीक हैं, स्नेह और करुणा के प्रतीक हैं। अपने-अपने स्थान पर ही ऐसा वातावरण बने। राम मंदिर में श्रीरामलला के प्रवेश से प्रत्येक हृदय में अपने मन के राम को जागृत करते हुए मन की अयोध्या सजे और सर्वत्र स्नेह, पुरुषार्थ तथा सद्भावना का वातावरण उत्पन्न हो, ऐसे अनेक स्थानों पर परंतु छोटे-छोटे आयोजन करने चाहिए।

## जमशेदपुर की खबरें

### श्रीनाथ कॉलेज में चतुर्थ झारखंड फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के श्रीनाथ कॉलेज सभागार में चतुर्थ झारखंड फिल्म फेस्टिवल 2023 का आयोजन किया गया। बुधवार को कॉलेज सभागार में उद्यमी सह फिल्म निर्देशक नंद कुमार सिंह, कलाकार सनातन दीप व श्रीनाथ विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति सुखदेव महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रचलित का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव वर्ष 2018 में शुरू हुई थी। इस वर्ष चौथा साल है। फिल्म फेस्टिवल में जमशेदपुर सहित झारखंड व पूरे देश के लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग दिखाई जाएगी। उधर तीन संस्करण के सफल आयोजन के बाद चतुर्थ झारखंड फिल्म फेस्टिवल 2023 का आयोजन श्रीनाथ विश्वविद्यालय और करीम सिटी कॉलेज में किया गया। बुधवार को सुबह 10.00 बजे से शाम के 7.00 बजे तक फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। श्रीनाथ विश्वविद्यालय में 12 फिल्में दिखाई गई। जिसमे इंटर दा रूम, ड्रीमिंग, एटोने, व्हाट ए लाइफ, पीकॉक, मेक लव, पिमोन, सारे साथ ए कथक और ठाले ऑफ करेज शामिल हैं। वही करीम सिटी कॉलेज में 6 फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमे फ्लावर्स इन दा वेइन्स, इंटॉक्सीकाशन, शकीला, दा कॉलेज ऑफ स्ट्रगल, गरबा व अन्य शामिल है। झारखंड नेशनल फिल्म फेस्टिवल के चतुर्थ संस्करण में सदस्य संजय सतपथी व राजू मित्रा ने अहम भूमिका निभायी।

### विधायक की पहल पर 120 वरिष्ठ नागरिक हुए सम्मानित, गुरुजनों का मिला आशीर्वाद

# वरिष्ठ जनों के सम्मान से हासिल होती है ऊर्जावान बनने की क्षमता: मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा स्थित राहरगोड़ा शिव काली मंदिर में जुगसलाई विधायक के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को विधायक मंगल कालिंदी ने क्षेत्र के 120 वरिष्ठ नागरिकों को शॉल भेंट कर सभी को सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने सभी वरिष्ठजनों से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह उपस्थित रहे। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा समाज मे वरिष्ठजनों के सम्मान से ही संस्कार मिलती है। साथ ही उनके द्वारा मिलने वाली आशीर्वाद ऊजार्वान बनने की क्षमता देती है। मौके पर जमशेदपुर प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, मुखिया हेमंत खलखो, ग्राम प्रधान गुनाराम हेमब्रम, राजूप्रसाद, रणविजय सिंह, कुंदन सिंह, जगन तीऊ, मनोज यादव, राकेश सिंह, मुन्ना चौधरी, रणधीर सिंह, विनय सिंह, रमेश शर्मा, विवेक गुप्ता, विनय सिंह, रमेश शर्मा, पहाड़ सिंह, संजय कामत सहित सैकड़ो वरिस्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### टाटा मोटर्स कर्मचारियों के खाते में सैलरी अब एक तारीख को आयेगी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स में काम करने वाले कर्मचारियों का मासिक वेतन हर महीने के 5 को उनके बैंक खाते में आया करती थी। इससे कई कर्मचारी के बच्चे बाहर पढ़ाई करने के कारण उन्हें पैसा भेजने में असुविधा होरही थी। उधर फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट द्वारा 4 तारीख के मध्य रात्रि को बैलेंस हिट करने के कारण कई बार बाउंस की स्थिति बनी रहती थी। कर्मचारियों ने लगातार यूनियन के अध्यक्ष व महामंत्री से सैलरी की तारीख में बदलाव की मांग कर रहे थे। जिसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए अध्यक्ष व महामंत्री ने प्रबंधन से वार्ता कर एक नवंबर से लागू कराया। उधर बुधवार को टाटा मोटर्स कर्मचारियों का वेतन बैंक खाते में आने से कर्मचारियों में हर्ष है। उन्होंने यूनियन व प्रबंधन के प्रति आभार जताया।

### दीपक निषाद के निधन से भाजपा में शोक

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा महानगर के वरिष्ठ नेता व झारखंड प्रदेश मत्स्य प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक सह पश्चिमी सिंहभूम के लोकसभा विस्तारक 58 वर्षीय दीपक निषाद का निधन से भाजपा में शोक व्याप्त है। वे बीते कई दिनों से सीएमसी वेल्लोर में इलाज करा रहे थे। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर जुगसलाई गौशाला रोड स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंची। मौके पर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, देवेंद्र सिंह, अनिल मोदी समेत अन्य नेताओं ने पार्थिव शरीर पर सम्मान स्वरूप पार्टी का ध्वज ओढ़ाकर व पुष्प अर्पित कर नमन किया। सभी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। मौके पर राम सिंह मुंडा, अप्पा राव, सुमित शर्मा, विजय सिंह, महेंद्र जैन, पिंटू शर्मा, पिंटू सैनी, सुनील शर्मा, तरविंदर भाटिया समेत अन्य शामिल रहे।

# आदित्यपुर स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही से हो रही परेशानी, जांच जरूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर शहरी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और नर्स की लापरवाही से एक नवजात जिसने अभी दुनिया का हवा भी नहीं देखा उनका सरकारी स्वास्थ्य केंद्र की गलती की वजह से दम तोड़ने की नोवत बनी हुई है। भगवान न करे उस नवजात के साथ कुछ अनहोनी हो। हालांकि डॉक्टरों के मुताबिक बच्चे की स्थिति बेहद ही नाजुक बनी हुई है।दरअसल इसी महीने की 15 तारीख को आदित्यपुर रेलवे कॉलोनी हरिजन बस्ती निवासी मनोज मुखी अपनी गर्भवती पत्नी साहिबा मुखी को प्रसव पीड़ा होने के बाद आदित्यपुर शहरी स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए शाम करीब 5:30 बजे के आसपास पहुंचा। जहां डॉक्टर की गैरमौजूदगी में नर्सों ने प्रसव कराया। लेकिन बच्चा गर्भवती के पेट में ही फंस गया। काफी प्रयास के बाद आधी रात को किसी तरह महिला का प्रसव कराया गया। हैरान करनेवाली बात ये है इस दौरान किसी भी डॉक्टर ने गर्भवती की सुध नहीं ली। जबकि स्वास्थ्य केंद्र में तीन-तीन डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति है। आनन- फानन में नर्सों ने बच्चे को मेडिनोवा नर्सिंग होम ले जाने की सलाह दी। उस दौरान मरता क्या न करता परिजन नर्सों के कहने पर बच्चे को मेडिनोवा नर्सिंग होम ले गए।यहां आयुष्मान कार्ड के तहत बच्चे को भर्ती नहीं लिया गया।जिसके बाद परिजन उपायुक्त और सिविल सर्जन के पास शिकायत लेकर पहुंचे। उपायुक्त के निर्देश पर सिविल सर्जन के पहल व मेडिनोवा प्रबंधन को बच्चे को भर्ती लेने और इलाज करने का निर्देश दिया। जहां पिछले 16 दिनों से आयुष्मान योजना के तहत बच्चे का ईलाज डॉक्टर राजेश कुमार की देखरेख में चल रहा है। बताया जा रहा है बच्चे की स्थिति दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। परिजन इतने सक्षम नहीं हैं किसी बड़े अस्पताल में बच्चे का इलाज करा सकें।ऐसे में सवाल उठता है क्या नवजात दुनिया देखने से पहले ही दम तोड़ देगा ? बच्चे को बचाने के लिए नर्सिंग होम के पास पर्याप्त संसाधन नही हैं? यदि नहीं तो क्या आयुष्मान योजना के तहत बिल के लिए बच्चे को डिटेन किया जा रहा है ? स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन बच्चे को लेकर कितना गम्भीर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। 16 दिनों बाद भी न तो सिविल सर्जन ने नर्सिंग होम जाकर बच्चे की सुध ली न ही दोषी स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों एवं नर्सों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। इस मामले ने साफ कर दिया है संस्थागत प्रसव को लेकर बड़े - बड़े दावे करने वाली स्वास्थ्य विभाग आज भी महिलाओं के सुरक्षित प्रसव कराने को लेकर गंभीर नहीं है। आदित्यपुर शहरी स्वास्थ्य केंद्र में संस्थागत प्रसव के नाम पर भले दो-दो डॉक्टरों के साथ नर्सों है। लेकिन डॉक्टर सरकारी मशीनरी का वो हिस्सा हैं जिन्हें मानवीय संवेदना से कोई लेनादेना नहीं।वही नर्स को इसी में खुशी मिलती है। किसी तरह से बच्चे का प्रसव हो जाये और उन्हें नजराना मिल जाए। लेकिन जिस परिवार पर मुसीबत आए उसे सहारा कौन देगा ये बड़ा सवाल है। बहरहाल समय रहते यदि सरकारी मशीनरी सक्रिय नही हुई तो बच्चे को बचा पाना मुश्किल होगा। हालाकि इस संबंध में सिविल सर्जन से बात करने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने यह कहकर फोंन को काट दिया अभी मीटिंग में हूं, फ्री होकर बात करता हूं। उसके बाद आजतक उन्होंने बात करना जरूरी नहीं समझा। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से आम जनता एवं स्थानीय नागरिकों को नित्य प्रतिदिन इस तरह की समस्या से गुजरना पड़ता है।

# जदयू का कोल्हान प्रमंडलीय बैठक 3 दिसंबर को कई दिग्गज होंगे शामिल, तैयारी में जुटी पार्टी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जनता दल यूनाइटेड की कोल्हान प्रमंडलीय बैठक आदित्यपुर युवा जदयू कार्यालय में की गयी। बुधवार को बैठक में प्रभारी सरवन कुमार व युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह शामिल हुए। मौके पर आगामी 3 दिसंबर को होने वाले कोल्हान प्रमंडलीय बैठक का रूपरेखा तय किया गया। मौके पर निर्मल सिंह ने बताया आगामी 3 दिसंबर को कोल्हान प्रमंडलीय बैठक में मुख्य अतिथि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, झारखंड के प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी, झारखंड के सह प्रभारी बिहार विधान परिषद के सदस्य विजय सिंह, बिहार विधानसभा के सदस्य मनोज यादव, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कार्यक्रम में कोल्हान के लगभग 25 हजार सदस्यों की भागीदारी होगी। उन्होंने पार्टी के सभी नेता व कार्यकताओं को नेता व कार्यकताओं को जोर-शोर से तैयारी में लगने का दिशा निर्देश दिए। बैठक में पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष विश्राम प्रसाद, सरायकेला के जिलाअध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार, चाईबासा के जिला अध्यक्ष विश्राम मुंडा, युवा जदयू के जिला अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष यशवंत सिंह, प्रदेश महासचिव कौशल कुमार,प्रदेश महासचिव संजय ठाकुर, प्रदेश महासचिव अंजली सिंह, युवा जदयू के प्रदेश महासचिव प्रीतेश्वर द्विवेदी, युवा जदयू के प्रदेश महासचिव अजय कुमार, युवा जादू के प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र सिंह भोला, युवा जादू के प्रदेश सचिव मनोज मांझी सहित प्रदेश पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

# क्षेत्र के विकास का आईना होती है सड़क : मंत्री मिथिलेश

20 करोड़ की लागत से होगा दो सड़कों का निर्माण, मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा में करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से दो सड़कों का निर्माण किया जायेगा। झारखंड सरकार पथ निर्माण विभाग ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत करीब 50 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल गढ़वा के तहत तिलदाग मोड़ से अटौला मोड़ तक 23.42 किलोमीटर लंबी सड़क की राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य किया जायेगा। इसके लिए 10 करोड़ 70 लाख 64 हजार 100 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। जबकि पथ प्रमंडल गढ़वा के चैनपुर-रमकंडा पथ के 13वें किलोमीटर से 26.71 किलोमीटर तक कुल 13.71 किलोमीटर लंबी सड़क के राईडिंग क्वालिटी में सुधार किया जायेगा। इसके लिए नौ करोड़ 25 लाख 79 हजार 600 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि इन सड़कों की स्थिति काफी जर्जर हो गयी थी। इसके बेहतर निर्माण की अति आवश्यकता थी। अब इन सड़कों का बेहतर निर्माण कार्य हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। इन सड़कों का उपयोग मिनी बाईपास के रूप में किया जाता है। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा का कोई भी क्षेत्र बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से वंचित नहीं रहेगा। किसी भी क्षेत्र की विकास का आईना सड़क ही होता है। यदि लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा न मिले तो विकास कार्य पूर्ण नहीं समझा जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद विषम परिस्थितियों में भी गढ़वा सहित पूरे राज्य का काफी तेजी से विकास हो रहा है। पूरे राज्य में आधारभूत संरचनाओं में आमूलचुल परिवर्तन हुआ है। मंत्री ने कहा कि विकास कार्य करने के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि को दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ समर्पित होकर कार्य करना पड़ता है। सिर्फ लच्छेदार बातों से जनता को बेवकूफ बनाने से विकास कार्य नहीं होता है।

## पेंशनरों ने शिविर में लाइफ सर्टिफिकेट जमा किया



**गढ़वा। भारतीय स्टेट बैंक गढ़वा द्वारा आज झारखंड पेन्शन कल्याण समाज के जिला कार्यालय में लाइफ सर्टिफिकेट हेतु लगाये गये शिविर में कुल 30 पेंशनर का लाईफ सर्टिफिकेट लिया गया। कुछ पेंशनर अन्य बैंक के थे। जिन्हें संबंधित बैंक में भेज दिया गया। बैंक की ओर से पदाधिकारी के रूप में शिव राम कृष्ण आये थे। केके यादव ने कहा कि यह एक अच्छी शुरूआत है। इस सहयोग के लिए हम मुख्य प्रबंधक महोदय को संगठन की ओर से बधाई देते हैं। काफी आसानी से प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया। सभी पेंशनर काफी खुश नजर आये।**

# राज्य की सरकार गरीबों का निवाला लूटने में लगी है: राजीव रंजन तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं से किया वादा को पूरा करें नहीं तो समय पर राज्य के युवा मुकम्मल जवाब देंगे उक्त बातें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी ने जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार राज्य मे जब से सत्ता में आयी राज्य के युवा परेशान है। युवकों को रोजगार तो नहीं दिया जा रहा है। लेकिन हेमंत सोरेन ने बेरोजगार युवक युवकों को जो बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था उसे आज तक पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि गढ़वा के विधायक पेयजल जल और स्वच्छता मंत्री बने हैं। लेकिन आज तक गढ़वा में पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था नहीं हो सकी। उसके बाद भी उनके वेतन भोगी कार्यकर्ता स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही के बारे में अनर्गल बयान बाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में लोगों को अपना घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है लेकिन गढ़वा जिले में ठेकेदारों द्वारा बड़े-बड़े इमारत खड़ा कर दिया जा रहा है। जिसमें कल्याणपुर स्थित समाहरणालय भी है। उन्होंने कहा कि जब से समाहरणालय बनना शुरू हुआ है उसके पहले से ही गढ़वा में बालू पूरी तरह से बंद है। लेकिन समाहरणालय बनाने वाले ठेकेदार को बालू उपलब्ध हो रहा है । वहीं जिले के लोगों को घर बनाने के लिए एक ट्रैक्टर बालू तक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार बालू से तेल निकालने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष की भूमिका निभा रही है। लेकिन राज्य सरकार अपनी किये वादे पर पूरी तरह से विफल है। वहीं भाजपा के जिला मंत्री बबलू पटवा ने कहा कि जब से राज्य में हेमंत की सरकार सत्ता में आयी है। और विपक्ष पार्टी भाजपा कि नेताओं द्वारा आवाज उठाए जाने पर अनर्गल बयान बाजी कर उसे दबाने की कोशिश की जा रही है। प्रेस वार्ता में भाजयुमो जिला अध्यक्ष रितेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी आदि ने भी हेमंत सरकार के कार्यशैली पर जमकर बरसे।

# दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में स्कूल की तरफ लौटो विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में भारत सरकार और एनसीटीई के निर्देशानुसार स्कूल की तरफ लौटो विषय पर पोस्टर तैयार करना तथा किसी भी अभिनव विद्यालय के कार्यशील प्रतिरूप पर सृजन कार्यक्रम किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि कला मानवीय भावो की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने प्रशिक्षुओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कला के माध्यम से मनुष्य अपने भावो को व्यक्त करता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एमके सिंह ने कहा की सभी मानवीय सभी क्रियाओ में कला का समावेश है जो निरंतर सीखने की जरूरत है तभी लोगो में एक निर्वाह और आत्म संतुष्टि होती है, और प्रशिक्षुओ को कला में रुचि लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले बीएड और डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओ ने भाग लिया जिसमें सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओ में अंजली कुमारी, प्रतिज्ञा नागेशी, चंदन कुमार, गोविंद कुमार चंद्रवंशी, शहनाज प्रवीण, रीमा गुप्ता, निरंजन कुमार रवि को महाविद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में, श्री शशिकांत सिंह यादव, अशोक कुमार यादव, अभिमन्यु शुक्ला, ओमप्रकाश, राकेश कुमार सिंह उपस्थित रहे, जिसमें शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुधीर कुमार धर दुबे और बीएन सिंह उपस्थित रहे।

# अलखनाथ पांडेय ने सघन चुनाव अभियान चलाया

**इस बार छत्तीसगढ़ राज्य में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है: अलखनाथ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** छत्तीसगढ़ राज्य के नारायणपुर विधानसभा चुनाव के प्रभारी भाजपा झारखंड के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पांडेय ने नारायणपुर विधानसभा छत्तीसगढ़ के नारायणपुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 15 के डुमरतराई और वार्ड नंबर 5 गुडरीपारा सहित विभिन्न वार्डों में वहां के स्थानीय महिला और पुरुष मतदाता लोगों के बीच बैठक कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। चुनाव अभियान के दौरान भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने आजाद सिपाही को फोन पर बताया कि वहां के मतदाता वर्तमान कांग्रेस की सरकार से त्रस्त है। वे लोग भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुके हैं।

उन्होंने कहा कि इस बार हमलोग नारायणपुर विधानसभा चुनाव जितेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अपने कार्यकाल में जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। चुनाव में इसका जवाब जनता देने के लिए तैयार है। जिस तरह से पूरे राज्य में वर्तमान सरकार के द्वारा झूठे वादे किये गये और केंद्र सरकार के द्वारा किये गये कार्यों को अपना कार्य राज्य सरकार बता रही है। उन सब बातों को जनता पूरी तरह से समझ चुकी है। इसलिए इस बार छत्तीसगढ़ राज्य में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। मौके पर गढ़वा से गये कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

## 2 नवंबर को रोजगार मेला का आयोजन

**कांडी (आजाद सिपाही)।** बेरोजगार युवक और युवतियों के लिए सुनहरा अवसर है। जिले के कांडी प्रखंड परिसर में 02 नवंबर को एक दिवसीय कौशल सह रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इसके लिए सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक समय सुनिश्चित किया गया गया है। यह आयोजन झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, गढ़वा के तत्वधान में दिन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना विकास मंत्रालय, भारत सरकार अंतर्गत होगा। इस योजना के तहत बेरोजगार युवक व युवतियों को रोजगार की व्यवस्था होगी। वहीं रोजगार देने से पूर्व युवक व युवतियों को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। बेरोजगार युवक व युवतियां ससमय पहुंचकर लाभान्वित हों। इस योजना की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, प्रखंड प्रमुख, बिस सूत्री अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, सभी पंचायतों के मुखिया व पंचायत समिति सदस्य को भी दी गयी है। एक-एक प्रतिलिपि जिला कार्यक्रम प्रबंधक गढ़वा व जिला प्रबंधक जॉब एंड स्किल गढ़वा को भी दी गयी है।

## औषधि निरीक्षक ने खरौंधी में एक्सपायर्ड दवा बेचने के मामले में जांच की



**खरौंधी (आजाद सिपाही)।** खरौंधी बाजार मे एक्सपायर दवा बेचने के मामले मे गढ़वा औषधी निरिक्षक चंदन कुमार अंजन मेडिकल एजेंसी पहुंचे। औषधी निरिक्षक की आने की सूचना मिलते ही क ई दूकानें बंद कर दी गयी। जबकि अंजन मेडिकल के प्रोपराइटर अंजन गुप्ता कई दिनों से अपने पिता का ईलाज डाल्टनगंज मे करा रहे थे। औषधी निरिक्षक चंदन कुमार ने भूक्तभोगी संतोष यादव से बयान लिया। जिसमे संतोष यादव ने औषधी निरिक्षक से एक्सपायर दवा दूकानदार के द्वारा देने की बात कही। इसके अलावा संतोष ने कारवाई की मांग की है। इधर औषधि निरिक्षक चंदन कुमार ने बताया कि एक्सपायर दवा बेचने मामले मे खरौंधी पहुंचे थे। उनका दूकान बंद पाया गया। उनके घरवालों ने बताया कि अंजन गुप्ता अपने पिता का ईलाज करा रहे हैं। जैसे ही दवा कराकर वापस लौटते हैं। मामले की तह तक जाने का प्रयास किया जायेगा। दोषी पाये जाने पर कड़ी कारवाई की जायेगी।

# छत्तीसगढ़ में चुनाव के मद्देनजर विधि व्यवस्था और आवश्यक तैयारियों को लेकर बैठक

**रंका, चिनिया, बरगढ़, भंडरिया और धुरकी प्रखंडों में चेकपोस्ट का निर्माण कराते हुए वीडियोग्राफी करने का निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने छत्तीसगढ़ राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य से सटे गढ़वा जिला के सीमावर्ती प्रखंडों में विधि व्यवस्था और आवश्यक तैयारियां को लेकर बैठक की गयी। बैठक में गढ़वा जिला के छत्तीसगढ़ राज्य से सटे प्रखंड क्षेत्र में की जा रही तैयारी एवं करवाई की समीक्षा की गयी। छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती प्रखंडों यथा- रंका, चिनिया, बरगढ़, भंडरिया और धुरकी प्रखंडों में चेकपोस्ट का निर्माण कराते हुए वीडियोग्राफी करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मौके पर उपस्थित उत्पाद अधीक्षक को उक्त क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री और ढुलायी पर पैनी नजर रखते हुए उचित कार्रवाई करने तथा की जा रही कार्रवाइयों की वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया। चेकिंग के दौरान जप्त किये गये अवैध शराब का रिपोर्ट और नष्ट किये गये मादक पदार्थ का रिपोर्ट साझा करने को भी कहा गया। बैठक में उपायुक्त ने विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारियों और पुलिस के जवानों को सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया और निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी गाइडलाइन को फॉलो करने को कहा गया।

उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडे, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप समेत जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल रंका के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी, धुरकी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने पिकअप में भरे प्रतिबंधित मांस के साथ चार लोगों को पकड़ा, थाने को किया सुपुर्द

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मझिआंव।** मंझिआव गढ़वा मुख्य पथ पर खजुरी गांव में ग्रामीणों ने मंगलवार को गत रात्रि साढ़े सात बजे प्रतिबंधित मांस लदे छोटा पिकअप वाहन(JH03K-6474) को रोका और उसमें चालक सहित बैठे चार लोगों को पकड़ लिया और तत्काल मंझिआव थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित को मोबाइल फोन से सूचना दी सूचना पाते ही आयी पुलिस ने पिकअप को जब्त कर लिया और चारो लोगों को हिरासत में लेकर थाना ले गयी।

प्राप्त समाचार के अनुसार खजुरी गांव का एक युवक गढ़वा से अपने घर आ रहा था। इसी बीच आगे आगे जा रहे पिकअप के दुर्गंध से उसे प्रतिबंधित मांस होने का अंदेशा हुआ और खजुरी गांव में मोबाईल से सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों ने पिकअप को रोक दिया और उसमें सवार चारो लोगों को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिकअप के अंदर तिरपाल में कुछ बंधा हुआ था, और उससे भारी दुर्गंध उठ रहा था। और पूछने पर उन लोगों द्वारा बताया गया कि वे लोग नदी से हड्डी चुनकर हैदर नगर ले जा रहे हैं। इसके बाद यह पूछने पर कि इतना पूरा पिकअप हड्डी एक ही स्थान से कहां मिल गया, इसपर उनके द्वारा कोई जवाब नही दिया जा सका। बहरहाल पुलिस उन सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। और डॉक्टरों की टीम के द्वारा प्रतिबंधित मांस की जांच के लिए सैंपल ले जाया गया है।

वहीं प्रशासन ने उक्त लोगो पर कार्रवाई करते हुए आज दिनांक-01/11/ 2023 को माझिआव थाना कांड संख्या 132 / 23 दिनांक 1/1 1/2023 धारा -12 Jharkhand bovine animÔl prohibition of slaughter actएनिमल प्रोविजन का स्लॉटर एक्ट के तहत अभियुक्त (1) मोहम्मद शमशाद उम्र करीब 25 वर्ष पिता मोहम्मद एकबाल ग्राम भाई बीघा और (2) महफूज अंसारी उम्र करीब 40 वर्ष पिता शमसुद्दीन अंसारी ग्राम भादुवा उर्फ गडरियाडीह (3) विनोद डोम उम्र करीब 30 वर्ष पिता भुआली डोम ग्राम चेचारिया (4)मिंटू डोम उम्र करीब 30 वर्ष पिता गटोरी डोम ग्राम हैदर नगर सभी थाना हैदर नगर जिला पलामू को विधिवत गिरफ्तार कर उचित मार्ग अभिरक्षा में माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।

## एनसीआरटी के तहत आयोजित परीक्षा 3 नवंबर को

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** देश के सभी राज्यों में एनसीआरटी द्वारा स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे 2023 के तहत आयोजित मानक संचालन प्रक्रिया की परीक्षा आगामी 3 नवंबर को होगी। उक्त परीक्षा में भवनाथपुर प्रखंड के 28 विद्यालयों को चयनित किया गया है।

इस बाबत बीपीओ रविंद्र मेहता ने कहा कि आगामी 3 नवंबर को होने वाले परीक्षा में प्रखंड के 28 विद्यालयों में वर्ग 3, 6 और 9 में अध्ययनरत विद्यार्थियों का परीक्षा आयोजित होगी। इस संबंध में बीपीओ रविन्द्र मेहता ने बताया कि संबंधित सभी प्रधानाध्यापक अपने यहां आयोजित परीक्षा की तैयारी कर लें। उन्होंने सभी सीआरपी को अपने संकुल अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ मिलकर तैयारी कर लेने की बात कही ताकि परीक्षा को सफल बनाया जा सकें। उन्होंने कहा की हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम को प्रखंड के सभी विद्यालयों में लागू किया गया है। इसे अच्छे तरीके से संचालित करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम के तहत सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शनिवार को सभी बच्चों को स्वास्थ्य सबंधी जानकारी देना है।

उन्होंने कहा कि झारखंड विद्यालय स्वास्थ्य अभियान के तहत विद्यालयों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें एनीमिया, एल्बेंडाजोल की गोली नियमानुसार बच्चों को खिलाना है।

# झारखंड की हेमंत सरकार भ्रष्ट सरकार : भानु प्रताप शाही

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड की हेमंत सरकार भ्रष्ट सरकार है यह सरकार भ्रष्टाचार में संलिप्त है गरीबों को परेशान करने वाली सरकार झारखंड के हेमंत सरकार है उक्त बातें भवनाथपुर के विधायक सह भाजपा नेता भानु प्रताप शाही ने नगर ऊंटरी प्रखंड के नारखोरिया, बभनी, कुंबा, प्ताहरिया, हुलहुला में लगभग 9 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क और नाली का शिलान्यास के अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा। भानु प्रताप शाही ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार आज यहां की जनता को परेशान करने का कोई मौका नहीं छोड़ती है उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक हो कचहरी हो सारे जगह भ्रष्टाचार व्याप्त है। बालू को सोना बनाने वाले हेमंत सरकार जनता को त्रस्त किये हुए हैं उन्होंने कहा कि राजनीति विकास के पैमाने पर होने चाहिए मोदी जी केंद्र से जो पैसा भेजते हैं, उसे हेमंत सरकार के बैठे पदाधिकारी ब्लॉक में कमीशन की भेंट चढ़ा देते है। भ्रष्ट पदाधिकारी जनता को लूटने का काम कर रहीहैं। मनरेगा का कुआं हो, टीसीबी हो या नाली हो, पेंशन जैसी जन उपयोगी योजनाएं को भी हेमंत सोरेन के पदाधिकारी भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आज सब चीज का रेट तय है कुआं लेने के लिए 25000 टीसीबी के लिए 5000 इसी प्रकार से हर योजनाओं के लिए सरकार के इन पदाधिकारी को पैसा देना पड़ रहा है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि वे जो कहते हैं उसको पूरा करते हैं मैं कह कर गया था कि यहां विकास की गंगा बहाउंगा तो आज बिकास की गंगा बह रही है। चाहे सड़क हो उप स्वास्थ्य केंद्र हो या पंचायत भवन हो स्कूल हो हर क्षेत्र में यहां पर विकास हुआ है ।

**बंबा डैम का पानी बभनी तक पहुंचे** : जैसे वे पूरा नही कर पाये लेकिन उनका बेटा होने के नाते इस क्षेत्र का विधायक होने के नाते मैं उसे पूरा कर रहा हूं। हालांकि उनके अपने बेटे कुम्बा के पानी को सोनबरसा और बंबा के पानी को बभनी तक पहुचाने का कभी प्रयास नही किया क्यो की दोनो भाई कभी कुंबा बभनी, नारखोरिया हुलहिला पताहरिया, गरबांध जैसे गावों का विकास चाहा ही नही है। बल्कि कुंबा और गरबांध को शिकार खेलने में उपयोग करते आये है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि राजनीति करना है तो लोगों की सेवा कार्य कीजिए मैं 13000 लोगों को आंख बनवाया, ढाई सौ बहनों को भाई बनकर बहनों का विदाई किया। 10000 लोगों को भोज करवाया, इसी प्रकार से कई कार्यो को मैंने करवाया है। कोरोना जैसी महामारी में यह लोग बाहर भाग गये। जबकि मैं कदम से कदम मिलाकर यहां के जनता के साथ कोरोना की लड़ाई लड़ा उनको खिचड़ी, उनको दवाई, सारा उपलब्ध कराया।

मैं उनको चुनौती देता हूं कि आगामी चुनाव में दोनों को एक साथ पछाड़कर में विधानसभा पहुंचूंगा। जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है। उन्होंने कहा कि कुम्बा में 1952 से 2005 तक 14 विधायक बने लेकिन किसी ने कुंबा में विकास योजना नहीं पहुंचा कुंबा में स्कूल को उत्क्रमित मैंने करवाया, पंचायत भवन मैंने बनवाया, बिजली मैंने पहुचाया, सड़क मैंने बनवाया, अस्पताल मैंने बनवाया और ढिबड़ीयुग से मुक्ति भानु प्रताप शाही ने दिलवाया है। दूसरे के काम को अपना काम बताने वाले यहां के मंत्री भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले हैं उनका अपना विकास कार्य कर शिलान्यास करना चाहिए फीता काटना चाहिए प्रशासन उनके नाक की तरह से नीचे से जनता को लूट रही है जनता त्राहि त्राहि हैं मंत्री और उनके नेट देख रहे हैं प्रशासन और पदाधिकारी को सरकार वैसे मंत्री का हाथ भ्रष्ट पदाधिकारी के पीठ पर है।

## कोरवा टोला में छह महीने से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी क्षेत्र के धोबनी गांव के कोरवा टोला में पिछले छः महीने से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है खराब ट्रांसफार्मर गांव में अंधेरा होने से परेशान उपभोक्ताओं ने ट्रांसफार्मर के पास काफी समय तक हंगामा किया। धोबनी गांव के कोरवा तोला में 25 केवीए का ट्रेसफार्मर लोड न लेने के कारण बार बार खराब हो जा रहा है इस ट्रेसफार्मर से जुड़े उपभोक्ता सतेश कोरवा, चरण कोरवा, कलपु कोरवा, संजय कोरवा, मिथुन कोरवा, अतेंद्र यादव,सुर्जन यादव,कालावति देवी, मानमती देवी, पिंटू कोरवा,नंदू कोरवा,आदि ने बताया कि ट्रांसफार्मर का लोड 25 केवीए के बाजय 63 केवीय करने के लिए मांग किया है। इसके लिए बिजली विभाग को आवेदन पत्र लिखकर दिया गया है। ट्रांसफार्मर के अभाव में गांव में अंधेरा ब्याप्त है। ग्रामीणों को समस्या को बिभागिये अधिकारियों के विरोध में ग्रामीणों ने ध्वस्त ट्रांसफार्मर के समीप खड़ा होकर के काफी देर तक हंगामा किया ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से अविलंब गांव के खराब ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के साथ बदलने की मांग की है।

# खूंटी में चार से 15 नवंबर तक लगेगा एसआइएस भर्ती शिविर

**शिविर में 750 सुरक्षा जवान, 250 सुरक्षा सुपरवाइजर और दो सौ कैश कस्टडियन का किया जायेगा चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सेक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया और सेक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों में चार से 15 नवंबर तक अलग-अलग दिनों में भर्ती शिविर का आयोजन किया जायेगा। भर्ती शिविर में 750 सुरक्षा जवान, 250 सुरक्षा सुपरवाइजर और 200 कैश कस्टडियन का चयन किया जायेगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में एक माह का प्रशिक्षण देने देने के बाद सेक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड में पांच हजार कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी। भर्ती अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ सुरक्षा जवान की उम्र 21-37 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर से ऊपर होनी चाहिए। सुपरवाइजर के लिए उम्र 21 वर्ष से 37 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटीमीटर और वजन 56 किलो होना अनिवार्य है। भर्ती अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जिले के युवकों का चयन करके उन्हें प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए तोरपा प्रखंड परिसर में चार और पांच नवंबर को, रनिया प्रखंड परिसर में छह और सात नवंबर को, मुरहू प्रखंड परिसर में आठ और नौ नवंबर को, कर्रा प्रखंड परिसर में 10 और 11 नवंबर को अड़की प्रखंड परिसर में 12 और 13 नवंबर को तथा खूंटी प्रखंड परिसर में 14 और 15 नवंबर को शिविर का आयोजन कर शारीरिक मापदंड और लिखित परीक्षा आयोजित कर सफल अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के लिए नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत सभी जवानों को एसआइएस इंडिया लिमिटेड में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। सेक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड के मुख्य कार्यस्थल लाल किला, कुतुब मीनार, फतेहपुर सीकरी, खजुराहो, सांची स्तूप, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, सीआइडी, बिरला ग्रुप, एयरपोर्ट पर नियुक्ति प्रदान की जायेगी। साथ ही प्रशिक्षण के उपरांत उम्मीदवारों को एसआइएस द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा।

भर्ती अधिकारी ने बताया कि सफल अभ्यर्थियों को जहां पर तैनात किया जायेगा, वहां राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत योग्यता अनुसार सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस ग्रेविटी, ग्रुप इंश्योरेंस, मेडिकल, आवास एवं दो बच्चों को आइपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता और खाने की सुविधा दी जाती है।

## अधिकारियों ने ली मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बुधवार को खूंटी प्रखंड कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित सभी बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित थे। इस दौरान बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी अधिकारियों ने ली। साथ ही निर्देश दिये गये कि सक्रियता के साथ कार्य करें और उचित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करायें। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 27 अक्टूबर से नौ दिसंबर 2023 तक मतदाता सूची में अपना निबंधन, सुधार और पुनरीक्षण अवश्य करवाएं। सभी पात्र नागरिक, जो एक अक्टूबर 2024 को या पहले 18 वर्ष के हो जायेंगे, फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में पंजीकरण करायें।

## बचरा में चार नंबर खेल मैदान में स्व. भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा चार नंबर खेल मैदान में बुधवार को स्व. भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार और विशिष्ट अतिथि मे टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव मौजूद थे। टूर्नामेंट का उद्घाटन स्व. भोला साव के चित्र पर माल्यार्पण कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच दिपिका क्लब खपिया बनाम केएफसी क्लब कुसुमटोला के बीच खेला गया। कार्यक्रम में स्व. भोला साव के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. भोला साव का खेल के क्षेत्र में काफी योगदान रहा है। कोयलांचल क्षेत्र में होने वाले सभी प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं में वह बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। वही खिलाड़ियों को हर संभव मदद कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम करते थे। इस मौके पर आरसीएम साईडिंग मैनेजर धीरप्रताप सिंह, कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, मुखिया रीना देवी, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता, समाजसेवी गीता एक्का, बिनोद सिंह, धीरेंद्र शर्मा, उमेश महेता, उगन महतो, लक्ष्मण मंडल, गिरजा प्रसाद, कमला महतो, मुकेश राणा, अरूण सिंह सहित आयोजन समिति के सुनील साव, दीपक कुमार महतो, लखनलाल महतो, नरेश रावत, सेवा उरांव, संतोष राम, पप्पू सोनी, मनोज कुमार, सुरेश महतो, संतोष महतो, ब्रह्मदेव उरांव, दीनदयाल नोनिया, रामकुमार भुईयां, राजेश कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन तारकेश्वर महतो के द्वारा किया गया।

## मारुति वैन में सवार दो अपराधियों को कर्रा पुलिस ने पकड़ा, एक देसी पिस्टल और दो गोली बरामद

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा थाना की पुलिस ने मंगलवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाकर एक मारुति ओमनी वैन में सवार दो अपराधियों को खदेड़कर कर पकड़ लिया। पकड़े गये अपराधियों की तलाशी लेने पर उनके पास से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा गोली बरामद हुई। पकड़े गये आरोपितों में कर्रा के हसबेड़ा गांव निवासी रामजतन सिंह का पुत्र निशांत कुमार उर्फ पप्पू (35 वर्ष) और कर्रा बड़ाईक टोली निवासी कमल महतो का पुत्र पप्पू महतो (19 वर्ष) शामिल हैं। इस संबंध में कर्रा थाना में बुधवार को आर्म्स एक्ट के तहत आरोपितों के विरुद्ध एक मामला दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात कर्रा थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक सफेद रंग की मारुति वैन में हथियार के साथ दो अपराधी कर्रा रेलवे स्टेशन के आसपास घूम रहे हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कर्रा थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामार टीम जब रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंची, तो पुलिस टीम को देखकर वैन में सवार अपराधी भागने लगे। पुलिस टीम ने भागते अपराधियों को खदेड़कर जोने गांव जाने वाली पक्की सड़क पर पकड़ लिया। छापामार टीम में कर्रा थाना प्रभारी के अलावा एसआई रंजीत कुमार यादव और संजीव कुमार एएसआई मो शफीक खान सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## छाता पंचायत मुख्यालय में लगा जनता दरबार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के कर्रा प्रखंड के छाता पंचायत मुख्यालय में बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सौजन्य से जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा शिविर के साथ ही विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। विभागों द्वारा लगे स्टॉल पर ग्रामीणों की समस्याओं और सरकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। मौके पर संबंधित विभाग द्वारा आवेदनों का यथासंभव निष्पादन करने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य शिविर में आये ग्रामीण के स्वास्थ्य की जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों पर लाभार्थियों से आवेदन लिए गये। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी और योजनाओं के प्रति जागरूक होने अपील की गयी। जनता दरबाार में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित स्टॉल पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। मौके पर समाजिक सुरक्षा वृद्धा/विधवा पेंशन के 24 आवेदन प्राप्त किए गए। इनमें 14 को तत्काल स्वीकृति दी गयी। समाज कल्याण विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में सावित्री बाई फूलो किशोरी समृद्धि योजना के 21 आवेदन प्राप्त किये गये। पीएम अबुआ आवास के 310, आयुष्मान कार्ड के चार, राशन कार्ड का एक, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के दो, मनरेगा जॉबकार्ड के 12 आवेदन प्राप्त किये गये। पशुपालन विभाग के स्टॉल में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के 10 आवेदन प्राप्त किये गये, वहीं जेएसएलपीएस के स्टॉल में फूलो झानो आशीर्वाद योजना के सात आवेदन प्राप्त किये गये। चिकित्सा शिविर में 48 ग्रामीणों की जांच की गयी।

## पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से योगदान दें कार्यकर्ता: सत्यनारायण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी के जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री की हुई बैठक में 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उलिहातू आगमन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि 15 नवंबर को भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के जश्न में जाबांज आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने के लिए 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री का आगमन भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में हो रहा है। सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम का भव्य आयोजन करने में योगदान दें। बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने कहा कि 15 नवंबर को प्रधानमंत्री के उलिहातू दौरे को ऐतिहासिक बनाने के लिए आप सभी कार्यकर्ता तन-मन-धन से योगदान दे। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि 15 नवंबर को प्रधानमंत्री का आगमन उलिहातु में हो रहा है। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उनका स्वागत करने की तैयारी करें। सभी मंडल से बूथ तक के कार्यकर्ता को इसमें मेहनत करनी है, तभी कार्यक्रम सफल होगा। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री का आगमन बिरसा मुंडा की धरती खूंटी में चौथी बार होने जा रहा है। मंच संचालन महामंत्री बिनोद नाग ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधू बेहरा, संजय साहू, कैलाश राम, गंदौरी गुड़िया, विष्णु सोनी, तमाड़ जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, प्रदेश मंत्री अजजा मोर्चा जगरनाथ मुंडा, लव चौधरी, सोशल मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, गुलाब महतो, मण्डल अध्यक्ष निखिल कंडुलना, मदन मोहन गोप, बालकिशुन महतो, रामध्यान सिंह, पुरेंद्र मांझी, मोती पातर, बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास, प्रदेश युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य प्रियांक भगत, मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, योगेन्द्र नायक, संजय मुंडा, रामानंद साहू, रांची युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेक आनंद जयसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष रंदाय नाग, मोर्चा महामंत्री विजय राम, सीमा देवी, सुदर्शन भोगता, विकास चौधरी आदि उपस्थित थे।

## कोल इंडिया स्थापना दिवस पर कामगारों को मिला प्रमोशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय में कोल इंडिया का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर अशोक परियोजना कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने झंडोंतोलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कंपनी के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोयला मजदूरों के सहयोग और प्रयास से कंपनी महारत्न बनी है। सीसीएल के उत्पादन लक्ष्य में अशोक परियोजना की अहम भूमिका है। यहां के मजदूर और अधिकारी दिन-रात मेहनत कर कंपनी के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए काम कर रही है।स्थापना दिवस के अवसर पर अशोक ओसीपी के करीब 77 कोयला मजदूरों को प्रमोशन दिया गया। पीओ संजय कुमार ने सभी मजदूरों को प्रमोशन लेटर देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सभी कोयला मजदूर और अधिकारियों को ईमानदारी पूर्वक काम कर परियोजना के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कोल इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर परियोजना के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच मिठाई का भी वितरण किया गया। इस मौके पर पीओ संजय कुमार,खान प्रबंधक एसके सिंह,कार्मिक प्रबंधक हेमचंद महतो, शिशिर गर्ग, मिथिलेश कुमार, शंभु शरण प्रसाद, जगदीश मंडल, भीम प्रसाद मेहता, धनेश्वर गंझु, केके चतुवेर्दी, सुभाष साव, अरुण कुमार सिंह, बिजेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, बासुदेव प्रसाद, दिलिप महतो, मिंटु कुमार, मनोज कुमार सहित परियोजना के कई अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## शत प्रतिशत युवाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलायें : जिला शिक्षा अधीक्षक



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त के निर्देश पर सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक खूंटी और अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा बुधवार कों आदर्श विद्यालय, खूंटी के सभागार में खूंटी प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ पोशाक, ई-कल्याण, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम जैसे कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। विद्यालयवार नामांकन के विरुद्ध अब तक डीबीटी के लिए उपलब्ध कराये गये आंकड़ों की समीक्षा की गयी और निर्देशित किया गया कि शेष सभी बच्चों का खाता अथवा उनके खाता उपलब्ध नहीं रहने की स्थिति में उनके माता-पिता की खाता विवरणी तीन नवंबर तक प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध करायें, ताकि शत प्रतिशत बच्चे योजना से लाभांवित हो सकें। खूंटी प्रखंड के 30 विद्यालयों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर एक भी छात्र का पंजीकरण नहीं किया गया है। निर्देशित किया गया पांच नवंबर तक तक सभी विद्यालयों द्वारा लाभार्थी का पंजीयन ई-कल्याण पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करेंगे। उपस्थित सभी शिक्षकों को अवगत कराया गया कि उनके द्वारा विगत माह में निरक्षरों और स्वयसेवकों के सर्वे के आधार पर चयन किया गया है। प्रखंड में चयनित स्वयंसेवकों द्वारा साक्षरता केंद्र संचालित करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार ने दिया।

## डीएसओ ने डीलर के साथ की बैठक



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने बुधवार को सोनाहातू सभागार में प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक किये।**

**डीएसओ ने पीडीएस दुकान से संबंधित जानकारी लिए और कहा की सभी दुकानदार सूचना पट्ट को दुरुस्त करेंगे, कार्डधारी का नाम सूचना पट्ट में आवश्यक होनी चाहिए। कार्य दिवस में नियम अनुसार वितरण व्यवस्था चालू रखेंगे। पारदर्शिता के साथ लोगों को अनाज का वितरण करें। अनाज वितरण व्यवस्था की शिकायत मिलने पर करवाई होगी। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी धनजंय सिंह सहित प्रखंड के सभी डीलर मौजूद थे।**

## कोल इंडिया का 49वां स्थापना दिवस मनाया गया



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार में कोल इंडिया का 49 वां स्थापना दिवस धुमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय में जीएम सीबी सहाय ने झंडोतोलन किया, जिसके बाद कोल इंडिया की कोरपोरेट गीत बजाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीएम सीबी सहाय ने कोल इंडिया के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भूमि समस्या और विपरीत परिस्थितियो का सामना करते हुए पिपरवार क्षेत्र उत्पादन के क्षेत्र मे लगातार बेहतर प्रदर्शन कर कंपनी और कोल इंडिया का नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी विस्थापित रैयतो से भी कोयला उत्पादन में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक प्रबधंक ज्योति कुशवाहा और धन्यावाद ज्ञापन नागेश कुमार ने किया। स्थापना दिवस के मौके पर पिपरवार एरिया से कई कोयला मजदूरों को प्रमोशन दिया गया। सभी कोयला मजदुरो को प्रमोशन लेटर देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जीएम सीबी सहाय, स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जीएसपी शर्मा, इंद्रजीत सिंह, शकील अख्तर, मोहनलाल सिंह, अरुण कुमार महतो, रूपिंद्र सिंह, सुदामा लाल श्रमिक प्रतिनिधि मुद्रिका प्रसाद, भीम सिंह यादव, ललन सिंह, दिलिप गोस्वामी, रतन लाल, रामचंद्र उंराव, बिनोद सिंह उर्फ विधायक, अभय सिंह, रविंद्र सिंह, रामू गोप, जंग बहादुर राम, बिरेंद्र महतो सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।फोटो-1

## किसान जनाधिकार मंच की बैठक आयोजित



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** घाघराबेड़ा बुंडू में मंगलवार को गाभडेया पंचायत के मुखिया सह प्रखंड अध्यक्ष संदीप उरांव की अध्यक्षता में किसान जनाधिकार मंच की बैठक रखी गयी। जिसमें ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया इस बैठक में घाघराबेड़ा टोला बंडलजारा रोड की समस्या, गाभेडेया पंचायत के उख टोला मैं पेयजल की जोरदार समस्या घाघरा बेड़ा के पास बिरसा मुंडा एतवा मुंडा पुशुवा मुंडा की जमीन खाता नंबर 57 प्लॉट नंबर 1057 एनएच 33 के किनारे स्थित भूमि पर भू माफिया के द्वारा जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है की चर्चा की गयी। इसके अलावा संगठन की विस्तार करने की बात रखी गयी। इस अवसर पर विकेश्वर महतो बिरसा मुंडा, सुखलाल मुंडा, कार्तिक, कुंदन सिंह गोंझु, राजेंद्र प्रसाद साहू, सोमा मुंडा, फगुआ उरांव, मंगलदीप स्वांसी, घनश्याम हजाम बजरंग सिंह गोंझु विराजन सिंह, मुंडा नयन सिंह, मुंडा प्रदीप सिंह गोंझु दिलेश्वर सिंह, गोंझु कृष्ण उरांव विजय उरांव, गुरुपद, सोमरा, देवीलाल, रवि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एसडीएम ने सोनाहातू में बैठक की



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** बुंडू एसडीएम संदीप अनुराग टोपनो ने बुधवार को सोनाहातू प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों से बैठक कर योजनाओं की समीक्षा किये। एसडीएम ने वन पट्टा के प्रगति की जानकारी लिये तथा भूमि विवाद को लेकर अंचल स्तर में समाधान करने को कहा।दाखिल खारिज को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ राशन वितरण व्यवस्था की जानकारी लिये। इन्होंने कहा कि रूटीन वर्क के तहत सोनाहातू प्रखंड और अंचल कार्यालय में बैठक कर योजनाओं की समीक्षा किया गया। हमारा प्रयास आम जनता को सुलभ सेवा देने की है और भूमि विवाद में बेवजह लोग परेशान ना हो इसकी समीक्षा की गयी। मौके पर बीडीओ खगेश कुमार,सीआई बंकिम गांगुली सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।02

## कांग्रेस अध्यक्ष रमाकांत मुंडा की अध्यक्षता में बैठक

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भोंजडीह ग्राम में बुधवार को पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष रमाकांत मुंडा के अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमे बूथ कमिटी बनाने मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा स्थानीय समस्याओं को संबंधित पदाधिकारी से मिलकर समाधान करने में विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बुंडू प्रखंड कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष मनोहर प्रसाद महतो, अनिल मंडल, भीम नायक, तीर्थनाथ सिंह मुंडा, गणेश मछुआ, मोती सेठ और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित हुए।

## कर्मचारी वीरेंद्र सिंह की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सिंचाई प्रमंडल बुंडू में कार्यरत कर्मचारी वीरेंद्र सिंह के सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता और कार्यालय के सभी कर्मियों ने फूल माला तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उनके सुखद भविष्य की कामना की।

## सदर अस्पताल के मरीजों से मिले विधायक प्रतिनिधि, व्यवस्था में सुधार की मांग



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के विधायक कालीचरण मुंडा के प्रतिनिधि और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने बुधवार को खूंटी सदर अस्पताल जाकर वहां भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। काशीनाथ महतो ने बताया कि सभी मरीजों को उचित इलाज और सुविधा मिल रही है, लेकिन शौचालय की स्थिति काफी खराब है। इसके कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके साथ रहने वले स्वजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र की सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी से मुलकात कर शौचालय और अन्य व्यवस्थाओं में सुधार का आग्रह करेंगे।

## 12 पड़हा जतरा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की

# जतरा हमारे पूर्वजों की देन है : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** मांडर प्रखंड अंतर्गत टांगरबसली पंचायत के दीवान गांव 12 पड़हा जतरा मे बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की शामिल हुए। इस जतरा महोत्सव मे विधायक जतरा खोड़ा के नृत्य मंडली के साथ जुड़ा कर नृत्य किया और जतरा का शोभा बढ़ाया। विधायक ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा जतरा हमारे पूर्वजों की देन है इसे आज हम सभी आदिवासी भाई बहिन सब एक साथ मिलकर मानते है। विधायक ने बताया कि हमारी संस्कृति, वेशभूषा और परंपरा दूसरे समुदाय के अपेक्षा बहुत भिन्न है और बहुत ही अच्छा है। जिस तरह हमारे पूर्वज इसे बचा के रखा है उसी प्रकार आज के युवा पीढ़ी को इसे बचा के रखने की जरूरत है। इस कार्यक्रम मे पूर्व मंत्री ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा पीढ़ी अपने सांस्कृतिक परम्परा और रीति रिवाज को भूलते जा रहे है। अगर ऐसा होता रहा तो हमारा समाज खत्म होने के कगार पर आ जायेगा। आज हम युवाओं को अपनी रीति रिवाज और परंपरा को जाने की जरूरत है। साथ ही अपने समाज को शिक्षित होने की जरूरत है शिक्षित होकर बड़ा आदमी बनो, अपने परिवार की स्थिति को ठीक करने के साथ अपने समाज का अगवाई करो और समाज को ठीक करने का प्रयास करो। जतरा महोत्सव मे पूर्व मंत्री ने जतरा स्थल मे मांदर बजाकर गांव के खोड़ा के साथ नृत्य भी किया। मौके पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मंगा, तस्लीम, विश्वास, टांगर बसली उप मुखिया, जतरा आयोजनाकर्ता और अन्य उपस्थित रहे।

## विधायक ने इटकी में विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



**इटकी (आजाद सिपाही)।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। कुन्दी गांव में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। भवन के निर्माण में करीब दस लाख की लागत आयेगी। वही इटकी बनिया टोली स्थित नया तलाब के निकट आठ लाख की चार यूनिट का शौचालय दो पुरुष व दो महिलाओं का जबकि आखरा में जर्जर हो चुके सरना समाज का पूजा स्थल के पास धुमकुरिया भवन को तीन लाख खर्च कर मरम्मती कार्य किया जायेगा का शिलान्यास किया। सभी योजनाओं का निर्माण विधायक कोष के द्वारा किया जाना है। कार्यक्रम मे उपप्रमुख परवेज राजा, मुखिया रमेश महली, बलराम गोप, मनोज केशरी, अबू माज, इबू आलम, सहित दर्जणों ग्रामीण मौजूद थे।

## टाटीसिलवे में काली पूजा पंडाल को लेकर भूमि पूजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** युवा मोर्चा काली पूजा समिति टाटीसिलवे ने बुधवार को पंडाल निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया। टाटीसिलवे चौक स्थित दुर्गा मंदिर के पुरोहित बिमलेस मिश्रा ने पूजा अर्चना कर पंडाल निर्माण की नींव रखी। इस वर्ष काल्पनिक मंदिर के रुप में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जायेगा। पंडाल बनाने की जिम्मेवारी यश टेन्ट हाउस टाटीसिलवे एवं विद्युत साज-सज्जा यूनिक साउंड अनगड़ा को दी गयी है। समिति के अध्यक्ष सनील जोय ने बताया कि समिति द्वारा पिछले 14 वर्षो से भव्य काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि 12 नवंबर को रात 12 बजे काली पूजन, 13 को आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो पंडाल का उद्घाटन करेंगे, साथ ही माता का भव्य जागरण होगा। 14 को महाआरती एवं महाभोग प्रसाद वितरण एवं 15 को महाभोग वितरण के साथ देर शाम में प्रतिमा का विसर्जन करेंगे।

## महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** विकास भारती के द्वारा आरोग्य भवन बरियातू में आयोजित कार्यकर्म में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण पद्मश्री अशोक भगत और झारखंड के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार के द्वारा किया गया। इस समारोह में विश्व सेवा परिषद झारखंड राज्य के अध्यक्ष सह समाजसेवी राहुल राज शामिल हुए। उनके द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे जन कल्याण के कार्यक्रम को जानकर अतिथिगण काफी प्रभावित हुए और आशीर्वाद दिया। इस खास मौके पर अरुण कुमार, परशुराम महतो समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय खेलो झारखंड संपन्न, एथलेटिक्स में रांची चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव में राज्यस्तरीय खेलो झारखंड कार्यक्रम संपन्न हुआ। खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023-24 में रांची 335 अंक के साथ चैंपियन बनी। रांची की टीम ने 36 स्वर्ण, 24 रजत, 13 कांस्य पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन बनी, दूसरे स्थान पर 5 स्वर्ण, 7 रजत, 7 कांस्य पदक के साथ हजारीबाग की टीम रही। 27 से 31 अक्टूबर तक चले राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में तीनों आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के बीच प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमे प्रतिभागियों ने शानदार परफॉर्मेंस दिया। उक्त प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 में राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। पदक विजेताओं को राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, जेएसएसपीएस के सीईओ गिरीश कुमार राठौड़, मुकुल टोपनो, पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट पुष्पा हस्सा, अजय कुकरेती, चंचल भट्टाचार्य, संजीव रंजन, सुनील कुमार एवं सुशील सिंह मंटू ने पदक विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 2300 से अधिक खिलाड़ी समेत 288 कोच मैनेजर भाग ले रहे है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के शारीरिक शिक्षा और खेलकूद कोषांग के विद्या कुमारी, एम मोदस्सर, समीर कुमार, शंकर पाल, उमेश दास, जगजीत सिंह, जावेद अंसारी, चंद्रदेव सिंह, कलावती और जितेंद्र कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई है।

## दस सूत्री मांगों को लेकर राजभवन का किया घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** विस्थापित अधिकार मंच चांडिल इचागढ़ के द्वारा राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अंशन संजय रंजन महतो और विवेक सिंह राजपुत के नेतृत्व में किया जा रहा है। गत दिनों अपनी दस सुची मांगों को लेकर नामकुम दुर्गा सोरेन चौक अवस्थित मैदान से राजभवन तक सैकड़ों की संख्या में विस्थापित परिवार अधिकार यात्रा को लेकर राजभवन रांची पहुंचे थे। विस्थापित परिवारों का स्वागत मैदान में अखिल भारतीय मानव अधिकार ऑगेनाईजेशन के प्रदेश चीफ मनोज कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सिंह ने विस्थापितों को मदद करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि अपने हक व अधिकार की लड़ाई में एबीएचआरओ और झारखंड मानव अधिकार संघ आपके साथ है। विस्थापितों के प्रत्येक परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी, बच्चों को उचित शिक्षा, आदेशानुसार प्रत्येक परिवार को भूमि और भूमि का पट्टा, वर्तमान मूल्य में मुआवजा, हर परिवार को विकास पुस्तिका, स्वास्थ्य सेवा, रोजगार आदि उपलब्ध कराने के लिये सरकार से आग्रह किया। साथ ही साथ पूरी झारखंड के विस्थापितों की समस्या को समझने एवं उनके हक अधिकार की जानकारी सरकार को देने के लिये विस्थापित आयोग के गठन की मांग की। सिंह ने राजपाल पर उमिद जताते हुये कहा कि पिछले 43 वर्ष की मांग को समझते हुये राजपाल 84 मौजा के 116 गांवों के विस्थापितों की समस्या दूर करने का कारवाई अवश्य करेंगे। मौके पर राकेश महतो, दिलीप महतो, विवेक सिंह राजपुत, सागर महतो, पुष्पा महतो के साथ विस्थापित परिवार उपस्थित थे।

## नगड़ी नारो बाजार में ग्रामीणों की बैठक

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी नारो बाजार में ग्रामीणों की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता बांदे उरांव ने किया। बैठक में नारो हाट की बंदोबस्ती का पुरजोर विरोध करते हुए मांग किया है कि जिला परिषद के द्वारा नारो हाट नीलामी/डाक का जो टेंडर हुआ है उसमें बहुत सी त्रुटियां है इसे रद्द कर संशोधित टेंडर निकाला जाय अन्यथा नारो के ग्रामीण इसका विरोध करेंगे इसके बावजूद भी नही सुना गया तो न्यायालय का सहारा लिया जाएगा. इन्होंने इसके विरोध में कृषि मंत्री,आयुक्त,उपायुक्त रांची,उपविकास आयुक्त रांची को आवेदन देकर नारो हाट का टेंडर रद्द करने की मांग की है .इनका कहना है कि वसूली का रकम का आधार क्या है जो स्पष्ट नही है, यदि कोई व्यापारी अपना सामान बाजार में लाकर बेच रहा है तो वसूली बेचने वाला से होगा कि खरीदने वाला से स्पष्ट नही है .ऐसे और भी मामला है जो टेंडर में साफ साफ अंकित नहीं रहने से लोगों को परेशानी होगी। मौके पर बबलू तिर्की, दानिएल एक्का,छोटू, प्रकाश, सुरेश सहित लोग शामिल हुए।

## हाथी प्रभावित क्षेत्र में लोगों को किया गया जागरूक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत के कुच्चू एवं डीमरा गॉव में बुधवार के दिन वन विभाग के वनरक्षी कृष्णा महतो के नेत्रत्व में नाटक के माध्यम से लोगों को करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरुकता अभियान में नाटक मंडली के प्रतिनिधियों नें अपने प्रस्तुति में ये दिखाने का प्रयास किया कि जंगली हाथी ग्रामीणों को युं ही परेशान नहीं करते हैं। पहले लोग उनको परेशान करते हैं। हाथियों के घर यानी जंगल में आग लगा देते हैं, जंगल का कटाई करते हैं, जिसे परेशान होकर जंगली हाथी गॉव में आ जाते हैं। लोगों को परेशान करते हैं। ये सब ग्रामीणों को नहीं करना चाहिए |बल्की इनकी सहायता करनी चाहिए। मौके पर कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, गिलुवा, मनीष, पोचा, अर्जुन, आदि के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेड़ो के नेहालू पंचायत में हॉकी व फुटबॉल का फाइनल मैच

# जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है : वीरेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** नेहालु पंचायत अंतर्गत रोगाडीह पतरा टोली में बुधवार को न्यु स्टार रोगाडीह द्वारा हॉकी व फुटबॉल बालक तथा बालिका वर्ग का फाइनल मैच सह पड़हा जतरा का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन पंचायत के मुखिया विरेन्द्र भगत ने फुटबॉल को किक व हॉकी से बाल मारकर किया। फाइनल मैच में मठ तुरिअंबा की टीम व फुटबॉल बालक वर्ग में मोहन ब्रदर्स बंडामुडा तथा बालिका वर्ग में सरसा की टीम विजयी। विजेता टीम को बड़ा खस्सी तथा 5000 नगद तथा उप विजेता को खस्सी तथा 3000 नगद तृतीय विजेता को खस्सी व 2000 नगद देकर सम्मानित किया। वहीं 12 पड़हा जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में 12 पड़हा राजा हेमराज मुंडा की अगुवाई में विभिन्न गांवों से आये खोड़हा दलों ने ढोल, ढाक, नगाड़ा व मांदर की थाप पर परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। इस दौरान पायल म्युजिकल ग्रुप ने रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर मुखिया वीरेन्द्र भगत ने कहा कि जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे हमें हर हाल में संजो के रखना है। मौके पर 12 पड़हा राजा हेमराज मुंडा, पंचायत समिति सदस्य (पूर्वी) आशा रानी, (पश्चिमी) विदेश मुंडा, उप मुखिया सह अध्यक्ष जितिया, सचिव भीखराम, महासचिव सुशिल, सनिष, पुर्व वार्ड सदस्य पारसनाथ पडहा राजा ने भी सभी जतरा प्रेमियों ने सराहनीय योगदान दिया।

## मेरा माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** केंद्रीय संचार ब्यूरो और सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शिनी, राष्ट्रीय एकता, मेरा माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, स्वच्छता आदि विषयो पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन रांची सांसद संजय सेठ ने दीप प्रज्वलन कर एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अपने संबोधन में संजय सेठ ने कहा भारत रत्न सरदार पटेल देश की रियासतों को एक सूत्र में बांधने और सारी रियासतों को एक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। यही कारण है कि इनके जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जनहित में हर घर नल जल,स्वच्छ भारत अभियान,पीएम विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत योजना काफी लाभप्रद योजना है इसे गांव के अंतिम ब्यक्ति को जागरूक करने जरूरत है। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियो के बीच योजनाओं से संबंधित क्विज और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सफल प्रतिभागियों को सांसद संजय सेठ ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शाहिद रहमान ने किया।

## रातू पाली में 21 पड़हा जतरा महोत्सव का आयोजन



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पाली में 21 पड़हा जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चितरकोटा छोटका टोली रातु में एक दिवसीय जतरा महोत्सव का आयोजन संयोजक सह आयोजक रंजीत खालखो के अध्यक्षता में धूमधाम से संपन्न हुआ |इस जतरा महोत्सव में 21 पड़हा के अतिरिक्त आस पास गांव के 12 पड़हा एवं 7 पड़हा खोड़हा भी शामिल हुए। क्षेत्र की यह सबसे बड़ा जतरा मेला महोत्सव है जो मुड़मा मेले के बाद आयोजन की जाती है। कलश पूजा,प्रकृति पूजा एवं जोड़ा बेल पांव पूजा कर गांव के पाहन द्वारा जतरा महोत्सव की शुभारंभ की गई।

## सड़क दुर्घटना में घायल, दोनों रिम्स रेफर





**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुरतो गांव के बाजार के समीप बेड़ो नरकोपी मार्ग पर बुधवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे दो बाइक सवारों की आमने सामने की हुई भिड़ंत में बेड़ो महुंगांव नवा टोली गांव निवासी 48 वर्षीय सोमरा उरांव पिता स्व गोयंदा व बेड़ो इडरी गांव निवासी 45 वर्षीय फोनेशियन एक्का पिता स्व माइकल एक्का गंभीर रूप घायल हो गए। जिसे स्वजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा सुमित्रा कुमारी द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए दोनों को रिम्स रेफर कर दिया। रामचंद्र सीएचसी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## बाइक सवार को बचाने में ऑटो पलटा, तीन महिलाएं समेत एक युवक घायल, दो रिम्स रेफर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के दिघिया गांव के समीप बुधवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बाइक सवार को बचाने में एक सवारी ऑटो पलट गया। इससे ऑटो पर बैठी तीन महिलाएं व एक युवक घायल हो गए। घायल महिलाओं को इलाज के लिए ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। वहीं घायलों में सड़ाबे डूमर टोली कैरो निवासी 45 वर्षीया चिंता उराईन, 32 वर्षीया दुलारी उरांव व 36 वर्षीया सारू उरांव और लाल गुटवा रांची निवासी एक 30 वर्षीय युवक लकी महली शामिल हैं। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डा सुमन ने चारों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल एक युवक लकी महली व एक महिला सारू उरांव को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार नया मेहमानी के लिए महिलाएं सड़ाबे डूमर टोली कैरो से बेड़ो आ रही थीं। इसी बीच दिघिया गांव के पास बाइक सवार को बचाने में ऑटो असंतुलित होकर पलट गया।

## सोहराय जतरा 15 को, तैयारी को लेकर समिति के सदस्यों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत कुच्चू पंचायत के बदरी अम्बाटुंगरी में अगामी 15 नवम्बर को सोहराय परब के उपलक्ष्य में होने वाले सोहराय जतरा सह पारम्परिक सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन को लेकर बुधवार को अम्बाटुंगरी जतरा स्थल में सोहराय जतरा समिति के सदस्यों की तैयारी बैठक बालेश्वर बेदिया के अध्यक्षता में हुई। बैठक में हर बर्ष की भांति इस बर्ष भी 15 नवम्बर को सोहराय परब के अवसर पर भव्य तरीके से जतरा एवं अपनी सांस्कृतिक परंपरा पहचान बचाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस सोहराय जतरा सह पारम्परिक सास्कृतिक कार्यक्रम में कुच्चू, नवागढ, बीसा, टाटी, सुरसू आदि पंचायतों के विभिन्न गावों से दर्जनों सास्कृतिक टीम भाग लेगें और बेहतर प्रदर्शन करने वाले टीमों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया। ताकी वर्तमान युवा पिढी में अपने पारंपरिक गीत -संगीत को संजोये रखने के प्रति उत्साह वर्धन की जा सके। बैठक में मुख्य रूप से, सचिव-सोहरैया बेदिया, कोषाध्यक्ष महेंद्र बेदिया, सहदेव बेदिया मुखिया कुच्चू, जयदेव बेदिया आनन्द विजय लोहरा, योगेश्वर बेदिया मनबोध बेदिया रामचरण बेदिया, बबलू आदि उपस्थित थे।

## अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ व्रत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को अगाध प्रेम व समर्पण का पावन पर्व करवा चौथ श्रद्धा पूर्वक मनाया। अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। शाम को सोलह सिंगार करके मां गौरी, भगवान शंकर, गणेश और कार्तिकेय को पुष्प, अक्षत, धूप,दीप आदि अर्पित करके पूजन किया। पूजन के बाद चौथ व्रत कथा का पाठ किया। वही शुभ मुहूर्त में चंद्रमा को अर्ध्य देकर चलनी में पति का चेहरा देखकर पारन किया। जहां महिलाएं अपने घरों व समूह में पूजन करती दिखीं। वहीं नव विवाहिताओ में खासकर इस पर्व को लेकर काफी उत्साह का माहौल देखा गया।

## मुखिया ने किया स्टडी हॉल और वाचनालय का उद्घाटन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में स्टडी हॉल सह वाचनालय का उद्घाटन किया गया। फीता काट कर स्थानीय मुखिया सविता उरांव ने स्टडी रूम सह वाचनालय का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव ने कहा कि लापुंग हाई स्कूल उत्तरोत्तर तरक्की कर रहा है। अमरेंद्र कुमार राय के कार्यकाल में विद्यालय के बच्चे अपनी प्रतिभा से हर क्षेत्र में लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सुनिता भेंगरा ने कहा कि हमें मिलजुल कर विद्यालय को आगे बढ़ाने, शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि सहित विद्यालय के विकास के लिए कदम उठाने की जरूरत है। बैठक के दौरान सदस्य संयोजक सह प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर वरीय शिक्षक मनोज कुमार नाग, वरूण महतो, बलदेव महतो, दीपक कुमार, और अभिभावकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# लोकहित अधिकार पार्टी की सामाजिक न्याय यात्रा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी का झंडा दिखाकर किया रवाना



**कांके।** लोकहित अधिकार पार्टी की सामाजिक न्याय यात्रा का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने पार्टी झण्डा दिखाकर किया। भामाशाह नगर रिंग रोड के सुकुरहुट्टु कैला महतो चौक से यात्रा की शुरूआत की गयी। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू , मीडिया प्रभारी मो अजहर आलम, जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सह कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक एवं महिला जिला अध्यक्ष रीना देवी मुंडा, महामंत्री सुनीता उरांव , काशीला देवी ने यात्रा को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि हरिनाथ साहू एक जमीनी और अनुभवी नेता हैं ! इनके देख-रेख में पार्टी का संगठन विस्तार तेजी से हो रहा है! सामाजिक न्याय यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में जाकर आम जनता को अपने अधिकार के प्रति सजग होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने कहा कि सभी को निःशुल्क शिक्षा और निःशुल्क चिकित्सा दिलाने के लिए, सांप्रदायिक ताकतों से समतामुलक संविधान को बचाने के लिए, निजीकरण के बहाने आरक्षण समाप्त करने वालों के खिलाफ एकजुट होने के लिए , महिला आरक्षण के अन्तर्गत एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं को आरक्षण दिलाने के लिए लोकहित अधिकार पार्टी सामाजिक न्याय यात्रा के तहत जनजागरण अभियान पर निकल चुकी है ! जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जबतक आम जनता को उनके अधिकार नहीं मिल जाते हैं तबतक लोकहित अधिकार पार्टी संघर्ष करती रहेगी। सामाजिक न्याय यात्रा में मुख्य रूप से जनक प्रजापति, सरिता मुंडा, कशीला प्रजापति, सुग्गी, अजीत साहू, धनक, किशोर कुमार, डॉ दानेश्वर, अनिल कुमार, सुनीता देवी आदि शामिल रहें।

## मुखिया ने किया ग्रीन हाउस का उद्घाटन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** टुनडाहुली पंचायत के ग्राम बिजांग में जया ऑर्गेनिक कम्पनी के द्वारा लगाए गये ग्रीन हाउस का उद्घाटन मुखिया रमेश बेदिया द्वारा फीता काट कर किया गया। ग्रामीणों द्वारा निर्णय लिया गया है कि ग्रीन हाउस में सब्जी का नर्सरी तैयार कर खेती करेंगे और ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देंगे। ग्रामीणों द्वारा प्रत्येक सप्ताह वृहस्पतिवार को ग्राम सभा कर गांव की सफाई और प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने का निर्णय लिया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से मुखिया रमेश, ग्राम प्रधान रावणा बेदिया, वार्ड सदस्य कृष्णा बेदिया, मनमोहन, बिराजो देवी, बिजेंदर, छोटेलाल, पुजा समेत ग्रामीण शामिल थे।

## गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में स्टॉप चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज पॉक्सो एक्ट 2012 पर राष्ट्रीय वेबिनार

# बाल उत्पीड़न रोकने के लिए यह वेबिनार मील का पत्थर साबित होगा : कुलपति

**बाल यौन शोषण बच्चों के मानसिकता या भावनात्मक रूप से ज्यादा प्रभावित करते हैं : डॉ राम्या निशाल**

**बाल यौन शोषण के अपराधियो को कड़ी कानूनी सजा : एसडीपीओ छत्तरपुर**

**ट्रांसजेंडर समुदाय बाल यौन उत्पीड़न के शिकार होते है : एमएक्स धनंजय चौहान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छत्तरपुर (पलामू)।** राष्ट्रीय वेबीनार के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य, माननीय कुलपति नीलांबर पीतांबर, विश्वविद्यालय,मेंदनीनगर ने कहा कि महाविद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राएं मानसिक रूप से परिपक्व हो जाती हैं इसलिए पास पड़ोस समाज में हो रहे बाल एवं यौन शोषण की रोकथाम के लिए यह सशक्त माध्यम है इसलिए महाविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन काफी प्रशंसनीय और सराहनीय है। ऐसे समसामयिक विषय पर सेमिनार कार्यशाला आयोजन करने के लिए विश्वविद्यालय हमेशा सहयोग करता रहेगा।

बाल यौन शोषण का क्षेत्र केवल बलात्कार तक ही सीमित नहीं है बल्कि अनुचित बातें करना, अश्लील तस्वीर/वीडियो दिखाना, गलत तरीके से छूना, लुभावने एवं आकर्षक प्रलोभन देना यह सभी बाल यौन शोषण के अंतर्गत आता है। उक्त बातें डॉ राम्या निशाल(रक्षिण प्रोजेक्ट प्रमुख) ने गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में युवा एवं खेल मंत्रालय ,भारत सरकार, साक्षी संस्था रकशिन प्रोजेक्ट एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले ₹स्टॉप चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज पॉक्सो एक्ट 2012₹ राष्ट्रीय वेबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थी। डॉ निशाल ने कहा कि बाल दुर्व्यवहार से बचाव हेतु बच्चों को उनकी व्यक्तिगत सीमाएँ सिखाई जानी चाहिए और ₹नहीं₹ कहना सिखाया जाना चाहिए।

राष्ट्रीय वेबिनार का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती पर माला चढ़ाकर और दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। साथ ही साथ संस्थापक सचिव इंजी. सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के प्रतिकृति पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कॉलेज के सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल तथा प्रभारी प्राचार्य ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।




विशिष्ट अतिथि वक्त मैक्स धनंजय चौहान अध्यक्ष सक्षम प्रकृति वेलफेयर सोसायटी चंडीगढ़ शाह पंजाब विश्वविद्यालय के प्रथम ट्रांसजेंडर छात्र ने कही के ट्रांसजेंडर समुदाय किशोरावस्था से पहले ही अधिकांशत लोग बाल यौन शोषण के शिकार हो जाते हैं। लिंग भेदभाव के कारण अधिकांशत ट्रांसजेंडर स्कूल में पढ़ाई छोड़ देते हैं, जबकि इसी दौर में उनके साथ सहपाठियों के द्वारा 52% और 15% से अधिक शिक्षकों के द्वारा यौन शोषण किया जाता है। एसएक्स चौहान ने कहीं की लिंग भेदभाव व पुरुषवादी विचारधारा को खत्म करने से ही बल एवं शोषण पर नियंत्रण पाया जा सकता है। अतिथि वक्त अजय कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर ने कहा कि बाल यौन उत्पीड़न के अपराध दिन प्रतिदिन न सिर्फ शहरों में ही नहीं बल्कि ग्रामीण स्तर पर भी बढ़ रहे हैं जो कुकरित अपराध है। अभिभावकों को ऐसे अपराधी को चिन्हित कर प्राथमिक की दर्ज करानी चाहिए। ताकि पॉस्को एक्ट -2012 के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो सके और साथ ही रोकथाम में मदद मिल सके।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजक प्रो राजकिशोर लाल ने कहा के इस राष्ट्रीय वेबीनार में झारखंड,समेत बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ़,पंजाब सहित अन्य राज्यों से 297 छात्र, अभिभावक, समाजसेवी, पीएच डी शोधार्थी, सहायक प्राध्यापक, प्राध्यापकों ने जुड़कर इस वेबीनार को सफल बनाया। उक्त राष्ट्रीय वेबिनार में कई तरह के प्रश्ननों को पूछा जबकि डॉ सुचित्रा शर्मा ने उद्गार व्यक्त किया। इस वेबिनार के तकनीकी सहयोगी गुड़िया कुमारी, स्वर्गेस कुमार, अखिलेश कुमार रहे । वेबिनार का सफल संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राज किशोर लाल ने किया।

# समस्याओं को लेकर करेंगे आंदोलन: कमलेश सिंह

## प्रेस कांफ्रेंस में सरकार से सर्मथन वापस लेने के कारण को बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राज्य सरकार से लगातार हुसैनाबाद को जिला का दर्जा देने, बालू घाटों की बंदोबस्ती करने, पलामू जिला के पांच अंचलों के त्रुटिपूर्ण सर्वे के ऑनलाइन प्रविष्टियों को ठीक करने व अधिकारियों की पदस्थापना की मांग लगातार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की गई।अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला, एक भी समस्या का समाधान जान बूझ कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नहीं किया। उक्त बातें एनसीपी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात चीत के दौरान विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद से पलामू के जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूर है। आम जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जबकि हुसैनाबाद जिला बनने की सभी अहताएं पूरी करता है। बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं होने की वजह पीएम आवास के लाभुक मकान नहीं बना पा रहे हैं। उपर से अधिकारी उन्हें एफआईआर करने की धमकी दे रहे हैं। बालू के अभाव में विकास कार्य पूरी तरह बाधित हैं। लोग



ऊंची कीमत पर बालू की खरीद कर अपना काम कर रहे हैं। जिससे सरकार को राजस्व की भारी नुकसान हो रही है, वहीं पुलिस और अधिकारी मालामाल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल में विगत दो माह से पुलिस का महत्वपूर्ण पद एसडीपीओ का प्रभार में चल रहा है। जिससे विधि व्यवस्था की बड़ी समस्या उत्पन्न होने का अंदेशा है। श्री सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के विभिन्न प्रखंडों व अंचलों के अलावा अन्य विभागों में अधिकारी नहीं है। सभी जगह प्रभारी से किसी तरह कार्य कराया जा रहा है। जिससे आम लोगों का काम समय पर नहीं हो रहा है। इन समस्याओं का समाधान नहीं होने की वजह सरकार के साथ बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। यही वजह है की सरकार का साथ छोड़ आंदोलन का रास्ता अख्तियार करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जल्द ही आंदोलन की रूप रेखा तय कर अनुमंडल, जिला और राज्य मुख्यालय में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेगा। एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन ने हुसैनाबाद को जिला नहीं बना कर हुसैनाबाद की जनता का विश्वास खो दिया है।वहीं राज्य में बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं कर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से अपनी जेब गरम करने का काम मुख्यमंत्री और मंत्री कर रहे हैं। एनसीपी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन मंत्री विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, महिला प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमारी, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, आदर्श सिंह, अनिल सिंह, योगेंद्र सिंह, यशवीर सिंह, गुमला जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, धनबाद जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी, महेश ठाकुर, समेत अन्य प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी मौजूद थे।

# रानी ताल डैम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होने से शहर वासियों को मिलेगा बेहतर पिकनिक स्पॉट : आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने चैनपुर प्रखंड अंतर्गत रानी ताल डैम का निरीक्षण कर प्राकृतिक सौंदर्य की अनुपम छटा की प्रशंसा की। आयुक्त ने कहा कि मेदिनीनगर शहर के नजदीक रानी ताल डैम को पर्यटक स्थल के ग्रुप में विकसित होने से शहरवासियों को बेहतर पिकनिक स्पॉट मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को इतनी सुंदर जगह का



लुत्फ उठाना चाहिए। रानी ताल डैम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसे विकसित होने एवं पर्यटकीय सुविधा के विस्तार से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। स्थानीय लोग सबल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि डैम आने वाली सड़क को भी दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के जिलों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सरकार पर्यटन संवर्धन पर कार्य कर रही है। पर्यटन स्थलों पर पर्यटकीय सुविधा एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार होने से लोगों को फायदा होगा।

# एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया एकता दिवस, रन फॉर यूनिटी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में एकता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डां जीएन खान ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प अर्पण कर किया। विद्यालय के प्राचार्य डां



जीएन खान ने कहा कि सरदार पटेल की आधुनिक भारत के श्रेष्ठ शिल्पकार हैं। इस अवसर पर 200 मीटर की रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया जिसे प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाई। इस दौड़ में बालिका वर्ग में एकता कुमारी प्रथम, राखी कुमारी द्वितीय तथा आरती कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में अभिनव चटर्जी प्रथम, अनुराग सिंह द्वितीय तथा जायद तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को प्राचार्य ने वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका तृषिता मोइत्रा ने किया तथा समन्वयक शिक्षक कन्हैया राय थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल के 148 वें जन्म दिवस मनाया गया। प्रार्थना सभा के आरंभ में सभी छात्रों व शिक्षकों को एकता की शपथ दिलाई गई। पश्चात कक्षा आठवीं की छात्रा श्रेया श्रुति के द्वारा एकता व अखंडता सम्बंधी सरदार पटेल के प्रयासों को विस्तार पूर्वक वर्णन किया। प्रार्थना सभा के बाद बारहवीं तक के छात्रों के लिए दो सौ मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। अंत में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में ज्ञान वृद्धि का सार्थक प्रयास किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म सन 1875 में गुजरात राज्य के नडियाद नामक स्थान में हुआ था। वह भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री भी रहे। गांधी जी के विचार धाराओं का आकर्षण और ब्रिटिश सरकार के प्रति घृणा ने उन्हे स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य ने कहा कि 2014 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा सरदार पटेल जी के जन्मदिवस (31 अक्टूबर) को राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाने की घोषणा की। इस अवसर पर मंच संचालन शिक्षक राजीव मिश्रा के द्वारा किया गया। निशी यादव एवं दिलीप कुमार मिश्रा के द्वारा भी पटेल जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## दिहाड़ी मजदूर यूनियन ने बालू के सवाल पर लगायी मजदूर महापंचायत

# बालू सबके लिए सस्ता और सर्वसुलभ हो : राजीव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एटक से संबद्ध झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन के बैनर तले बुधवार को बालू के सवाल पर समाहरणालय परिसर में मजदूर महापंचायत लगाया गया। जहां वक्ताओं ने राज्य सरकार से बालू के सवाल पर चुप्पी तोड़ने और बालू सबके लिए सस्ता व सर्वसुलभ कराने की मांग की। इसके पूर्व मजदूरों की एक रैली शिवाजी मैदान से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए कचहरी परिसर पहुंची। रैली में शामिल मजदूर हाथों में लाल झंडा और तख्तियां लिए नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। जल, जंगल, जमीन हमारा है, बालू के सवाल पर सरकार चुप्पी तोड़ो, बालू सबके लिए सस्ता और सर्वसुलभ करो, बालू को माफियाओं के चंगुल से मुक्त करो और बालू समस्या का स्थाई समाधान करो आदि मांग को लेकर मजदूरों ने समाहरणालय पहुंचकर



आक्रोषपूर्ण नारेबाजी की। बालू सबके लिए सस्ता और सर्वसुलभ करने की मांग को लेकर आयोजित मजदूर महापंचायत की अध्यक्षता दिहाड़ी मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष गौतम कुमार और संचालन महासचिव राजीव कुमार ने किया। मौके पर एटक के राज्य सचिव राजीव कुमार ने कहा कि विगत ढाई सालों से झारखंड में बालू की कृत्रिम संकट पैदा कर बालू को माफिया और ठेकेदारों के हवाले कर दिया गया है। एनजीटी और कोर्ट के द्वारा रोक हटाने के बावजूद भी पलामू में बालू का उठाव शुरू नहीं किया गया है, लेकिन प्रशासन पुलिस और माफिया के गठजोड़ से बालू बड़े लोगों को आसानी से उपलब्ध हो रहा है। निर्माण कार्य ठप है जिससे मजदूर रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं, वही छड़ सीमेंट ईटा छरी बेचने वाले दुकानदारों पर भी दोहरी मार पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बालू सबको मिले, सस्ता मिले। बालू की उपलब्धता सर्वसुलभ हो और बालू से माफियागिरी बंद हो तभी मजदूर यूनियन चुप बैठेगी। सरकार और प्रशासन को आगाह करने के लिए मजदूर महापंचायत लगाया गया था। अगर इसके बाद भी बालू संकट का कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ तो मजदूर सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे। इसके अलावा बिजली कामगार यूनियन से जुड़े एटक के राज्यस्तरीय नेता बैजनाथ सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के केडी सिंह, इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार, भाकपा माले के जिला सचिव आरएन सिंह, रविंद्र भूइंया, मजदूर नेत्री सुषमा मुरमा, ममता देवी आदि ने भी महापंचायत को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि कल ही राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन पलामू का दौरा करके गए हैं। बड़ी-बड़ी घोषणाएं की लेकिन बालू के सवाल पर मौन रहे और पलामूवासियों को निराश किया। बालू संकट से जनता त्राहिमाम कर रही है। इस मौके पर रामनाथ चंद्रवंशी, रानी मुसहरिन, मुनि बानो, नासिर अंसारी, संजू ठाकुर, राजीव रंजन, धीरेंद्र समेत काफी संख्या में महिला,पुरुष मजदूर एवं किसान शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### उत्पाद पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी कर तीन को किया गिरफ्तार

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देश पर बुधवार को हरिहरगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी में तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई। जबकि दो भागने में सफल रहे। थाना क्षेत्र के हरिहरगंज बाजार, अम्बा, अररुआ खुर्द, पासी टोला, पाठक बीघा में छापेमारी की गई।इस संबंध में उत्पाद सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि छापामारी के दौरान 107 लीटर चुलाई शराब, 225 किलोग्राम जावा महुआ तथा 8.64 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है।वहीं गिरफ्तार एवं फरार अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### प्राकृतिक आपदा से बचने के लिए एनडीआरएफ ने किया जागरूक




हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय भैरोंपुर में बुधवार को भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित एनडीआरएफ डिजास्टर रिस्पांन्स फोर्स टीम के द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान भुकंप, बाढ़ आदि से बचाव को लेकर छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया। मौके पर एनडीआरएफ नेशनल टीम के मुख्य कमांडर रविकांत ने बताया कि पूरे झारखंड प्रदेश में एनडीआरएफ नेशनल रिस्पांस फोर्स टीम द्वारा प्राकृतिक आपदा भुरस्खलन, भुकंप ,ज्वालामुखी विस्फोट व मानव आपदा सड़क दुघर्टना, दिल का दौरा लाइफ जैकेट तैयार अन्य बिमारी से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। मौके पर टीम कमांडर रविकांत कुमार, मुकेश कुमार ,वृजेश कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक शशिकांत , योगेंद्र कुमार सिंह, शिक्षक पंचम कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार,, दिनेश कुमार सिंह रंजू देवी , राधीका देवी ,लल्लू प्रसाद सिंह, ज्वाला सिंह, उदय कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एस्क्लेपियस आयुर्वेद क्लिनिक का भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह ने किया उद्घाटन



जपला (आजाद सिपाही)। नवीनगर मुख्य मार्ग पर ग्राम दरुआ मोड़ पर एस्क्लेपियस आयुर्वेद क्लिनिक का शुभारंभ हुआ। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इस क्लिनिक का उद्घाटन फीता काटकर किया। उद्घाटन में मुख्य रूप से कर्नल संजय सिंह के अलावा महुअरी पंचायत के पंसस बद्रीनारायण सिंह, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, किसान ब्रिगेड सदस्य चंचल सिंह ,मनोहर सिंह, सुभाष कुमार , क्लिनिक के सहायक मुकेश कुमार व स्थानीय निवासी कैलाश राम, दशई राम ,गुदन राम ,अक्षय कुमार समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। मौके पर कर्नल संजय सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में आयुर्वेद क्लिनिक खुलने से आम लोगों और गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। डॉ पी कुमार रवि ने बताया कि यह क्लिनिक खोलने का उद्देश्य सुदूर क्षेत्रों के लोगो को बड़ी आसानी से आयुर्वेद द्वारा सस्ते दर में इलाज मुहैया कराना है साथ ही

### सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति ने की समीक्षा बैठक



नीलांबर पितांबरपुर (पलामू)। सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति की ओर से 29 अक्टूबर को आयोजित दुर्गा पूजा समिति सामान समारोह सह भक्ति जागरण का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करने वाले लगभग 60 पूजा समितियों को सम्मानित किया गया था इसके लिए बुधवार को धर्म सभा के केंद्रीय समिति की बैठक केंद्रीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष अजीत तिवारी और संचालन महासचिव राजीव रंजन ने किया। कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करने वाली सभी दुर्गा पूजा समितियों को धर्म सभा केंद्रीय समिति की ओर से केंद्रीय पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने आभार प्रकट किया। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, सचिव अवध किशोर राय, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, संरक्षक प्रसिद्ध नारायण तिवारी, सुरेश भगत, राजीव सिंह, मुनेंद्र नाथ दुबे,दिलीप तिवारी,बलकेश पासवान उपस्थित थे।

### झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ का संरक्षक बनाये जाने पर अविनाश देव ने जताया आभार



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष, सचिव सहित सभी वरीय पदाधिकारियों द्वारा एकमत से झामुमो के वरीय नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव को निर्विरोध रूप से संरक्षक बनाया गया। सबों ने सामूहिक रूप से पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात अविनाश देव ने सभी जवाबदेह पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ पुस्तक एवं अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया एवं संघ के संरक्षक बनाये जाने पर सभी का तहे-दिल से आभार जताया। अपने अल्प संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि सरकारी विद्यालय की जो वर्तमान स्थिति है, उसमें सबसे ज्यादा शिक्षक पिसे जा रहे हैं। आजादी के पचहत्तर साल बीतने और हाल के अमृतकाल में भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में इजाफा 75 फीसदी से ज्यादा नहीं हुआ। दुनिया के कुछ दूसरे मुल्कों में शिक्षा निःशुल्क है और शिक्षा ही किसी राष्ट्र की मजबूत रीढ़ होती है। नई शिक्षा नीति एवं अन्य पॉलिसी के बाद भी बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित व पलायन करते जा रहे हैं। अभी भी खास कर दलित बच्चे को पढ़ाई के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। विद्यालय में क्षमता के अनुसार शिक्षकों का अभाव है और उन्हें भी अन्य कामों में लगना पड़ता है, जिससे बच्चों की शिक्षा बाधित होती है। हमारी प्राथमिकता बच्चों की गुणवतापूर्ण शिक्षा, शिक्षा के स्तर में वृद्धि, शिक्षकों का हित आदि सर्वोपरि होगी। मौके पर अविनाश देव ने संघ के अध्यक्ष अजय कुमार, उपाध्यक्ष अशरफ अली,बिगू राम,निर्भय सिंह,सचिव त्रिपुरारी सिंह गहलोत, कोषाध्यक्ष जय शंकर प्रसाद सोनी, संगठन सचिव राहुल कुमार सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 02 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# पुलिस ने प्रिंस के चार गुर्गों सहित कुल सात अपराधियों को किया गिरफ्तार

**शूटर छोटू के निशानदेही पर हथियार बरामद करने गयी पुलिस के साथ मुठभेड़ में छोटू की पैर में लगी गोली, इलाजरत**

**प्रिंस के प्रत्यर्पण का किया जा रहा है प्रयास, पूरी सोसाइटी मिल कर करेगी काम तो कोई अपराधी नहीं बचेगा : एसएसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बीते दिनों बैंक मोड़ के व्यवसायी दीपक अग्रवाल पर हुए जानलेवा हमले का धनबाद पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। इस दौरान शूटर और उसकी मदद करने वाले 4 अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शूटर की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार जब्त करने गयी पुलिस के साथ दबोचे गये अपराधी की मुठभेड़ भी हुई, जिसमें शूटर के पैर में गोली लगी है, उसे फिलहाल एसएनएमएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है, उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस बाबत धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के आयोजन कर पूरी जानकारी विस्तृत से पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि घटना वाले दिन ही रांची एटीएस के सहयोग से धनबाद पुलिस ने प्रिंस खान के तीन गुर्गे को गिरफ्तार किया था। उसी दिन रात में बैंक मोड़ में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। इसके बाद पुलिस ने सुबह पकड़े गये अपराधियों से सख्ती पूछताछ और अनुसंधान में अलग अलग स्थानों से शूटर सहित घटना में शामिल सभी अपराधियों को पकड़ने में सफलता पायी। पकड़े गये सभी अपराधियो के पास से कई हथियार भी पुलिस ने बरामद किये हैं।

**वारदात को अंजाम देने से पहले हुई थी तीन अपराधियों की गिरफ्तारी :** जिस रात बैंक मोड़ के व्यवसायी दीपक अग्रवाल पर हमला हुआ था उसी दिन सुबह मैथन से रांची एटीएस और धनबाद पुलिस ने संयुक्त रुप से छापामारी कर एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर बंगाल से दो और शूटरों को गिरफ्तार किया गया था। ये सभी धनबाद में अलग अलग घटनाओं को अंजाम देने वाले थे। इसी बीच शनिवार की रात प्रिंस के दूसरे शूटर ने दीपक अग्रवाल को गोली मार दी थी।

**हथियार बरामद करने गयी पुलिस के साथ मुठभेड़ में शूटर छोटू के पैर में लगी गोली :** कुसुंडा निवासी मो छोटू पहले से ही प्रिंस खान का गुर्गा रहा है, उस पर पहले से कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। दीपक मामले में जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद करने उसके बताये जगह पर ले गयी। पुलिस ने उक्त झाड़ी नुमा स्थान से जैसे ही हथियार बरामद किया, तभी छोटू ने वहां उसने भागने की कोशिश की। इस दौरान छोटू ने एक पुलिस अधिकारी के कमर से सर्विस रिवाल्वर निकाल कर पुलिसकर्मियों पर तान दिया और भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान दोनों ओर मुठभेड़ हो गयी। इस मुठभेड़ में एक गोली छोटू के पैर में लग गयी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल छोटू एसएनएमएमसीएच अस्पताल में इलाजरत है।

**अब तक कुल सात अपराधियों की हुई गिरफ्तारी :** शानिवार को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बलिया निवासी 28 वर्षीय राहुल सिंह जिसने वर्तमान में चिरकुंडा में अपना ठिकाना बना रखा था। बिहार के जमुई जिला निवासी 24 वर्षीय पिंटू कुमार महतो और 30 वर्षीय विकास कुमार सिंह को गिरफ्तार किया था। वहीं दीपक अग्रवाल मामले में पुलिस ने दीपक पर गोली चलाने वाले कुसुंडा निवासी 22 वर्षीय मो छोटू, पूरी घटना को प्लान करने वाला हथियार और पैसे उपलब्ध कराने वाला रहमतगंज निवासी 22 वर्षीय रेहान रजा, उर्फ रजा, उर्फ आर्यन उर्फ फैजल, घटना में मोटरसाइकिल चालक गोधर निवासी 19 वर्षीय आतिफ अली उर्फ गोलू व साहिल अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

**बौखलाकर प्रिंस ने दिलवाया घटना को अंजाम, रेहान रजा था प्रिंस के संपर्क में :** एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि पिछले दिनों पुलिस द्वारा प्रिंस खान गैंग के नेटवर्क को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था। उसके सभी मुख्य साथी जेल भेज दिये गये थे। इसी कारण प्रिंस बौखलाहट में अपनी उपस्तिथि दर्ज करवाने के उद्देश्य से एक साथ तीन वारदात को अंजाम दिलाने वाला था, पर पुलिस की सक्रियता से घटना के पहले ही उसके तीन शूटर दबोच लिए गए और दो घटना विफल हो गया, जबकि दीपक अग्रवाल के साथ घटना घट गयी। प्रिंस दुबई में बैठकर वारदातों नये नये कम उम्र के लड़कों से अंजाम दिलवा रहा है। वर्तमान में रेहान रजा ही प्रिंस के सीधे संपर्क में था।

## व्हील चेयर पर लाये गये पकड़े गये अपराधी




पुलिस द्वारा पकड़े गये 7 अपराधियों में से तीन को पुलिस ने व्हील चेयर पा लाया। इनके पैरों में प्लास्टर थे। एसएसपी ने बताया कि यह भागने के क्रम में घायल हुए हैं। वहीं शूटर छोटू अस्पताल में इलाजरत है।

## प्रिंस के प्रत्यर्पण का किया जा रहा है प्रयास : एसएसपी

एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि प्रिंस खान को दुबई से प्रत्यर्पण का पूरा प्रयास किया जा रहा है। राज्य पुलिस की ओर जितना संभव हूं उतना प्रयास किया जा रहा है। आगे अब इंटरपोल और सीबीआई को करनी है। वहीं एसएसपी ने व्यवसायियों से अपील करते हुए कहा कि वे पूरी तरह भय मुक्त हो कर वयापार करें। कहा कि अब तक जितने मामले भी पुलिस के संज्ञान में आये है या जितनी आपराधिक वारदातों को अंजाम दिया गया है पुलिस ने सभी का उद्भेदन किया है और हमारा प्रयास है कि पकड़े गए अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके लिए साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं। आगे कहा कि पूरी सोसायटी अगर मिलकर धनबाद को अपराध मुक्त करने का एक साथ प्रयास करे तो जिला अपराध मुक्त हो सकता है।

# बीसीसीएलकर्मी की पुत्री बनी दारोगा, किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** कनकनी 4 नंबर की रहने वाली बेटी किरण कुमारी का बुधवार को एक समारोह आयोजित कर उसे सम्मानित किया गया। किरण बिहार में प्रवर्तन अवर निरीक्षक की पद पर बहाल हुई है। उसके कामयाबी से माता देवन्ति देवी एवं पिता बीसीसीएल कर्मी नागेंद्र चौहान फुले नही समा रहे है। गांव वाले भी प्रशंसा करते नही थक रहे हैं। बुधवार को कनकनी उसके आवास में आयोजित समारोह में सिजुआ जीएम अनूप राय,व एजीएम सजंय कुमार सिंह एवं जमसं के नेता मुन्ना सिंह, निचितपुर कोलियरी पीओ जीएल धुर्वे, प्रबंधक बी भारती मुख्य रूप से शामिल होकर किरण को सम्मानित किया और उसे व परिवार को बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत गांव की तीन युवती सिमरण, ऋषिका व मोना स्वागतम एवं शाबाशी की गीत गाई,लोग गीत सुन कर काफी खुश हुए। किरण लोयाबाद क्षेत्र की पहली लड़की है, जो दरोगा बनी है। जीएम ने किरण को सम्मानित करते हुए कहा कि बेटी पढ़ेगी तो देश बढ़ेगा। यह बच्ची अपने क्षेत्र के बच्चों की प्रेरणा स्रोत बनेगी। इनके माता-पिता बधाई के पात्र हैं, बच्चियों को इस तरह की शिक्षा दिलायी। किरण अपनी प्रारंभिक शिक्षा आइएसएल मुनीडीह, इंटर डीएवी अलकुसा स्नातक एसएसएलएनटी और स्नातकोत्तर इग्नू से की।

मौके पर एजीएम संजय कुमार सिंह जमसं बच्चा गुट के केंद्रीय उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, मन्नु सिंह, अरुण दुबे रविंद्र नोनिया दिलीप राम सुदर्शन चौहान, शंकर नोनियां सिपाही चौहान, रामराज चौहान, रविंद्र चौहान, सुरजपत चौहान, सत्येंद्र चौहान, अजय चौहान, मंजू शर्मा, नीतू सिंह, मानिक बनर्जी और मुकेश सिंह आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया करवा चौथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया चार नंबर स्थित पंजाबी मोहल्ला में बुधवार को करवा चौथ का व्रत धूमधाम से मनाया गया। हर साल यह व्रत कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन मनाया जाता है। विवाहित महिलाओं ने पति की दीघार्यु और उनके स्वस्थ्य जीवन के लिए व्रत करती हैं। व्रत रखने वाली सुहागिनों ने सुबह चार बजे से पहले उठ कर सबसे पहले सरगही करती है। उसके बाद दिनभर निर्जला रहकर अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना करते हुए व्रत रखा जाता है। शाम को करवा चौथ की कथा सुनने महिलाएं बड़ी संख्या में पंजाबी मोहल्ले के प्रांगण में एकत्रित हुई। जहां उन्होंने विधि पूर्वक पूजा अर्चना की। करवा चौथ व्रत कथा सुनने आई महिलाओं में मुख्य रूप से अनु शर्मा, वृद्धि शर्मा,श्रद्धा शर्मा, सिमरन कौर, जया सिंधी, मोनिका वर्मा, कमलजीत कौर, शशि भाटिया, प्रिटी वर्मा, सान्या बरवाल, सिमरन वर्मा समेत कई महिलाएं मौजूद रहे।

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department Municipal Corporation, Hazaribag
e- Procurement
Short Notice Inviting Tender
Reference No. - UDD/HMC/HZB/27/2023-24
1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C. Road, Repair of P.C.C Road & Construction of R.C.C Drain from H/o Sabbir Ahmad to H/o Ghanshyam, from H/o Maskur Alam to H/o Sunil via H/o Jasim Khan, in Ward No. 03 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 15,43,400/- | 31,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 2. | Construction of P.C.C. Road & R.C.C Drain from Shree Ram Sweets to H/o Dinesh Mehta in Ward No. 05 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 10,23,400/- | 21,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 3. | Repair of P.C.C Road from in Jain Mandir Gali & from Kali Bari Road to Kripa Marble via Bank of Baroda in Ward No. 17 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 13,22,300/- | 27,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 4. | Construction of P.C.C. Road from Sagar Sinha House to Mukesh ojha House & Ram Tiwari House in Balaji Vishnupuri and Repair of P.C.C Road from in Ward No. 23 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 24,99,400/- | 50,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 5. | Construction of P.C.C. Road From H/o Mithlesh Yadav via H/o Engineer sahab towards end point of road in chhavi nagarsirsi in Ward No. 33 under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag | 24,51,800/- | 50,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 6. | Construction of P.C.C. Road From H/o Ranjit to Sikandar Yadav, From H/o Devnarayan to karan Yadav in Ward No. 34 under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag | 12,32,300/- | 25,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 7. | Construction of PCC Road from H/o Kishori Sah House to N.H. 100 near Kud DharamKanta (South Side) in Ward No. 24 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 10,14,700/- | 21,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 8. | Construction of R.C.C. Drain from the H/o Biltu Singh to Yugal Prasad to via H/o Late Krishna Ballabh in Krishna Puri in Ward No. 07 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 14,42,592/- | 29,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| 9. | Construction of New R.C.C. Drain from Vimla Sadan to H/o Ramadhir Prasad in Cooperative Colony in Ward No. 11 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 15,96,700/- | 32,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| 10. | Construction Of R.C.C. Drain From H/O Rakesh To H/O Chhotu Ravidas Near Mantu Babu Chowk, Shivpuri & From H/O Birendra Prasad To H/O Shatrughan Ji In Ambedkar Puri Near Prakash Laundary In Ward No. - 22 (Twenty Two) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 20,17,100/- | 41,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| 11. | Construction Of R.C.C. Drain from H/o Ashok Sinha to River via Nirmala Devi in Vishnupuri Gali No. 03 in Ward no. 24 (Twenty Four) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 13,17,500/- | 27,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| 12. | Construction of R.C.C. Drain From H/O Krishan To H/O Pankaj Sinha & From H/O Bachchi Devi To H/O Ashok Verma In New Colony, Kani Bazar, from H/o Kuldeep in new Colony, Kani Bazar to Main Nala & from H/O Mukesh Chandra to H/O Pattu Wakil in Ramnagar Road & Corner of Mukesh Chantra House (East Side) in Ward No. 26 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 22,36,800/- | 45,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| 13. | Development of Park at Hurhuru near Joda Talab Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 16,15,100/- | 33,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| 14. | Repair of PCC Road from Shoyeb House to Yamaha Showroom upto culvert, Construction of RCC Drain from Shoyeb House to Yamaha Showroom upto culvert and Laying of Paver Block from Abdal Baba Road in Ward No. 21 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 24,99,200/- | 50,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 15. | Construction of Park In Dipugarha Sichai Colony Near Ward Vikas Kendra in Ward No. 05 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 15,65,700/- | 32,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 07.11.2023 at 11:00 A.M. |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | 16.11.2023 up to 5:00 P.M. |
| 4 | Bid Opening date | 18.11.2023 at 11:00 A.M. |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag. |
| 6 | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (**e-Tender**)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 310385 Urban Development and Housing(23-24)D

# महिला जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों महिला कांग्रेस में शामिल



**कतरास (आजाद सिपाही)।** राज्य की जनता रघुवर सरकार के शासन को नहीं भूली है उनके शासन में राज्य की जनता और व्यापारी त्रस्त थे। हेमंत के शासन में अगर अपराधी घटनाएं घटती है तो प्रशासन अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है। व्यापारी भाई धौर्य रखें। विरोधियों को ज्यादा हाय तौबा मचाने की जरूरत नहीं है। उक्त बातें बुधवार को कांग्रेस नेता शेख गुड्डू ने कतरास मस्जिद पट्टी स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहीं। शेख गुड्डू ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। व्यापारी प्रशासन के प्रति भरोसा रखें। राज्य सरकार व्यापारियों के सुरक्षा के प्रति कटिबद्द है। बाघमारा के एक जनप्रतिनिधि कोयला चोरी पर बहुत हाय तौबा मचा रहे हैं। सब लोग जानते हैं कि कोयला चोरी में किनका आदमी शामिल है। इसके पूर्व मस्जिद पट्टी स्थित कांग्रेस कार्यालय में एक सादे समारोह में आधा दर्जन से अधिक महिलाएं कांग्रेस में शामिल हुई। कांग्रेस महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सीता राणा ने सभी महिलाओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलायी। मौके पर कांग्रेस नेत्री नूतन झा, ज्योति प्रसाद,पूजा कुमारी,ललिता देवी, सीता देवी, अनु देवी, गुड़िया खातून आदि उपस्थित थी।

# लोयाबाद में कार पलटी, चार युवक घायल



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के मदनाडीह मे मंगलवार की देर रात एक तेज रफ्तार मारुति कार असंतुलित होकर पलट गयी। दुर्घटना मे कार मे सवार चार युवक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही लोयाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलो को अस्पताल भेजा। घटना के संबंध मे बताया जाता है कि रात्री करीब पौने 12 बजे सिजुआ की ओर से एक सफेद कार जिसमें चार युवक बैठे हुए थे, मदनाडीह घुमावदार सड़क पर पहुंची। रफ्तार तेज होने के कारण कार पलट गयी और एक दिवार मे जा टकरायी। कार में पीयूष कुमार, जीत कुमार सिंह, मोनू यादव व एक और युवक बैठा था, जिसे घटना मे चोट लगी है।

# 19 कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया के 49वें स्थापना दिवस बुधवार को कतरास क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। महाप्रबंधक कतरास क्षेत्र एमएस दूत ने कंपनी का झंडोतोलन किया। मौके पर अवर महाप्रबंधक सतेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक रामानुज प्रसाद, महाप्रबंधक उत्तखनन कैलाश कुमार, क्षेत्रीय प्रशासनिक पदाधिकारी सौरभ कुमार सिंह, प्रबंधक कार्मिक राणा एसके सिंह, सहायक प्रबंधक कार्मिक प्रियंका कुमारी, प्रशिक्षु प्रबंधक सुहानी सागर के अलावा कतरास क्षेत्र के एसीसी सदस्य, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कतरास क्षेत्र के 19 कर्मियों को पदोन्नति आदेश जारी कर उन्हें सम्मानित किया गया।

# जनता श्रमिक संघ नेता के भाई ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** एकड़ा में 50 वर्षीय रामाशीष केवट आत्महत्या कर ली। मृतक जनता श्रमिक संघ के नेता सतेंद्र केवट का बड़ा भाई हैं। घटना मंगलवार रात की है। सुबह में घर वाले रामाशीष को फंदे से झूलते हुए दिखा। घर में अफरा-तफरी मच गयी। लोग दहाड़ मार कर रोने लगा। घर वालों ने बताया कि वाहन चालक रामाशीष डेढ़ से दो महीने से घर में बैठा हुआ था। चार बेटा एक बेटी की जिम्मेदारी उसके सर पर थी। काफी तनाव में जी रहा था। रामाशीष केवट एक्सटेंशन कोर्ड के वायर से छपर के पाइप में फंदा बनाकर झूल गया। सुबह 6 बजे जब पत्नी उठी तो पति को झूलते हुए देखकर रोने लगी फिर वह बेहोश हो गयीं। सूचना पर पुलिस पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौके पर आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो,संतोष महतो अजय रवानी, चिंटू रवानी पहुंचे और संवेदना प्रकट की।

कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा

(2nd Call)

अतिअल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 11/2023–24

वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिला परिषद, कोडरमा के स्व–आय से आम नागरिकों की सुविधा हेतु निम्न वर्णित स्थानों पर 26 अद्द हाई मास्ट सोलर लाईट अधिष्ठापन हेतु दिनांक– 08.11.2023 तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता जिला परिषद्, कोडरमा।
2. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 08.11.2023 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 08.11.2023 (अपराह्न 04:00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
5. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | | योजना का नाम | स्वीकृत राशि | निविदा शुल्क की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सतगावां | 1 | बासोडीह पंचायत के बस स्टैंड के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 468000.00 | 750.00 | 9500.00 | 01 (एक माह) |
| | | 2 | शिवपुर पंचायत के शिवपुर निरंकार बाबा के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| 02 | चन्दवारा | 3 | पंचायत चन्दवारा पूर्वी ग्राम चन्दवारा बजरंगबली चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 936000.00 | 1250.00 | 19000.00 | 01 (एक माह) |
| | | 4 | पंचायत थाम के ग्राम थाम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, थाम चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 5 | पिपराडीह ग्राम में पिपराडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 6 | ग्राम कांको में पंचायत भवन के सामने एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| 03 | जयनगर | 7 | कटहाडीह पंचायत के अंतर्गत कटहाडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 1404000.00 | 2500.00 | 28500.00 | 01 (एक माह) |
| | | 8 | तमाय पंचायत के अंतर्गत ग्राम धरेडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 9 | पेठियाबागी चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 10 | पिपचो चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 11 | पंचायत रूपायडीह बाघामारा चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 12 | पंचायत तेतरौन तेतरौन मोड पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| 04 | मरकच्चो | 13 | ग्राम पंचायत नावाडीह के ग्राम नावाडीह दुर्गा मंडप के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 936000.00 | 1250.00 | 19000.00 | 01 (एक माह) |
| | | 14 | ग्राम मरकच्चो स्थित बंधन चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 15 | मरकच्चो प्रखण्ड के प्रखण्ड मुख्यालय स्थित ब्लॉक चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 16 | ग्राम पंचायत देवीपुर के ग्राम देवीपुर चौक के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| 05 | कोडरमा | 17 | पंचायत डुमरडीहा ग्राम लाराबाद चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 1170000.00 | 2500.00 | 23500.00 | 01 (एक माह) |
| | | 18 | पंचायत इन्दरवा ग्राम इन्दरवा चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 19 | पंचायत बेकोबार के उतरी ग्राम बिच्छी पहरी शिवमंदिर चौराहा रोड पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 20 | पंचायत करमा के करमा चौक रांची पटना रोड के बगल मुंशी यादव होटल के सामने एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 21 | मेघातरी बस पड़ाव के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| 06 | डोमचांच | 22 | ग्राम पंचायत मधुबन भेलवाटांड बजरंगबली मैदान के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 1170000.00 | 2500.00 | 23500.00 | 01 (एक माह) |
| | | 23 | पंचायत ढोढाकोला के हाट बाजार में एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 24 | मसमोहना बाराडीह मोड पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 25 | कुण्डीधनवार निमाडीह बाजार के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |
| | | 26 | बगरीडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | | |

निविदा की नियम एवं शर्ते WWW.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, कोडरमा

PR 310339 Panchayati Raj (23-24)_D

## न्यूज रील्स

### केनरा बैंक के भुवनेश्वर अंचल कार्यालय ने आयोजित किया 'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन'

**भुवनेश्वर।** केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर ने मंगलवार को सुबह सात बजे 'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन' का आयोजन किया। महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख जगदीश चंदर ने बापूजीनगर में कार्यक्रम को हरी झंडी दिखायी। 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' का संदेश फैलाने के लिए केनरा बैंक के अधिकारियों ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया। महाप्रबंधक ने कहा कि ओडिशा के सभी पांच क्षेत्रों ने भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया है और बैंक स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध है, जो स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। उप महाप्रबंधक पी ठाकुर नायक, सहायक महाप्रबंधक रुद्राचारी और श्री अशोक कुमार मेहर, मंडल प्रबंधक संतोष रथ और बेदब्यास प्रधान ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। आयोजन को लेकर बैंककर्मियों और अधिकारियों के अलावा आम लोगों में भी काफी उत्साह नजर आया।

# किट-टीबीआइ को वैश्विक मान्यता, मिला 'इनक्यूबेटर ऑफ द इयर 2023' पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट-टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर (किट-टीबीआइ), किट के इनोवेशन हब को थाइलैंड में एशियन एसोसिएशन ऑफ बिजनेस इनक्यूबेशन (एएबीआइ) द्वारा 'इनक्यूबेटर ऑफ द इयर 2023' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार किट-टीबीआइ के सीइओ और किट के महानिदेशक (आरएंडडी और इनोवेशन) डॉ मृत्युंजय सुआर ने प्राप्त किया। यह मान्यता प्रौद्योगिकी ऊष्मायन के क्षेत्र में किट-टीबीआइ की उत्कृष्ट उपलब्धियों का परिणाम है। आज तक किट-टीबीआइ ने जीवन विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, मेडटेक, डिजिटल स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा, एग्रीटेक, ग्रीन टेक, सामाजिक ऊष्मायन और विनिर्माण-केंद्रित ऊष्मायन सहित विभिन्न क्षेत्रों में चार सौ से अधिक स्टार्टअप का समर्थन किया है।

किट-टीबीआइ को भारत सरकार की डीएसटी-निधि योजना, डीबीटी-बीआइआरएसी, मैती-एमएसएच, एमएसएमइ, आइडेक्स (रक्षा मंत्रालय) जैसे विभिन्न फंडिंग एजेंसियों द्वारा समर्थित किया जाता है। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने किट-टीबीआइ को उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्वीकार किया है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के डीबीटी-बीआइआरएसी ने भारत के पूर्व और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में जैव-उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए किट-टीबीआइ में बीआइआरएसी क्षेत्रीय प्रौद्योगिकी संवर्धन केंद्र (बीआरटीसी) की स्थापना की है। किट-टीबीआइ को न केवल भारत वर्ष में शीर्ष इनक्यूबेटरों में से एक के रूप में मान्यता मिली है, बल्कि अब इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त है।

केआइआइटी और केआइएसएस के संस्थापक डॉ. अच्युता सामंत ने कहा, इनक्यूबेटर नयी ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है और प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेशन के लिए सबसे अनुकूल मॉडल में से एक बना रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय मान्यता हमें प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेशन में और भी बड़ी चीजें हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। डॉ सामंत ने इस मान्यता के लिए डॉ मृत्युंजय सुआर और केआइआइटी-टीबीआइ टीम को बधाई दी है।

## 'भारत आटा' ब्रांड गेहूं का आटा जारी करेगी सरकारी एजेंसियां

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार द्वारा नफेड, केंद्रीय भंडार, एनसीसीएफ के माध्यम से एफसीआइ से 2.5 एलएमटी गेहूं 21.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उतारने का निर्णय लिया गया है। ये एजेंसियां इस गेहूं को आटे में परिवर्तित करेंगी और इसे 'भारत आटा' ब्रांड के तहत जनता को अधिकतम 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम के मूल्य पर पेश की जायेगी, जो गेहूं की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए आटा मिलों/आटा चक्की/निर्माताओं के माध्यम से गेहूं उत्पादों/ प्रोसेसरों/ गेहूं के अंतिम उपयोगकर्ताओं को हर हफ्ते पहले से ही जारी 2.5 एलएमटी गेहूं के अलावा होगा। भारत ब्रांड का यह आटा इन एजेंसियों द्वारा मोबाइल वैन के माध्यम से खुले बाजार में भी बेचा जायेगा। केंद्र सरकार के पास उचित स्तर पर कीमतें स्थिर होने तक खुले बाजार में जारी करने के लिए ओडिशा सहित सभी राज्यों में गेहूं का पर्याप्त स्टॉक है। भारत सरकार खुले बाजार में आटा, मैदा, सूजी की कीमतों पर लगातार कड़ी नजर रख रही है और उच्चतम स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

## संबलपुर मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह में वॉकथॉन का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के अवसर पर पूर्वतट रेलवे संबलपुर मंडल ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता में जागरूकता फैलाने के लिए एक नवंबर 2023 को 'वॉकथॉन' का आयोजन किया। इस वॉकथॉन का मुख्य उद्देश्य सत्यनिष्ठा का संदेश फैलाना था, जो हमारी दुनिया के प्रत्येक कोने से भ्रष्टाचार उन्मूलन के माध्यम से एक बेहतर दुनिया का निर्माण करने का मूल मंत्र है। मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर विनीत सिंह के नेतृत्व में रेलवे स्टेडियम से रेल नगर गेट, संबलपुर तक वॉकथॉन का आयोजन किया गया । संबलपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर आनंद सिंह, सभी अधिकारियों और बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने इस वॉकथॉन में भाग लिया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्टूबर-2023 से पांच नवंबर 2023 तक मनाया जा रहा है।

# इंफोसिस फाउंडेशन और भारतीय विद्या भवन का सांस्कृतिक महोत्सव पांच से

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** इंफोसिस फाउंडेशन और भारतीय विद्या भवन भुवनेश्वर पांच से 11 नवंबर तक ओडिशा की समृद्ध और जीवंत सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। सप्ताह भर चलने वाले इस सांस्कृतिक उत्सव के साथ-साथ ओडिशा की खोयी हुई कला और विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए हर महीने के पहले और तीसरे सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। इस अवसर का जश्न मनाने के लिए, आर्ट-इन-एक्शन (कारीगरों की कार्यशालाएं) पांच नवंबर से 10 नवंबर तक रोजाना सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक आर्ट इन एक्शन, पोखरीपुट में और 11 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक, भवंस सेंटर फॉर कम्युनिकेशन एंड म्यानेजामेंट खारवेल नगर भुवनेश्वर में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर आयोजित होने वाली कारीगरों की कार्यशालाओं में पेंटिंग, प्रस्थर भास्कार्य, पीतल और बेल धातु शिल्प, टेराकोटा, डोकरा, रूपा तारकसी काम, एप्लिक काम और ओडिशा के अन्य हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया जायेगा। उद्घाटन सांस्कृतिक कार्यक्रम पांच नवंबर को जीकेसीएम ओडिसी रिसर्च सेंटर में होगा और छह नवंबर से 11 नवंबर तक हर शाम 6.30 बजे तक भंजकला मंडप में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। पूरा कार्यक्रम ओडिशा की लुप्त हो रही कलाकृतियों पर केंद्रित होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर 30 से अधिक कुशल कारीगर कार्यशालाओं में भाग लेंगे तथा चार सौ से अधिक कारीगर 30 कारीगर कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन में राज्य के अंदर और बाहर के कई मशहूर लोग शामिल होंगे। भारतीय विद्या भवन भुवनेश्वर, पीवीएसएम, यूइएसएम, एसएम, वीएसएम के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल जेके महांति सभी कार्यक्रमों की अध्यक्षता करेंगे।

# भारतीय रेलवे ने अक्टूबर 2023 तक 887.24 मीट्रिक टन माल की ढुलाई की

आजाद सिपाही संवाददाता

- माल ढुलाई में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 31.6 मीट्रिक टन की वृद्धि
- रेलवे ने अप्रैल-अक्टूबर 2023 के दौरान माल ढुलाई से 95929.30 करोड़ रुपये अर्जित किये
- पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में, माल ढुलाई आय में 3584.03 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गयी
- रेलवे ने अक्टूबर 2023 में 129.03 मिलियन टन की माल ढुलाई की
- पिछले वर्ष की इसी अवधि के लिए माल ढुलाई की तुलना में 8.47 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया गया

**भुवनेश्वर/ नयी दिल्ली।** अप्रैल-अक्टूबर 2023 से संचयी आधार पर भारतीय रेलवे द्वारा 887.25 मीट्रिक टन की माल ढुलाई हासिल की गयी, जबकि पिछले साल की माल ढुलाई 855.64 मीट्रिक टन थी। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 31.61 मीट्रिक टन का सुधार है। रेलवे ने पिछले वर्ष की तुलना में 92345.27 करोड़ रुपये की तुलना में 95929.30 करोड़ रुपये अर्जित किये हैं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 3584.03 करोड़ रुपये अधिक हैं। अक्टूबर 2023 के दौरान अक्टूबर 2022 में 118.95 मीट्रिक टन के लदान की तुलना में 129.03 मीट्रिक टन की प्रारंभिक माल ढुलाई की गयी, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 8.47 प्रतिशत का सुधार है। अक्टूबर 2022 में 13353.81 करोड़ रुपये की माल ढुलाई आय की तुलना में, अक्टूबर 2023 में 14231.05 करोड़ रुपये का माल ढुलाई राजस्व हासिल किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.57 प्रतिशत का सुधार है। भारतीय रेल ने अक्टूबर 2023 के दौरान कोयला 64.82 मिलियन टन, लौह अयस्क 14.81 मिलियन टन, कच्चा लोहा और फिनिश्ड स्टील 5.74 मिलियन टन, सीमेंट 6.32 मिलियन टन, क्लिंकर 4.77 मिलियन टन, खाद्यान्न 3.62 मिलियन टन, उर्वरक 5.72 मिलियन टन, खनिज तेल 4.35 मिलियन टन, कंटेनर 7.15 मिलियन टन और शेष अन्य वस्तुओं में 8.55 मिलियन टन माल ढुलाई की।

'हंगरी फॉर कार्गो' मंत्र का पालन करते हुए, भारतीय रेलवे ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा देने में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किया है। ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और चुस्त नीति निर्माण द्वारा समर्थित व्यवसाय विकास इकाइयों के काम ने रेलवे को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की ओर बढ़ने में मदद की।























| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**